3 राजधानी
यमुना खतरे के निशान से ऊपर

6 अभिमत
गुजरात में परिवर्तन की प्रक्रिया

11 विदेश
अमेरिकी चेतावनी का तुर्की पर असर नहीं

12 विविध
वैश्विक अनुभव पाने के लिए आवश्यक

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 9 अंक 316
नई दिल्ली, सोमवार, 27 सितम्बर, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

पायनियर

www.dailypioneer.com




सीनियर खिलाड़ी के तौर पर जिम्मेदारी लेना चाहती थी

स्पोर्ट्स-10

# चुनाव से ऐन पहले योगी कैबिनेट का विस्तार

● कांग्रेस छोड़कर आए जितिन प्रसाद सहित सात नए मंत्री बनाए गए

● पलटू राम, धर्मवीर प्रजापति, छत्रपाल गंगवार, संगीता बलवंत संजीव कुमार गोंड़ और दिनेश खटिक ने राज्य मंत्री के रूप में शपथ ली



लखनऊ में रविवार को शपथ लेने वाले सात नए मंत्रियों के साथ सामूहिक चित्र खिंचाते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उप्र** मंत्रिमंडल के बहुप्रतीक्षित विस्तार के तहत रविवार को कांग्रेस के पूर्व वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री रह चुके जितिन प्रसाद समेत सात मंत्रियों को शपथ दिलाई गई। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राजभवन के गांधी सभागार में आयोजित एक सादे समारोह में जितिन प्रसाद, पलटू राम, धर्मवीर प्रजापति, छत्रपाल गंगवार, संगीता बलवंत, संजीव कुमार गोंड़ और दिनेश खटिक को मंत्री पद की शपथ दिलाई।

प्रसाद को कैबिनेट मंत्री जबकि अन्य को राज्य मंत्री पद की शपथ दिलायी गयी। प्रदेश मंत्रिमंडल का विस्तार ऐसे समय किया गया है जब राज्य विधानसभा चुनाव में बमुश्किल पांच महीने रह गए हैं। छत्रपाल सिंह गंगवार बहेड़ी से विधायक हैं, बरेली क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते है। दो बार विधायक रहे हैं। पहली बार वर्ष 2007 और दूसरी बार मार्च 2017 में विधायक बने। रुहेलखंड में कुर्मियों को तरजीह देना भी बीजेपी का मकसद है और पूर्व सिंचाई मंत्री धर्मपाल व पूर्व वित्त मंत्री राजेश अग्रवाल के हटाए जाने के बाद रुलेहखंड में पिछड़ी जातियों को प्रतिनिधित्व नहीं मिल रहा था। दिनेश खटीक हस्तिनापुर मेरठ से विधायक है। पहली बार 2017 में विधायक बने, दिनेश के जरिए बीजेपी पश्चिमी यूपी में दलितों को संदेश देना चाहती है। खासतौर पर बसपा और आजाद समाज पार्टी का वर्चस्व कम करने की कोशिश भी है। मेरठ और आसपास के जिलों में खटीक समाज में अच्छी पकड़ है। पल्टूराम बलरामपुर से विधायक चुनकर आते है।

पहली बार विधायक चुने गए है और बीजेपी ने इन्हें दलित चेहरे के रूप में शामिल किए गए हैं। खासतौर पर देवीपाटन मंडल में दलितों को लुभाने का प्रयास भी है। संजय गौड़ ओबरा सोनभद्र से आते हैं और पहली बार विधायक बने है। वर्ष 1990 से संघ से जुड़ाव रहा है। भाजपा में सामान्य कार्यकर्ता रहे है। आदिवासी बहुल जिला सोनभद्र में आदिवासियों में अपनी पकड़ मज़बूत बनाये रखना भी बीजेपी का एक मकसद है। डॉ. संगीता बलवन्त गाजीपुर सदर से पहली बार विधायक बनी हैं। स्नातकोत्तर, बीएड, एलएलबी, पीएचडी डिग्री धारक हैं। अपने राजनीतिक सफर की शुरुआत संगीता ने 2002 में पीजी कालेज से छात्रसंघ उपाध्यक्ष बनकर की, 2005 में जमानियां से जिला पंचायत सदस्य रहीं, वर्ष 2017 में पहली बार गाजीपुर सदर विधानसभा क्षेत्र से विधायक बनी। पहले बसपा में थीं लेकिन 2014 लोकसभा चुनाव से भाजपा में सक्रिय रहीं। इसके बाद पार्टी ने 2017 में इन्हें सदर से टिकट दिया। संगीता बलवंत बिंद ओबीसी से आती हैं। गाजीपुर समेत पूर्वांचल में ये वोट बैंक काफी संख्या में है। उनमें सेंधमारी रोकने और प्रभाव बढ़ाने के लिए मंत्री बनाई गई। बिंद समाज में अच्छा असर ( शेष पेज 9 )

## चार नेताओं के नाम विधान परिषद के लिए भेजे गए

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश में सत्तारूढ़ भाजपा ने रविवार को हुए मंत्रिमंडल विस्तार में कैबिनेट मंत्री बनाए गए जितिन प्रसाद समेत चार नेताओं के नाम विधान परिषद सदस्य के तौर पर मनोनयन के लिए भेजे हैं। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक सरकार ने जितिन प्रसाद के साथ-साथ निषाद पार्टी के मुखिया संजय निषाद (गोरखपुर), चौधरी वीरेंद्र सिंह गुर्जर (शामली) तथा गोपाल अंजान भुर्जी (मुरादाबाद) के नाम विधान परिषद सदस्य के तौर पर मनोनीत किए जाने के लिए राजभवन भेजे हैं। प्रदेश की 100 सदस्ईय विधान परिषद में समाजवादी पार्टी के सबसे ज्यादा 48 सदस्य हैं। इसके अलावा भाजपा के 33, बसपा के छह, निर्दलीय चार, शिक्षक दल के दो तथा अपना दल और कांग्रेस का एक-एक ( शेष पेज 9 )

# पंजाब में कैबिनेट विस्तार, 15 नए मंत्री बने



चडीगढ़ में राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित, मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के साथ सामूहिक चित्र खिंचवाते नए मंत्रीगण

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

● मुख्यमंत्री चन्नी की टीम में सात नए चेहरे शामिल, आठ पुराने मंत्रियों पर भरोसा

**पंजाब** में मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी की सरकार का पहला कैबिनेट विस्तार रविवार को हो गया। इसमें 15 मंत्री बनाए गए हैं, जिनमें सात नए चेहरों को शामिल किया गया है। चन्नी कैबिनेट में अमरिंदर सरकार में मंत्री रहे आठ नेताओं पर भी भरोसा जताया गया है। दो महिलाएं अरुणा चौधरी और रजिया सुल्ताना भी मंत्री बनी हैं। मंत्री परिषद विस्तार में जातीय और चुनावी समीकरण को पूरी तरह ध्यान में रखा गया है।

राज्य में अगले पांच माह में विधानसभा चुनाव होंगे। चन्नी के मंत्रिपरिषद में रणदीप सिंह नाभा, राजकुमार वेरका, संगत सिंह गिलजियां, परगट सिंह, अमरिंदर सिंह राजा वडिंग और गुरकीरत सिंह कोटली नए चेहरे हैं। राणा गुरजीत सिंह ने 2018 में अमरिंदर सिंह के नेतृत्व वाले मंत्रिमंडल से इस्तीफा देने के बाद वापसी की है। पंजाब के राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित ने सभी मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। अमरिंदर सिंह के नेतृत्व वाले मंत्रिमंडल में मंत्री रहे ब्रह्म मोहिंद्रा, मनप्रीत सिंह बादल, तृप्त राजिंदर सिंह बाजवा, अरुणा चौधरी, सुखबिंदर सिंह सरकारिया, रजिया सुल्ताना, विजय इंदर सिंगला, भारत भूषण आशु को फिर से मंत्रिपरिषद में जगह दी गई है।

प्रदेश कांग्रेस प्रमुख नवजोत सिंह सिद्धू से लंबे समय तक टकराव के बाद अमरिंदर सिंह ने त्यागपत्र दे दिया था, जिसके बाद दलित समुदाय से आने वाले चन्नी ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। राणा गुरजीत सिंह, मोहिंद्रा और सिंगला अमरिंदर सिंह के करीबी माने जाते हैं। हालांकि, पार्टी में असंतोष अभी खत्म होता नहीं दिख रहा है। अमरिंदर सिंह के नेतृत्व वाली सरकार में मंत्री रहे राणा गुरमीत सिंह सोढ़ी, साधु सिंह धर्मसोत, बलबीर सिंह सिद्धू, गुरप्रीत सिंह कांगड़ और सुंदर शाम अरोड़ा को नए मंत्रिपरिषद में जगह नहीं मिली।

मंत्रियों के शपथ ग्रहण समारोह से कुछ घंटे पहले, बलबीर सिंह सिद्धू और गुरप्रीत सिंह कांगड़ ने संयुक्त रूप से संवाददाता सम्मेलन किया, जहां उन्होंने मंत्रिपरिषद में शामिल नहीं करने के फैसले पर सवाल उठाया। बलबीर सिद्धू ने भरे गले से पूछा कि उनका क्या कसूर है? जबकि कांगड़ ने भी यही सवाल किया। कांग्रेस के पंजाब प्रभारी हरीश रावत ने कहा कि जिन्हें मंत्रिपरिषद में जगह नहीं मिली है, उन्हें सरकारी संस्थाओं और ( शेष पेज 9 )

# नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन होंगे तेज, फंडिंग पर भी लगेगी रोक

● नक्सल प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ गृहमंत्री शाह की बैठक में बनी रणनीति

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह और नक्सल प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ रविवार को हुई उच्च स्तरीय बैठक में नक्सल विरोधी अभियानों को तेज करने और नक्सलियों को मिलने वाले धन को रोकने का निर्णय लिया गया। तीन घंटे की लंबी चली बैठक में छह राज्यों के मुख्यमंत्रियों और चार राज्यों के शीर्ष अधिकारियों के बीच प्रमुख माओवादियों के संगठनों के खिलाफ कार्रवाई, सुरक्षा की कमियों को दूर करने के साथ ही प्रवर्तन निदेशालय, राष्ट्रीय जांच एजेंसी और राज्य पुलिस द्वारा ठोस कार्रवाई पर भी चर्चा हुई। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि बैठक में शामिल होने वाले मुख्यमंत्रियों में नवीन पटनायक (ओडिशा), के चंद्रशेखर राव (तेलंगाना), नीतीश कुमार (बिहार), शिवराज सिंह चौहान (मध्य प्रदेश), उद्धव ठाकरे (महाराष्ट्र) और हेमंत सोरेन (झारखंड) शामिल थे।



नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में नक्सल प्रभावित राज्यों के साथ उच्चस्तरीय बैठक में भाग लेने पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल, आंध्र प्रदेश के सीएम वाई एस जगन मोहन रेड्डी और केरल के सीएम पिनाराई विजयन बैठक में शामिल नहीं हुए। उनकी जगह राज्य का प्रतिनिधित्व वरिष्ठ अधिकारियों ने किया। सूत्रों के अनुसार बैठक में मुख्य संगठनों के खिलाफ मामलों की केंद्रीकृत जांच व अभियोजन, प्रमुख संगठनों के खिलाफ कार्रवाई, राज्यों के बीच समन्वय, राज्य की खुफिया शाखाओं और राज्यों के विशेष बलों की क्षमता निर्माण, मजबूत पुलिस स्टेशनों का निर्माण अन्य मुद्दों पर चर्चा की ( शेष पेज 9 )

# कनाडा ने शर्तों के साथ आज से दी भारतीय उड़ानों को अनुमति

● अपने नागरिकों को पूर्वोत्तर राज्यों और जम्मू कश्मीर की यात्रा से बचने की सलाह भी दी

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली

**कनाडा** ने लगभग पांच महीने बाद रविवार को भारत से सीधी यात्री उड़ानों पर लगा प्रतिबंध हटा लिया है। एयर इंडिया और एयर कनाडा दोनों देशों के बीच अपनी उड़ानें संचालित करेंगी। साथ ही कनाडा ने अपने नागरिकों को सुरक्षा और सुरक्षा स्थितियों के कारण पूर्वोत्तर राज्यों विशेष रूप से असम और मणिपुर के कुछ हिस्सों में यात्रा करने से बचने की सलाह दी है। ट्रांसपोर्ट कनाडा ने शनिवार को ट्वीट कर जानकारी दी कि 27 सितंबर को स्थानीय समयानुसार 00:01 बजे (भारतीय समयानुसार सुबह के 9.30 बजे) से भारत से सीधी उड़ानें कनाडा आ सकती हैं। ट्वीट में यह भी कहा गया कि कोविड के मद्देनजर यात्रियों को अतिरिक्त स्वास्थ्य उपाय अपनाने होंगे। इसमें कहा गया है कि यात्रियों के पास कनाडा के लिए उनकी सीधी उड़ान के निर्धारित प्रस्थान के 18 घंटे के भीतर दिल्ली हवाई अड्डे पर अनुमोदित जेनेस्ट्रिंग प्रयोगशाला से कोविड-19 निगेटिव रिपोर्ट पेश करनी होगी। यात्रियों को बोर्डिंग से पहले इस प्रयोगशाला द्वारा क्यूआर कोड के साथ दी गई जांच रिपोर्ट एयर ऑपरेटर को देनी होगी। जो लोग पहले कोरोना की चपेट में आ चुके हैं, वे किसी प्रमाणित प्रयोगशाला द्वारा जारी पॉजिटिव मॉलक्यूलर टेस्ट रिपोर्ट दे सकते हैं। नमूने लेने की तारीख उनके कनाडा जाने के निर्धारित प्रस्थान से 14 से 180 दिनों के बीच होनी चाहिए। कनाडा ने अपने नागरिकों को भी पूर्वोत्तर राज्यों के कुछ हिस्सों, जम्मू-कश्मीर और सीमावर्ती इलाकों में भारत-पाकिस्तान की यात्रा करने से बचने की सलाह दी है। अप्रत्याशित सुरक्षा स्थिति के कारण केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर की यात्रा से बचने को कहा गया है।

# तीन कृषि कानूनों की बरसी पर किसानों का भारत बंद आज

● कांग्रेस, आप, टीडीपी, शिवसेना, एनसीपी, टीएमसी, आरजेडी समेत कई अन्य दलों ने दिया समर्थन

● सुबह 6 से शाम 4 बजे तक रहेगा बंद, आपातकालीन प्रतिष्ठान व सेवाएं चालू रहेंगी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**तीन** विवादास्पद कृषि कानूनों को राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने की पहली वर्षगांठ पर किसानों ने सोमवार को 10 घंटे के भारत बंद का ऐलान किया है। धरना प्रदर्शन कर रहे किसानों के संयुक्त संगठन संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने देश की जनता से देशव्यापी हड़ताल में शामिल होने की अपील की है। बंद का आयोजन 6 बजे से शाम 4 बजे तक किया जाएगा। भारत बंद से कुछ राज्यों में सार्वजनिक परिवहन प्रभावित होने की संभावना है। भारत बंद का समर्थन कांग्रेस, आम आदमी पार्टी (आप), तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी), शिवसेना, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी), तृणमूल कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल, समाजवादी पार्टी (सपा), राष्ट्रीय लोक दल (रालोद), वाईएस जगन मोहन रेड्डी के नेतृत्व वाली आंध्र प्रदेश सरकार, एमके स्टालिन के नेतृत्व वाली तमिलनाडु सरकार और केरल की पी विजयन के नेतृत्व वाली सरकार ने भी किया है। केरल के सत्तारूढ़ एलडीएफ ने किसानों के साथ एकजुटता दिखाते हुए 27 सितंबर को राज्यव्यापी बंद का आह्वान किया है। वामपंथी दल पहले से ही भारत बंद के लिए आपना समर्थन दे चुकी है। किसानों ने मजदूरों, व्यापारियों, ट्रांसपोर्टरों, व्यापारियों, छात्रों, युवाओं और महिलाओं समेत सभी संगठनों व सभी सामाजिक संस्थाओं से किसानों के साथ एकजुटता बढ़ाने व भारत बंद को सफल बनाने की अपील की है। एसकेएम ने एक बयान में कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के सभी कार्यालयों, बाजारों, दुकानों, कारखानों, स्कूलों, कॉलेजों और अन्य शैक्षणिक संस्थानों को काम नहीं करने दिया जाएगा। सड़कों पर सार्वजनिक और निजी वाहनों के चलने की अनुमति नहीं होगी। किसी भी सार्वजनिक ( शेष पेज 9 )

## दिल्ली में बंद नहीं, लेकिन पुलिस चौकन्नी

**नई दिल्ली।** भारत बंद के मद्देनजर दिल्ली-एनसीआर की सीमाओं पर सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त किए गए हैं। दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शहर की सीमाओं पर तीन जगह प्रदर्शन कर रहे किसानों में से किसी को दिल्ली में दाखिल नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली में भारत बंद का कोई आह्वान नहीं है, लेकिन पुलिस घटनाक्रम को लेकर पूरी तरह चौकन्नी है। बंद में राजधानी के ऑटो-टैक्सी चालक भी शामिल नहीं होंगे।

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 60,048 | |
| निफ्टी | 17,853 | |
| सोना | 45,141 | /10g |
| चांदी | 59,429 | /kg |

## क्विक न्यूज

### अवैध धर्मांतरण मामले में तीन और गिरफ्तार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) ने कथित अवैध धर्मांतरण मामले में और तीन लोगों को रविवार को गिरफ्तार किया। एटीएस द्वारा जारी बयान के मुताबिक, अवैध धर्मांतरण का देशव्यापी गिरोह संचालित करने और धर्म परिवर्तन के लिए विदेश से हवाला के जरिए वित्त पोषण करने के आरोप में मुजफ्फरनगर निवासियों मोहम्मद इदरीस और मोहम्मद सलीम तथा महाराष्ट्र के नासिक जिला निवासी कुणाल अशोक चौधरी उर्फ आतिफ को गिरफ्तार किया गया है। गौरतलब है कि एटीएस ने 20 जून को कथित अवैध धर्मांतरण गिरोह संचालित करने के आरोप में मौलाना उमर गौतम समेत कई लोगों को गिरफ्तार किया था। इसी सिलसिले में 21 सितंबर को मेरठ से मौलाना कलीम सिद्दीकी को भी गिरफ्तार किया गया।

# सीमा प्रबंधन को लेकर भ्रम न फैलाए, शांति कायम करे चीन

भारत की दो टूक

**भाषा।** बीजिंग

**भारत** ने चीन से गोलपोस्ट न बदलने और सीमा मामलों के प्रबंधन में भ्रम पैदा न करने तथा सीमा के सवाल को हल करने के वृहद मुद्दे के साथ सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति बहाल करने को कहा है। पिछले साल मई में पूर्वी लद्दाख में पैदा हुए गतिरोध के बाद भारत लगातार कहता रहा है कि सीमावर्ती इलाकों में शांति दोनों देशों के संबंधों के संपूर्ण विकास के लिए आवश्यक है। चीन में भारत के राजदूत विक्रम मिसरी ने 23 सितंबर को चीन-भारत संबंधों पर चौथे उच्च स्तरीय ट्रैक-2 संवाद में कहा कि पड़ोसी होने के अलावा भारत और चीन बड़ी और उभरती अर्थव्यवस्थाएं हैं एवं मतभेद तथा समस्याएं होना असामान्य नहीं है।



मिसरी ने कहा, महत्वपूर्ण सवाल यह है कि इनसे कैसे निपटा जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि हमारी सीमाओं पर शांति बनाए रखने के लिए नतीजे तार्किकता, परिपक्वता और सम्मान पर आधारित हो। मिसरी के अलावा भारत में चीन के राजदूत सुन वीदोन्ग ने भी बैठक में भाग लिया। पूर्वी लद्दाख में गतिरोध को हल करने के लिए दोनों पक्षों के शीर्ष सैन्य अधिकारियों और विदेश मंत्री एस जयशंकर तथा उनके चीनी समकक्ष वांग ई के बीच कई दौर की बैठकों समेत पिछले साल से लेकर अब तक दोनों देशों द्वारा किए गए बहुआयामी संवाद का जिक्र करते हुए मिसरी ने कहा, इन बैठकों से जमीनी तौर पर अच्छी-खासी प्रगति हुई।

उन्होंने कहा, पिछले साल जुलाई में गलवान घाटी में सेना हटाने के बाद से दोनों पक्ष फरवरी 2021 में पैंगोंग झील के उत्तरी और दक्षिण किनारों तथा हाल में अगस्त 2021 में गोगरा से सेना हटा पाए। उन्होंने कहा, बाकी के स्थानों के संबंध में दोनों देशों के बीच बातचीत चल रही है और हम उम्मीद करते हैं कि बाकी के टकराव वाले इलाकों में सेना हटाने से हम ऐसी स्थिति में पहुंच जाएंगे जहां हम द्विपक्षीय सहयोग ( शेष पेज 9 )

# सुरक्षा बलों ने दो आतंकवादी किए ढेर

**पायनियर समाचार सेवा।** श्रीनगर

**जम्मू** कश्मीर के बांदीपुरा जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में रविवार को दो आतंकवादी मारे गए जो पिछले साल भारतीय जनता पार्टी के नेता वसीम बारी और उनके परिवार के दो सदस्यों की हत्या में शामिल थे। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि उत्तरी कश्मीर में बांदीपुरा के वतरीना इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने 14 राष्ट्रीय राइफल्स और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के साथ मिलकर इलाके की घेराबंदी की और तलाशी अभियान चलाया। उन्होंने बताया कि तलाशी अभियान के दौरान तब मुठभेड़ शुरू हो गई जब आतंकवादियों ने आत्मसमर्पण के लिए दिए गए अनेक मौकों पर ध्यान नहीं देते हुए सुरक्षा बलों पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं जिसके बाद बलों ने भी जवाबी कार्वाई की। अधिकारी ने कहा, मुठभेड़ में ( शेष पेज 9 )

# न्यायपालिका में शामिल हों 50% महिलाएं

● प्रधान न्यायाधीश एनवी रमण ने कहा, देश के सभी विधि संस्थानों में भी लागू हो यही व्यवस्था

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत** के प्रधान न्यायाधीश एनवी रमण ने रविवार को महिला वकीलों का आह्वान किया कि वे न्यायपालिका में 50 प्रतिशत आरक्षण के लिए जोरदार तरीके से मांग उठाएं। प्रधान न्यायाधीश ने इस मांग को अपना पूरा समर्थन जताते हुए कहा, मैं नहीं चाहता कि आप रोएं, बल्कि आपको गुस्से के साथ चिल्लाना होगा और मांग करनी होगी कि हम 50 प्रतिशत आरक्षण चाहती हैं।

उन्होंने कहा कि यह हजारों सालों के दमन का विषय है और महिलाओं को आरक्षण का अधिकार है। न्यायमूर्ति रमण ने कहा, यह अधिकार का विषय है, दया का नहीं। उन्होंने कहा, मैं देश के सभी विधि संस्थानों में महिलाओं के लिए एक निश्चित प्रतिशत आरक्षण की मांग की पुरजोर सिफारिश और समर्थन करता हूं ताकि वे न्यायपालिका में शामिल हो सकें। उच्चतम न्यायालय की महिला अधिवक्ताओं द्वारा तीन महिला न्यायाधीशों समेत नव नियुक्त नौ न्यायाधीशों के सम्मान में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए प्रधान न्यायाधीश ने कहा, आप सब हंस रही हैं। मैं भी यही चाहता हूं कि आपको रोना नहीं पड़े, बल्कि आप गुस्से के साथ चिल्लाएं और मांग उठाएं कि हमें 50 प्रतिशत आरक्षण चाहिए। यह छोटा मुद्दा नहीं है बल्कि हजारों सालों के दमन का विषय है।



यह उचित समय है जब न्यायपालिका में महिलाओं का 50 प्रतिशत प्रतिनिधित्व होना चाहिए। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य की बात है कि कुछ चीजें बहुत देरी से आकार लेती हैं और इस लक्ष्य की प्राप्ति होने पर उन्हें बहुत खुशी होगी। न्यायमूर्ति रमण ने कहा कि लोग अक्सर बड़ी आसानी से कह देते हैं कि 50 प्रतिशत आरक्षण मुश्किल है क्योंकि महिलाओं की अनेक समस्याएं होती हैं लेकिन यह सही नहीं है। उन्होंने कहा, मैं मानता हूं कि असहज माहौल है, बुनियादी सुविधाओं की कमी है, खचाखच भरे अदालत कक्ष हैं, प्रसाधन गृहों की कमी है, बैठने की जगह कम है। जो कुछ बड़े मुद्दे हैं।

# सम्राट मिहिर भोज पर बढ़ा विवाद, राजनीति गरमाई

## प्रतिमा को गंगाजल से धोने का किया ऐलान, पंचायत में गुर्जर शब्द जोड़ने का लिया गया फैसला

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा


पंचायत में पहुंचे गुर्जर समाज के लोग। फोटोः दीपक यादव


नेताओं को धरने से उठाती नोएडा पुलिस।

● कानून व्यवस्था को लेकर पुलिस ने कई नेताओं को हिरासत में लिया

ग्रेटर नोएडा के दादरी में सम्राट मिहिर भोज को लेकर शुरू हुआ विवाद राजनीतिक रंग लेता जा रहा है। मामले पर गुर्जर समाज की पंचायत हुई। कानून-व्यवस्था को देखते हुए नोएडा पुलिस ने बड़ी संख्या में नेताओं और लोगों को हिरासत में लिया है, हालांकि हिरासत में लिए गए गुर्जर नेताओं ने पुलिस लाइन में ही पंचायत की और तीन महत्वपूर्ण प्रस्ताव पास किए। इसमें कहा गया है कि आगामी विधानसभा चुनाव में गुर्जर समाज भाजपा का बहिष्कार करेगा। दादरी में गुर्जर सम्राट लिखा नया शिलापट्ट लगाया जाएगा।

पंचायत में सर्वसम्मति से 51 सदस्यीय गुर्जर स्वाभिमान समिति का गठन किया गया। यह आगे के आंदोलन का संचालन करेगी। सम्राट मिहिर भोज के नाम के आगे गुर्जर लिखने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। गुर्जर समुदाय मिहिर भोज के आगे गुर्जर सम्राट लिखने के लिए आंदोलन करने जा रहा था। हालांकि एहतियात बरतते हुए पुलिस ने बड़े स्तर पर नेताओं को हिरासत में लिया है, लेकिन पुलिस लाइन में ही राष्ट्रीय गुर्जर समन्वय समिति के अध्यक्ष अंतराम तंवर की अध्यक्षता में समुदाय ने तीन प्रस्ताव पास किए। इसमें एक प्रस्ताव भारतीय जनता पार्टी के लिए बेहद नुकसानदेह होगा। साथ ही गुर्जरों के स्वाभिमान की लड़ाई लड़ने के लिए 51 सदस्यों वाली गुर्जर स्वाभिमान समिति का गठन किया गया है। यह समिति अब से इस समाज से जुड़े विषयों को संभालेगी। संगठन ने कहा है कि आगामी विधानसभा चुनाव में पूरे प्रदेश में गुर्जर समाज भारतीय जनता पार्टी का बहिष्कार करेगा। इस मामले को लेकर समुदाय के लोग एकजुट हैं।

पंचायत में तय हुआ कि दादरी में सम्राट मिहिर भोज की प्रतिमा स्थल पर एक नया शिलापट्ट लगाया जाएगा। इस पर गुर्जर सम्राट लिखा जाएगा। हालांकि समिति ने कहा है कि जिला प्रशासन स्वयं नया सिलावट लगवाए। नहीं तो गुर्जर समाज इसे लगवा लेगा।

साथ ही अनावरण की गई सम्राट मिहिर भोज की प्रतिमा को गंगाजल से धोकर पवित्र किया जाएगा। पुलिस लाइन में मौजूद सभी लोगों ने इन तीनों प्रस्ताव को सहमति दी है। इन फैसलों के बाद माना जा रहा है कि आगामी विधानसभा चुनाव में भारतीयजनता पार्टी को गुर्जर समुदाय का वोट नहीं मिलेगा। ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा 22 सितंबर को दादरी के मिहिर भोज पीजी कॉलेज में सम्राट मिहिर भोज की प्रतिमा के अनावरण के दौरान शिलापट्ट से गुर्जर शब्द हटाने को लेकर गुर्जर समाज के लोग विरोध में उतर आए। दादरी के मिहिर भोज पीजी कॉलेज में सम्राट मिहिर भोज की प्रतिमा के अनावरण को लेकर गुर्जर और राजपूत (क्षत्रिय) समाज आमने सामने थे। हालांकि, सीएम के दौरे से पहले दोनों समुदाय के प्रतिनिधियों ने विवाद खत्म कर दिया था।

### मर्यादा भूले बसपा नेता बिजेंद्र भाटी

*पंचायत में गौतमबुद्ध नगर जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष और फिलहाल बसपा नेता बिजेंद्र सिंह भाटी ऐसे भड़के कि भाषा की मर्यादा तक भूल गए। उन्होंने भाजपा नेताओं को गद्दार करार दिया। आपको बता दें, 22 सितम्बर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दादरी में सम्राट मिहिर भोज की प्रतिमा के अनावरण किया था।*

### अनुमति नहीं थी, जिले में धारा 144 लागूः आयुक्त

अपर पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था) लव कुमार ने बताया कि गुर्जर समाज के लोगों ने मिहिर भोज पीजी कॉलेज में महापंचायत की अनुमति मांगी थी लेकिन कानून व्यवस्था की स्थिति को देखते हुए इसकी अनुमति नहीं दी गई। गुर्जर समाज के लोग बिना अनुमति की महापंचायत कर रहे थे, जबकि जिले में धारा 144 लागू है।

### समर्थन देने पहुंचे भाजपा विधायक अवतार भड़ाना

मीरापुर विधानसभा सीट से भाजपा विधायक अवतार सिंह भड़ाना भी दादरी पहुंचे, लेकिन पुलिस ने उन्हें पंचायत स्थल से पहले ही रोक लिया, जिसके बाद वह पैदल ही पंचायत स्थल की तरफ चल दिए। आखिरकार पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। हालांकि, बाद में उन्हें छोड़ दिया गया और वह चिटैहरा गांव में महापंचायत स्थल पहुंच गए हैं।

## स्वास्थ्य राज्यमंत्री ने किया सड़क निर्माण का शुभारंभ

**गाजियाबाद।** प्रताप विहार वार्ड 55 ए ब्लाक में इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण का कार्य शुरू हो गया है। स्वास्थ्य राज्यमंत्री अतुल गर्ग की विधायक निधि से इस सड़क का निर्माण किया जाएगा।

मंत्री प्रतिनिधि राजेन्द्र मित्तल मेंदी वाले, भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के महानगर सयोजक अनुज मित्तल ने विधिवत नारियल फोड़ कर आठ लाख रुपये के कार्य का शुभारम्भ किया। राजेन्द्र मित्तल ने कहा कि राज्य मंत्री अतुल गर्ग सभी का एकसमान ध्यान रखते है, आवश्यकता के वरीयता क्रम में विकास कार्य किये जा रहे हैं। मंत्री ने जनता की पेय जल की समस्या के निदान के लिए 5 टंकियों का निर्माण कराया।

## नोएडा प्राधिकरण ने सुविधाएं और निवेश बढ़ाने की बनाई योजना

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा शहर को संवारने और अत्याधुनिक बनाने के लिए प्राधिकरण ने बोर्ड बैठक में 11 महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं। इसमें शहर में सड़क से लेकर रोजगार, बिजली और औद्योगिक विकास पर बल दिया गया है। शनिवार को प्राधिकरण की 123वीं बोर्ड बैठक हुई थी।

बैठक में शहर में साफ-सफई को भी बल देने के लिए प्लान बनाया गया। डाटा सेंटर में निवेश को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार की नीतियों को लागू करने का फैसला हुआ। इस बैठक में औद्योगिक विकास विभाग के प्रमुख सचिव अरविंद कुमार ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ नरेंद्र भूषण नोएडा प्राधिकरण की मुख्य कार्यपालक अधिकारी ऋतु महेश्वरी यीडा के सीईओ डॉ अरुणवीर सिंह ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ दीपचंद्र व एसीईओ अमनदीप डुली व शासन से अन्य अधिकारी व प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

आईआईटीजीएनएल की महत्वपूर्ण परियोजना मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट हब और मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक हब की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार हो गई है।

## न जाने कौन भागीरथ ग्रेनो लाएगा गंगाजल

● फिर बढ़ी डेट लाइन, तीन माह का विस्तार

**पायनियर सामचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा के निवासियों को इस साल के अंत तक गंगाजल की आपूर्ति हो सकती है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की बोर्ड बैठक में 85 क्यूसेक गंगाजल प्रोजेक्ट की समीक्षा की गई। इसके बाद बोर्ड ने इस महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट को अगले तीन महीने में पूर्ण करने का आदेश दिया। बोर्ड ने कहा है कि अगली बैठक में इसकी रिपोर्ट भी पेश की जाए। इससे पहले प्राधिकरण गंगाजल की सप्लाई इसी साल अप्रैल-मई में शुरू करने वाला था। मगर कोरोना वायरस और दूसरी वजहों से काम ठप पड़ गया।

अब सेकेंड वेव का खतरा कम होने के बाद प्राधिकरण इस प्रोजेक्ट को फिर से युद्धस्तर पर शुरू करेगा। ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण की बोर्ड बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता नोएडा-ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के चेयरमैन संजीव मित्तल ने की।

बैठक में अफसरों ने बताया कि ग्रेटर नोएडा में 85 क्यूसेक गंगाजल पहुंचाने की परियोजना पर तेजी से काम चल रहा है। इसकी लागत करीब 800 करोड़ रुपये है। ऊपरी गंग नहर से गंगाजल ग्रेटर नोएडा आएगा। देहरा में यह पानी शोधित होगा। वहां पर 210 एमएलडी का जल शोधन यंत्र लगाया गया है।

अगले तीन माह में गंगाजल ग्रेटर नोएडा पहुंचने का अनुमान है। यह प्रदेश की दूसरी सबसे बड़ी गंगाजल परियोजना है।

इससे ग्रेटर नोएडा ईस्ट व ग्रेनो वेस्ट के लाखों निवासियों को बड़ा लाभ मिलेगा। बताते चलें कि ग्रेटर नोएडा के निवासी करीब 10 साल से गंगाजल आपूर्ति का इंतजार कर रहे हैं। 85 क्यूसेक पानी के इस प्रोजेक्ट पर अगस्त, 2010 में काम शुरू हुआ था लेकिन किसी न किसी कारण यह लटकता रहा है।

## संक्षिप्त समाचार


मुख्य अतिथि संग पुरस्कार पाने वाले विजेता खिलाड़ी और अन्य स्टाफ।

### जिला कैरम प्रतियोगिता में अमरीश व संध्या बने विजेता

**गाजियाबाद।** होली चाइल्ड हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर में दो दिवसीय जिला कैरम प्रतियोगिता संपन्न हो गई। प्रतियोगिता में बालक वर्ग में अमरीश ने अविचल को 13-6 से हराकर विजेता बने। तृतीय व चतुर्थ स्थान पर क्रमशः अनमोल व अर्पित रहे जबकि बालिका वर्ग में संध्या ने मानसी को विजेता बनीं। हिमांशी और रंजना क्रमश तृतीय और चतुर्थ स्थान पर रही। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार ट्रस्ट के अध्यक्ष वीर सिंह त्यागी ने सभी विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए। इस अवसर पर डॉक्टर रिचा सूद, सिस्टर सुजाता, सिस्टर राज नाडा, डॉ ललित भूषण, देवेंद्र कुमार, योगेश कुमार ,नीरज कुमार, भूषण कुमार, जय श्री आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे। मंच का संचालन डॉक्टर प्रवीण कुमार ने किया। जिला कैरम एसोसिएशन के जिला सचिव प्रवीण कुमार ने घोषणा की कि आगामी ओपन चैंपियनशिप अक्टूबर माह में कराई जाएगी।

### सुधीर सिंह के पैनल ने जीता आरडब्ल्यूए का चुनाव

**नोएडा।** सेक्टर-34 के अरावली अपार्टमेंट आरडब्ल्यूए का चुनाव रविवार को हुआ है। परिणाम घोषित कर दिया गया है। सुधीर सिंह ने अध्यक्ष पद पर जीत हासिल की है। उनके पैनल के सभी प्रत्याशी जीते हैं। यह चुनाव सरंक्षक पवन शर्मा चुनाव अधिकारी अजय अवस्थी वोटिंग एजेंट केके जुल्का और मनोज रावत की देखरेख में हुआ। पवन शर्मा ने बताया कि चुनाव में सुधीर सिंह पैनल के सभी पदाधिकारियों को निवासियों ने जीत का सेहरा पहनाया है। अध्यक्ष पद पर सुधीर सिंह ने अनिल गुप्ता को 110 वोट से हराया है। उपाध्यक्ष पद पर संजय बिस्वास ने साधना आर्या को 38 वोटों से हराया है। महासचिव पद पर जगदीश जोशी ने ऋषिपाल को 115 वोटों से शिकस्त दी है। इसी तरह संयुक्त सचिव पद पर एसएस पिल्लई को 94 वोट से विजय मिली है। पवन शर्मा ने बताया कि आरडब्ल्यूए के कोषाध्यक्ष पद पर दिलीप रावत ने दीपक शर्मा को 94 वोटों से हराया है। सफल चुनाव कराने के लिए सरंक्षक पवन शर्मा ने सभी निवासियों का आभार व्यक्त किया। चुनाव लडे सभी प्रत्याशियों से आने वाले समय मे मिलकर काम करने की अपील कक। सेक्टर-34 आरडब्लयूए की फेडरेशन के अध्यक्ष केके जैन और महासचिव धर्मेंद्र शर्मा भी ऑब्जर्वर के रूप में उपस्थित रहे।

### पंडित दीनदयाल की जयंती पर दी श्रद्धांजलि



**गाजियाबाद।** महान विचारक महान विचारक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर आज जगह-जगह श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। अर्जुन नगर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर राज्यमंत्री अतुल गर्ग ने श्रद्धांजलि देते हुए अपने विचार भी रखे। राज्यमंत्री अतुल गर्ग ने कहा कि भाजपा पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों पर कार्य करती है। इस अवसर पर राजेन्द्र मित्तल मेंदी वाले, अनुज मित्तल, ओ पी अग्रवाल, नवनीत गुप्ता, पार्षद राजेश शर्मा, कलवा कश्यप, अनिल कौशिक, करमवीर नागर, संजीव शर्मा, गौरव कौशिक, रिंकू, रविन्द्र मेहरा, राकेश शर्मा, रजनीश बंसल, राधे श्याम गुप्ता, राजू छाबड़ा, सुनील चाचा, निधि चौधरी, दयानन्द बंसल, सुनील प्रताप सिंह, विपुल अग्रवाल, श्री कांत पाल, अजित गौतम, गौरव चौधरी, योगेश कसाना व मंत्री मीडिया प्रभारी नीरज गोयल मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### वसुंधरा में निशुल्क कोविड टीकाकरण शिविर आज

**गाजियाबाद।** कोरोना महामारी से लोगों को बचाने के लिए गाजियाबाद के वसुंधरा निशुल्क टीकाकरण शिविर का सोमवार 27 सितंबर को आयोजन किया जा रहा है। वसुंधरा के वार्ड नंबर 74 की पार्षद आशा नरेश भाटी ने बताया कि वसुंधरा के सैक्टर 15 स्थित सुनेजा पब्लिक स्कूल में जनता के लिए निशुल्क कोविड टीकाकरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में प्रातः 8.30 बजे से दोपहर 2 बजे तक 18 साल से अधिक उम्र तक के लोग कोविड वैक्सीन लगवा सकते हैं। इसके लिए लाभार्थी को साथ में आधार कार्ड लाना होगा।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

LOST & FOUND

I, Aarfa Khatoon D/O. Mr. Abdul Moid Khan would like to inform the general public that I have lost/ misplaced my real sister Asma Khan's Original Share Certificate number 322 issued by Shahjahanabad Group Housing Society Ltd., New Delhi. If anyone finds it, kindly contact me at 9911124540.

PD(9084)A

## मीडिया कर्मी बनकर वसूली करने वाले गिरफ्तार

● झूठी करवेज की धमकी देकर मांगे थे तीन लाख रुपे

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

मसूरी थाना क्षेत्र स्थित डासना इलाके में पेंट की दुकान पर एशियन पेंट को नकली बताकर तीन लाख की रंगदारी मांगने वाले 4 बदमाशों को मसूरी पुलिस ने गिरफ्तार करने का दावा किया है जबकि इनमें से तीन अभियुक्त अभी भी फरार है।

पुलिस अधीक्षक देहाती डॉक्टर ईरज राजा ने बताया कि यह लोग 45 हजार दुकानदार से मौके पर ही वसूल चुके थे। शेष रकम बाद में पहुंचाने के लिए यह धमकी देकर चले गए थे कि यदि समय पर पैसा नहीं पहुंचाया तो उनके खिलाफ खबर चलाने की कार्रवाई की जाएगी।

गिरफ्तार किए गए आरोपियों में मनीष कुमार, अंकुर, पवन और मोहम्मद अली है इनके कब्जे से नकदी, घटना में प्रयुक्त सिलेरियो कार व मीडिया से संबंधित परिचय पत्र भी इन से बरामद किए गए हैं ।

यह सभी अपने आप को पत्रकार बताते थे और खबर चलाने की धमकी देकर पैसा वसूलते थे। उन्होंने बताया कि जो तीन अन्य अभियुक्त फरार हैं उनमें अमरपाल, नसीम सैफ व कपिल इनकी तलाश की जा रही है।

गिरफ्तार आरोपियों में अंकुर दिल्ली पुलिस होमगार्ड में तैनात है। पीड़ित दुकानदार का नाम नदीम पुत्र जमालुद्दीन निवासी डासना मसूरी गाजियाबाद है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

ICICI Bank

**शाखा कार्यालयः** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर -23, शाल टॉवर, तीसरी मंजिल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**सार्वजनिक सूचना - संरक्षित संपत्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-नीलामी**

नियम 8 (6) का परंतुक देखें,

अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

अचल संपत्तियों के विक्रय के लिये ई-नीलामी विक्रय सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पूनः निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहठित प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन नियम, 2002 की धारा 8(6) के साथ अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है ।

सर्वजन तथा व्यक्तिगत रुप से कर्जदार एवं जमानतदार को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शायी गई अचल संपत्ति के संरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/ अधिभारित है उनका भौतिक अधिग्रहण आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) के प्राधिकृरित अधिकारी द्वारा कर लिया गया है एंव दर्शाये विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहॉ है, जैसी है" एवं जैसी है, वैसी है " एवं जिस भी स्थिीत में है " के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिये प्रस्ताव आमंत्रित किये जा रहे है :-

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/ सह-कर्जदारों/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि (रू. में) | सुरक्षित मूल्य (रू. में) / धरोहर राशि जमा (रू. में) | सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | संगीता डे (कर्जदार), सगोरिका डे, सुरंजन डे (सह-कर्जदार) LBFDB00002417371, LBDEL00002417814 | फ्लैट नंबर टी2/1601, 16वीं मंजिल, सनवर्ल्ड अरिस्टा, जीएच 01/सी, सेक्टर 168, नोएडा, यूपी. क्षेत्र 3500 वर्ग फीट | रू. 2,28,01,495.8/- (सितम्बर 14, 2021 तक) | रू. 1,48,00,000/- / रू. 14,80,000/- | अक्टूबर 04, 2021 को सु. 11:00 बजे से दो. 02:00 बजे तक | अक्टुबर 27,2021 सु. 11:00 बजे से दो. 01:00 बजे तक |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी संस्था मैसर्स नेक्सजेन सॉल्युशन्स प्राइवेट लिमिटेड की, वेबसाइट **(URL Link https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी । बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं कों **अक्टुबर 26, 2021** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अतिंम अवसर दिया जाता है, जिससे विफल रहने पर यह संरक्षित सम्पतियों की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी **ई** संदर्भ करें) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर -23, शाल टॉवर, तीसरी मंजिल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005** में जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावति की स्कैन इमेज सहित दिनांक- **अक्टुबर 26, 2021** तक **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा करे। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर -23, शाल टॉवर, तीसरी मंजिल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005** में निविदा प्रलेखों की हस्तांक्षरित प्रति को दिनांक **अक्टुबर 26, 2021** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं । बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट पे आर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैड्यूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** के पक्ष में **दिल्ली** शाखा में भुगतान हेतु होना चाहिए।

सम्पति अवलोकन, नीलामी के नियम एवं शर्तो तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** को फोन नंबर **9372730494** या मैसर्स **नेक्सजेन साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** को फोन नंबर **9710029933/ 9810029926/ 01244233933** पर संपर्क करे।

कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसिया **1. नेक्सजेन साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड 2. ओजीओ असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड** इस सम्पति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न है।

प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाये किसी एक अथवा अधिक निविदा अथवा बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते है।

बिक्री की विस्तृत नियमो एवं शर्तो हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करे ।

तिथि : सितम्बर 27, 2021
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that I, Smt. Vibha Singla W/o. Shri Rajinder Mittal, Cont. 9891371534, Email: sg.india@gmail.com, R/o & Prop No. Plot No. 88, Pocket-10, Sector-20, Rohini, Delhi. has applied for the conversion of aforesaid property. The documents like original Demand Letter, Possession Letter, Site Possession Slip, Perpetual Lease Deed, Bank Challan issued by DDA, of aforesaid property have been lost. An F.I.R to this effect has been lodged in police station on dated 23/09/2021. Any person(s) claiming any right, having any objection or found in possession of original document may write/contact with above named person at above address within 15 days from the date of publication of this notice and can personally contact- Deputy Director (LAB/ Rohini) C - Block 3rd Floor Vikas Sadan, INA, New Delhi

**खोया-पाया**

लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड, मुंबई के खोए हुए शेयर प्रमाणपत्रों के संबंध में सूचना

मैं, राजन मेयर निवासी डी-2 अंसल विला, सतबारी, नई दिल्ली - 110074, उपरोक्त कंपनी के शेयरों के पंजीकृत धारक, एतद्वारा नोटिस देता हूं कि उक्त शेयरों के संबंध में शेयर प्रमाण पत्र मेरे द्वारा अप्राप्य/ खो गया है और मैंने डुप्लीकेट प्रमाण पत्र जारी करने के लिए कंपनी को आवेदन किया है। उक्त शेयरों के संबंध में दावा करने वाले किसी भी व्यक्ति को इस तिथि से 15 दिनों के भीतर कंपनी के साथ ऐसे दावे दर्ज करने चाहिए, अन्यथा कंपनी डुप्लीकेट प्रमाण पत्र जारी करने के लिए आगे बढ़ेगी और उसके बाद कंपनी द्वारा किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा। दिल्ली पुलिस के साथ प्राथमिकी एलआर संख्याः 746566/2021 दिनांक 25.09.2021 के तहत दर्ज की गई है।

**फोलियो नंबरः 04099117**
**शेयर प्रमाणपत्र संख्याः198786 और 326216**
**विशिष्ट संख्याः 140595188 - 140595462**
**574810629 - 574811178**
**शेयरों की संख्याः 275 और 550**
**25 सितंबर 2021 को नई दिल्ली में**
**जारीः राजन मेयर**

## गांधी जयंती से शुरू होगी राष्ट्रीय कला प्रतियोगिता

**नोएडा।** समाज सेवी संस्था कलांतर आर्ट ट्रस्ट राष्ट्रीय आर्ट फेस्टिवल का आयोजन कर रहा है। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के मौके पर होगा। कलांतर की राष्ट्रीय सचिव पूजा श्रीवास्तव ने बताया कि पेंटिंग प्रतियोगिता के साथ ही लेखन संगीत तथा अभिनय प्रतियोगिता को भी शामिल किया गया है। यह प्रतियोगिताएं पूर्णतया निःशुल्क होंगी।

## नगर आयुक्त ने किया बस अड्डे का निरीक्षण

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



महानगर के पर्यावरण को सुधारने और वायु की गुणवत्ता को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए नगर निगम के आयुक्त महेंद्र सिंह तवर ने यहां के कई महत्वपूर्ण इलाकों का दौरा किया और संबंधित विभागों के अधिकारियों को तलब कर उन्हें आवश्यक निर्देश भी जारी किए। संजय नगर सेक्टर 23 स्थित एएलटी बस अड्डे का भ्रमण किया गया। यहां डस्ट कंट्रोल करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए और उनसे कार्य योजना बनाने के लिए भी कहा गया। साथ ही अन्य विभागों को भी प्रश्न गत स्थल पर निरीक्षण कर कार्रवाई करने के लिए निर्देश जारी किए गए हैं ।इस अवसर पर एआरटीओ राघवेंद्र सिंह,अपर नगर आयुक्त प्रमोद कुमार ,क्षेत्राधिकारी उत्सव व अन्य अधिकारीगण मौजूद थे।

## रजिस्ट्री के लिए परेशान पंचशील ग्रीन्स के लोगों की ने नारेबाजी

● मूलभूत सुविधाओं के लिए जुझ रहे निवासी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



ग्रेटर नोएडा वेस्ट में स्थित पंचशील ग्रीन्स-1 सोसाइटी के निवासियों ने रजिस्ट्री नहीं होने के विरोध और बुनियादी सुविधाओं की मांग को लेकर बिल्डर के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। निवासियों ने नारेबाजी की और बिल्डर के खिलाफ आक्रोश जताया। हाथों में बैनर-पोस्टर लिए निवासियों ने अपना विरोध दर्ज कराया। साथ ही नए खरीदारों को सावधानी बरतते हुए घर खरीदने की सलाह दी। इस सोसाइटी के निवासी लंबे वक्त से रजिस्ट्री करवाने और मूलभूत सुविधाएं देने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। लेकिन प्रशासन-प्राधिकरण चुप हैं। प्रदर्शन कर रहे सोसाइटी के निवासी नवीन सिंह ने कहा मुद्दा है बिल्डर द्वारा फ्लैट की रजिस्ट्री नहीं करवाना। पंचशील ग्रीन्स-1 में 3 नए टावर बनाये गए। खरीदारों को पजेशन दिया गया। निवासियों ने फ्लैट की पूरी कीमत चुकाई। यहां लेकिन बिल्डर रजिस्ट्री नहीं करवा रहा है। प्रदर्शन में नवीन सिंह प्रकाश सिंह विनय दुबे अनुज सिंहा अभय कुमार केबी वर्मा आशीष त्रिपाठी नीरज द्विवेदी अजय कुमार और संजय मिश्रा समेत अन्य निवासी शामिल रहे।

### बिल्डर मालामाल है

निवासियों का कहना है कि रजिस्ट्री के लिए उन्हें दर-दर भटकना पडता है। हर काम के लिए रजिस्टर्ड ऑनर के कागजात की मांग की जाती है। मगर हम अपने ही घर के रजिस्टर्ड ऑनर नहीं हैं। हमने अपने जीवन भर की जमापूंजी से घर खरीदा। मगर हमारे पैसे से बिल्डर मालामाल है, हम बेहाल हैं। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि जब तक उनके घर की रजिस्ट्री नहीं हो जाती और उन्हें मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल जातीं उनका प्रदर्शन जारी रहेगा।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादकः नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

# भारत बंद को लेकर राजधानी की सीमाओं पर कड़ी चौकसी

## प्रदर्शनकारियों को दिल्ली में प्रवेश की अनुमति नहीं

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली


फाइल फोटो

केंद्र सरकार के तीन कृषि कानूनों के खिलाफ संयुक्त किसान मोर्चा का भारत बंद आज। संयुक्त किसान मोर्चा के कुल 40 संगठनों ने आम लोगों के साथ-साथ कई राजनीतिक पार्टियों से भी समर्थन मांगा है। भारत बंद के मद्देनजर दिल्ली एनसीआर की सीमाओं पर सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त किए गए हैं। दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि एहतियातन राष्ट्रीय राजधानी की सीमाओं पर सुरक्षा का चाक चौबंद इंतजाम किए गए हैं। शहर की सीमाओं पर तीन जगह प्रदर्शन कर रहे प्रदर्शनकारियों में से किसी को प्रवेश करने की अनुमति नहीं होगी। किसी भी तरह की स्थिति से निपटने के लिए पुलिस तैयार है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में भारत बंद का कोई आह्वान नहीं है, लेकिन पुलिस घटनाक्रम पर ध्यान रख रहे हैं और पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है।

किसान संगठनों ने स्पष्ट किया है कि वे दिल्ली में दाखिल नहीं होंगे। हालांकि कुछ संगठन प्रतिकात्मक रूप से जंतर-मंतर विरोध प्रदर्शन कर सकते हैं। लेकिन दिल्ली-हरियाणा और दिल्ली-उत्तर प्रदेश आने वाली सड़कों को बंद कर अपना विरोध प्रदर्शन करेंगे। ऐसे में दिल्ली से लगी पड़ोसी राज्यों से आने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

***डीयू के छात्रों को हो सकती है परेशानी***

भारत बंद के दौरान सोमवार को दिल्ली-एनसीआर के छात्र-छात्राओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है, क्योंकि दिल्ली विश्वविद्यालय में दाखिला के लिए प्रवेश परीक्षा 27 सितंबर को शुरू होनी है। संयुक्त किसान मोर्चा के मनजीत सिंह राय का कहना है कि एनसीआर से दिल्ली परीक्षा देने वाले किसी भी छात्र-छात्राओं को रोका नहीं जाएगा। भारत बंद को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा ने बताया कि यह बंद सोमवार को सुबह 6 बजे से लोकर शाम चार बजे तक रहेगा। इस दौरान सभी सरकारी और निजी दफ्तर, शिक्षण संस्थान, दुकानें, उद्योग और व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद रहेंगे। वहीं इमरजेंसी सेवाओं, अस्पतालों, दवा की दुकानों, एंबुलेंस, राहत एवं बचाव कार्य और निजी इमरजेंसी सेवा पर कोई रोक नहीं रहेगी।

पुलिस उपायुक्त दीपक यादव ने कहा एहतियात के तौर पर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं। सीमावर्ती इलाकों में जांच चौकियों को मजबूत किया गया है और इंडिया गेट एवं विजय चौक सहित सभी महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों में पर्याप्त तैनाती की जाएगी। वहीं बाहरी जिले के एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि किसी भी प्रदर्शनकारी को अनुमति नहीं दी जाएगी और टिकरी बार्डर पर किसानों के धरने के बाद से जिले में पहले से ही अतिरिक्त बलों को तैनात किया गया है।

### दिल्ली में बाजार व फैक्ट्रियों पर नहीं पड़ेगा कोई असर

*भारत बंद का असर दिल्ली में न के बराबर पड़ सकता है। राजनीतिक पार्टियों ने बंद को समर्थन देने का जरूर एलान किया है। लेकिन व्यापारिक संगठनों को इस बंद से लेकर कोई सरोकार नहीं है। ज्यादातर व्यापारिक नेताओं ने बाजार व दुकानें खोलने का निर्णय लिया है। यह भी कहा है कि बंद को लेकर व्यापरियों के बीच किस तरह की अपील भी नहीं की गई है और न ही व्यापारिक संगठनों ने ही इस तरह की कोई बैठक की है। सोमवार को बंद का असर बेअसर रहने की पूरी संभावना है। फैक्ट्री, दुकान, मॉल, जिम, फुटपाथ मार्केट समेत ट्रेडर्स एसोसिएशन का कहना है कि त्योहार के महीने में बंद का कोई मतलब नहीं है।*

# कार्बन उत्सर्जन कम करके मेट्रो ने कमाए 19.5 करोड़

## डीएमआरसी के अधिकारियों ने दी जानकारी, छह साल में कार्बन क्रेडिट किया था एकत्रित

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



दिल्ली मेट्रो ने 35.5 लाख कार्बन क्रेडिट की बिक्री करके 19.5 करोड़ रुपये कमाए हैं। ये कार्बन क्रेडिट उसने छह साल की अवधि के दौरान एकत्रित किए थे। दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) के अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

कार्बन क्रेडिट एक परमिट है, जो कंपनी को कार्बन डाइऑक्साइड या अन्य ग्रीनहाउस गैसों की एक निश्चित मात्रा का उत्सर्जन करने की अनुमति देता है। एक क्रेडिट एक टन कार्बन डाइऑक्साइड के बराबर द्रव्यमान के उत्सर्जन की अनुमति देता है। प्रदूषण फैलाने वाली कंपनियों को क्रेडिट दिया जाता है, जो उन्हें एक निश्चित सीमा तक प्रदूषण जारी रखने की अनुमति देता है। इस बीच, कंपनी किसी भी अनावश्यक क्रेडिट को वैसी किसी अन्य कंपनी को बेच सकती है, जिसे उनकी आवश्यकता हो। डीएमआरसी ने एक बयान में कहा कि वह प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित करने में देश में अग्रणी रही है। उसकी कई परियोजनाएं हैं जिससे वह ऊर्जा की बचत कर रही है।

इसमें कहा गया है कि डीएमआरसी ने 35.5 लाख कार्बन क्रेडिट की बिक्री से 19.5 करोड़ रुपये कमाए हैं और ये कार्बन क्रेडिट उसने 2012 से 2018 यानी छह साल की अवधि के दौरान एकत्रित किए थे।

अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली मेट्रो 2007 में दुनिया में पहली मेट्रो या रेल परियोजना बनी, जिसे संयुक्त राष्ट्र ने स्वच्छ विकास तंत्र (सीडीएम) के तहत पंजीकृत किया, जिससे वह अपने रिजेनरेटिव ब्रेकिंग प्रोजेक्ट के लिए कार्बन क्रेडिट का दावा कर पायी।

डीएमआरसी ने कहा कि सीडीएम क्योटो प्रोटोकॉल के तहत ग्रीनहाउस गैस पर आधारित एक परियोजना है जिससे सार्वजनिक और निजी क्षेत्र में उच्च आय वाले देशों को कम या मध्यम आय वाले देशों में ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन कम करने वाली परियोजनाओं से कार्बन क्रेडिट खरीदने का मौका मिलता है।

उसने कहा कि दिल्ली मेट्रो 2015 से भारत में अन्य मेट्रो परियोजनाओं को भी सीडीएम परामर्शक सेवाएं दे रही हैं, जिससे वे अपनी परियोजना से कार्बन क्रेडिट कमा सकें। गुजरात मेट्रो, मुंबई मेट्रो और चेन्नई मेट्रो ने पहले ही अपनी परियोजनाओं को दिल्ली मेट्रो के गतिविधि कार्यक्रम के तहत पंजीकृत कराया है, ताकि वे कार्बन क्रेडिट अर्जित कर सकें।

### प्रधानमंत्री के स्वदेश लौटने पर प्रदेश भाजपा ने किया भव्य स्वागत

**नई दिल्ली।** अमेरिका की सफल यात्रा के बाद स्वदेश लौटने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी और हजारों कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

टेक्निकल एयरपोर्ट पालम पर प्रधानमंत्री का स्वागत करने के लिए दिल्ली के हरेक क्षेत्र से हजारों कार्यकर्ता ढोल नगाड़ो के साथ उमड़ पड़े। भीड़ सुबह से ही पालम हवाई अड्डे पर जुटनी शुरू हो गई थी। लोगों के अंदर इस बात का गर्व था कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश का नाम पूरे विश्व में ऊंचा करने का काम किया है। प्रधानमंत्री ने इतनी संख्या में लोगों की भीड़ और उत्साह देखकर उन्हें धन्यवाद किया। इस दौरे की सफलता इसी से समझी जा सकती है कि जो विषय दुनिया के लिए एक बड़ा सिरदर्द बना हुआ है उसपर प्रधानमंत्री ने बेबाकी से अपनी बात रखी है।

# कांग्रेस ने की रेस्तरां के खिलाफ कार्रवाई की मांग

- 29 सितंबर को बैठक में रखा जाएगा प्रस्ताव

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष एवं एंड्रयूज गंज के पार्षद अभिषेक दत्त ने दक्षिण दिल्ली नगर निगम (एसडीएमसी) में एक प्रस्ताव पेश कर मांग की है कि पारंपरिक भारतीय पोशाक पहनने वाले व्यक्ति को प्रवेश देने से इनकार करने वाले रेस्तरां, बार या होटल पर पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाया जाए।

प्रस्ताव के मुताबिक पांच लाख रुपये के जुर्माने के अलावा ऐसा करने वाले रेस्तरां, बार और होटल को कम से कम एक महीने के लिए बंद भी किया जाना चाहिए। दत्त ने कहा कि दक्षिण दिल्ली के एक रेस्तरां द्वारा कुछ दिन पहले साड़ी पहने हुई एक महिला को कथित तौर पर प्रवेश देने से इनकार करने के बाद यह कदम उठाया गया है। यह प्रस्ताव 29 सितंबर को एसडीएमसी की बैठक में रखा जाएगा।

दत्त द्वारा पेश किए गए प्रस्ताव में कहा गया है कि एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें एक महिला को कथित तौर पर दक्षिणी दिल्ली में अगस्त क्रांति मार्ग पर एक रेस्तरां में प्रवेश करने की अनुमति इसलिए नहीं दी गई थी क्योंकि उसने साड़ी पहन रखी थी। रेस्तरां के मुताबिक साड़ी 'स्मार्ट कैजुअल' की श्रेणी में नहीं आता है।

### निशान से ऊपर बह रही यमुना, बाढ़ की चेतावनी

**नई दिल्ली।** यमुना का जलस्तर चेतावनी निशान से ऊपर से बह रहा है। दिल्ली एनसीआर में लगातार बारिश होने से प्रशासन की चिंता बढ़ रही है। रविवार दोपहर को पुरानी दिल्ली लोहे के पुल पर यमुना चेतावनी निशान 204.5 से ऊपर बह रहा था। खतरे का निशान 205.33 मीटर माना गया है।

राहत की बात यह है कि केंद्रीय जल आयोग के अधिकारियों का अनुमान है कि रविवार रात तक यमुना नदी का जलस्तर कम हो सकता है। हालांकि हरियाणा से पानी छोड़े जाने पर स्थिति बदल सकती है। जल मंत्री सत्येंद्र जैन का कहना है कि जलस्तर खतरे के निशान से नीचे है। चिंता करने की जरूरत नहीं है। सरकार स्थिति पर लगातार नजर बनाए रखे है।

# राजधानी में लगातार 9वें दिन कोरोना से एक भी मौत नहीं

- 24 घंटे में सामने आए 29 नए मामले, संक्रमण दर 0.05 फीसदी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली में लगातार 9वें दिन कोविड-19 से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है। पिछले चौबीस घंटे में कोरोना वायरस के संक्रमण 29 नए मामले सामने आए हैं। इसके साथ ही संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर अब 14,38,714 हो गई है। इस बीच शहर में संक्रमण दर 0.05 फीसदी रही। अब तक कुल 25,085 लोगों की मौत हुई है। सात सितंबर, 16 सितंबर और 17 सितंबर को एक-एक मरीजों की मौत हुई, यानी अब तक इस महीने में कुल तीन मरीजों की मौत हुई है।

दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग के ताजा आंकड़ों के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में अब तक संक्रमण के कुल 14,38,714 मामले सामने आए हैं। वहीं, 14.13 लाख से ज्यादा मरीज बीमारी को मात देकर ठीक भी हो चुके हैं। इससे पहले शनिवार को संक्रमण के 27 मामले सामने आए थे। इस दौरान उपचाराधीन मरीजों की संख्या 371 हो गयी है, जिसमें से 118 मरीज घर पर ही रहकर अपना इलाज करवा रहे हैं।

# किसानों के भारत बंद का समर्थन करेगी दिल्ली कांग्रेस : चौ. अनिल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार ने कहा कि दिल्ली कांग्रेस के कार्यकर्ता आज किसानों द्वारा बुलाए गए शांतिपूर्ण भारत बंद को अपना पूरा समर्थन देगी। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार द्वारा पारित तीन किसान विरोधी कानूनों को रद्द करने की मांग को लेकर किसान करीब 300 दिनों से दिल्ली की सीमा पर धरने पर बैठे हैं।

उन्होंने कहा कि हालांकि धरने के दौरान 600 से अधिक किसानों की मौत हुई है, लेकिन मोदी सरकार ने किसानों के साथ इस मामले पर चर्चा करने की जहमत नहीं उठाई और न ही किसानों की दुर्दशा पर दया की।

चौ. अनिल कुमार ने कहा कि हम अपने किसानों के अधिकारों में विश्वास करते हैं, और हम काले कृषि कानूनों के खिलाफ उनकी लड़ाई में उनके साथ खड़े रहेंगे। चौ. अनिल कुमार ने कहा कि वें खुद गाजीपुर बार्डर पर कांग्रेस के कार्यक्रताओं व नेताओं के साथ किसानों के समर्थन में शान्तिपूर्ण तरीके से शामिल होंगे और साथ ही उन्होंने तमाम कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अपिल की कि कांग्रेस के सभी कार्यकर्ता दिल्ली के अन्य बार्डरों पर किसानों के समर्थन में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे।


वजीराबाद के सूर घाट पर यमुना की आरती करते प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता।

# यमुना सफाई कार्यक्रम की शुरुआत नवरात्र से : भाजपा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

यमुना नदी की सफाई को लेकर प्रदेश भाजपा ने आम आदमी पार्टी की सरकार पर निशाना साधा है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने रविवार को वजीराबाद के सूर घाट पर यमुना आरती में कहा कि यमुना की सफाई में केजरीवाल सरकार पूरी तरह से नाकाम हो गई है। यमुना में सीवर का पानी आता है पर सरकार द्वारा लगाई गई एक भी एसटीपी प्लांट इस समय काम नहीं कर रहा है। सिर्फ यमुना की सफाई का ढोंग करने वाली केजरीवाल सरकार को चुनाव आते ही यमुना सफाई की याद आती है।

आदेश गुप्ता ने कहा कि दिल्ली को प्रदूषण की राजधानी बनाने वाले मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल मौन होकर देखते रहे और दिल्ली में लगभग 54,000 लोग सिर्फ प्रदूषण के कारण अपनी जान गवां बैठे। इसलिए यमुना की सफाई की जिम्मेदारी भाजपा ही लेगी क्योंकि राज्य सरकार से सिर्फ झूठे वादे ही हो सकते है काम नहीं। भाजपा कार्यकर्ता नवरात्र से यमुना के हर एक घाट की सफाई करेंगे। सभी को यह संकल्प लेना चाहिए कि लोगों को जीवन देने वाली मां यमुना का जल हमेशा स्वच्छ रहे क्योंकि भगवान कृष्ण की आत्मा यमुना में बसती है।

# अनधिकृत निर्माण होने पर हाईकोर्ट ने उठाए सवाल

## बहादुरशाह जफर मार्ग पर एक समाधि स्थल पर दक्षिण दिल्ली नगर निगम को घेरा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




दिल्ली उच्च न्यायालय ने दक्षिण दिल्ली नगर निगम (एसडीएमसी) से सवाल किया है कि यहां बहादुरशाह जफर मार्ग पर एक समाधि स्थल एवं उसके आसपास अनधिकृत निर्माण एवं अतिक्रमण क्यों होने दिया गया।

उच्च न्यायालय ने कहा कि उसके सामने रखी गईं तस्वीरों में सार्वजनिक रास्ते एवं दिल्ली वक्फ बोर्ड की जमीन पर अतिक्रमण नजर आता है। अदालत ने कहा कि यह पता करना जरूरी हो जाता है कि अनधिकृत निर्माण और अतिक्रमण कैसे होने दिया गया।

न्यायमूर्ति नाजमी वजीरी ने 20 सितंबर को एक अर्जी पर दिल्ली सरकार, एसडीएमसी एवं दिल्ली वक्फ बोर्ड को नोटिस जारी किए। याचिका में दिल्ली उच्च न्यायालय से उसकी खंडपीठ के आदेश का कथित रूप से अनुपालन नहीं करने को लेकर संबंधित अधिकारियों के विरूद्ध अदालत की अवमानना की कार्यवाही करने का अनुरोध किया गया है। खंडपीठ ने संबंधित प्राधिकार को याचिकाकर्ता युवा संघर्ष समिति की शिकायतों पर गौर करने एवं याचिका पर कानून सम्मत निर्णय लेने का निर्देश दिया था।

उच्च न्यायालय ने 16 जुलाई को कहा था कि यदि प्रशासन समाधि स्थल पर कोई अतिक्रमण पाता है तो वह कब्जा करने वाले को उचित सुनवाई का मौका देने के बाद निर्णय लेगा एवं कानून के अनुसार अतिक्रमण को हटाएगा।

याचिकाकर्ता युवा संघर्ष समिति ने अदालत से यहां इस समाधिस्थल पर सरकारी जमीन पर अनधिकृत निर्माण के तौर किए गए अतिक्रमण को हटाने या उसे सील करवाने की दरख्वास्त की है। याचिकाकर्ता ने कहा कि प्रशासनों खासकर एसडीएमसी से बार बार अनुरोध करने के बाद भी कोई नतीजा नहीं निकला।

### दोस्त की कार से रोहिणी कोर्ट पहुंचे थे हमलावर

**नई दिल्ली।** रोहिणी अदालत कक्ष में हुई गोलीबारी की घटना की शुरुआती जांच में पता चला है कि दोनों हमलावर जिस कार से आए थे वह गिरफ्तार किये गए आरोपी उमंग यादव के दोस्त की थी। जिसे यह नहीं पता था कि उसकी कार क्यों ली गई थी। जिम में प्रशिक्षण देने वाला जगदीप उस कार का मालिक है जिसका इस्तेमाल उमंग यादव ने दोनों हमलावरों को अदालत तक छोड़ने के लिए किया था।

स्पेशल सेल द्वारा गिरफ्तार यादव ने पूछताछ में बताया कि उसका दोस्त जगदीप उसके इरादे से वाकिफ नहीं था और उसे यह भी नहीं पता था कि कार किस लिए ली जा रही है। शनिवार को देर रात हुए घटनाक्रम में स्पेशल सेल ने उमंग यादव और विनय को गिरफ्तार किया।

रोहिणी कोर्ट शूटआउट

# कोर्ट रूम पहुंचे कमिश्नर, गहनता से की जांच

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



पुलिस आयुक्त राकेश अस्थाना ने रविवार को जिला न्यायालय रोहिणी का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने मौका-ए-वारदात का मुआयना किया। इस बीच घटना की जांच कर रही अपराध शाखा की टीम भी घटनास्थल का फिर से निरीक्षण करने के लिए अदालत कक्ष गई। पुलिस प्रमुख में कोर्ट परिसर की सुरक्षा के बंदोबस्त चाक-चौबंद करने की सलाह दी।

रोहिणी के कोर्ट रूम में गत शुक्रवार को की गई गोलीबारी में जेल में बंद गैंगस्टर जितेंद्र मान उर्फ गोगी और दो हमलावर मारे गए। वीडियो फुटेज ने व्यवस्था में सुरक्षा खामियों को उजागर किया है। इनमें दिख रहा है कि अदालत कक्ष संख्या 207 के अंदर से गोलीबारी की आवाज आने पर पुलिस कर्मी और वकील भाग रहे हैं। उत्तरी रेंज के पुलिस आयुक्त से मामले की जांच कर रिपोर्ट देने को कहा गया है। इस बीच चर्चा थी कि मुख्य न्यायाधीश एनवी रमना ने रोहिणी कोर्ट परिसर में वकीलों के ड्रेस में दो अपराधियों द्वारा खुलेआम फायरिंग किए जाने और गैंगस्टर गोगी को मार गिराये जाने की घटना पर गहरी चिंता व्यक्त की है। सीजेआई घटनास्थल का मुआयना करना चाहत थे, लेकिन उन्हें वहां नहीं जाने की सलाह दी गई। हालांकि, न्यायमूर्ति रमना ने हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीएन पटेल से बात करके घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। साथ ही केंद्र सरकार के सहयोग से राजधानी की सभी अदालतों में सुरक्षा के बंदोबस्त चाक-चौबंद करने की सलाह दी है।

सीजेआई ने कहा था कि न्याय देने की बेहतर प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए न्यायिक अधिकारियों, जजों और वकीलों के साथ-साथ वादियों-प्रतिवादियों में भी कोर्ट परिसरों में सुरक्षा का भाव आना चाहिए।

# राजमार्ग के लिए काटे जा सकते हैं दो हजार से अधिक पेड़

## *छह लेन वाले दिल्ली-सहारनपुर हाइवे के लिए दिल्ली वन विभाग से मांगी अनुमति*

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



पूर्वी और उत्तर-पूर्वी दिल्ली में छह लेन वाले राजमार्ग के निर्माण के लिए 14 हेक्टेयर से अधिक वन भूमि में 2,038 पेड़ों को काटकर दूसरे स्थान पर लगाने का प्रस्ताव है।

आधिकारिक दस्तावेजों के अनुसार, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने छह लेन वाले दिल्ली-सहारनपुर राजमार्ग के 14.75 किलोमीटर के हिस्से के विकास के लिए दिल्ली वन विभाग से अनुमति मांगी है।

अक्षरधाम राष्ट्रीय राजमार्ग-9 जंक्शन और दिल्ली-उत्तर प्रदेश सीमा के बीच स्थित इस हिस्से पर कुल 2,038 पेड़ हैं। पेड़ों की प्रजातियों में शीशम, शहतूत, पीपल, चंपा, अशोक, सुबाबुल, नीम, नीलगिरी, कीकर, बेर, जामुन और गुलर शामिल हैं। पंद्रह सौ करोड़ रुपये की यह परियोजना भारतमाला परियोजना के पहले चरण का हिस्सा है, जो देश का दूसरा सबसे बड़ा राजमार्ग निर्माण कार्यक्रम है। इसके तहत 50,000 किलोमीटर सड़कों का निर्माण किया जाएगा।

केंद्रीय एजेंसी ने एनएच-148 डीएनडी महारानी बाग से जैतपुर-पुश्ता रोड खंड तक छह लेन राजमार्ग के निर्माण के लिए 0.35 हेक्टेयर वन भूमि की अनुमति मांगी है। निर्माण कार्य के दौरान बेरी, नीम, पीपल, शहतूत और सिरस सहित कुल 191 पेड़ों को स्थानांतरित करने का प्रस्ताव है।

## संक्षिप्त समाचार


सफाई सेवकों को पीपीई किट देते वीरेंद्र सिंह कादियान।

### सफाई सेवकों को वितरित किए पीपीई किट

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैंट विधानसभा क्षेत्र के विधायक और नई दिल्ली नगरपालिका परिषद के सदस्य वीरेंद्र सिंह कादियान ने रविवार सुबह नई दिल्ली के मोती बाग में पालिका परिषद के सफाई सेवकों को पीपीई किट वितरित किए। उन्होंने कार्यस्थल पर अच्छे प्रदर्शन के लिए अपने जीवन में सफाई और व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व पर जोर दिया। इस अवसर पर क्षेत्रीय सीएमओ, डॉ गुंजन सहाय के साथ स्वच्छता निरीक्षकों, सहायक स्वच्छता निरीक्षकों और स्थानीय निवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह कार्यक्रम उन कार्यक्रमों/अभियानों की श्रृंखला का एक हिस्सा है जो नई दिल्ली नगर पालिका परिषद द्वारा पिछले एक सप्ताह से नई दिल्ली क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर नागरिकों, दुकानदारों और आगुंतकों के बीच सफाई, स्वच्छता आदि विषयों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए आजादी का अमृत महोत्सव के रूप में मनाने के लिए आयोजित किए जा रहे हैं।


चिकित्सा कैंप में पहुंचें खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री इमरान हुसैन।

### रमेश पार्क में हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन

**नई दिल्ली।** रमेश पार्क किशन कुंज इलाके में निशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप लगाया गया, जिसमे आँख, दांत व हड्डियों फ्री जाँच की गई। इस कैंप का आयोजन आप के नेता वकार चौधरी के द्वारा किया गया, जिसमे दिल्ली सरकार के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री दिल्ली इमरान हुसैन ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कैंप सुबह 10 बजे शुरू हुआ और 2 बजे तक प्रोफेशनल डॉक्टर्स ने लोगो का बॉडी चैकअप किया। चौधरी ने बताया कि कैंप में शार्प आई सेंटर और वेल हेल्थ केयर के डॉक्टर्स ने सेंकड़ों लोगों की जांच की। मंत्री इमरान हुसैन ने लोगों को सेहत के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी। इस मोके पर शरद दीक्षित, साकिब सैफी, रेहान अंसारी, नरेंद्र पाल, शकील सैफी, रहीसुद्दीन, डॉ. शमसाद आलम, महेश जैन, शुएब आदि मौजूद रहे।

### गोगी की हत्या करने वालों की समर्पण करने की थी योजना

**नई दिल्ली।** रोहिणी अदालत के भीतर जितेंद्र गोगी की हत्या करने वाले और बाद में पुलिस के जवाबी गोलीबारी में मारे गए राहुल और जगदीप ने गैंगस्टर की हत्या करने के बाद समर्पण करने की योजना बनाई थी। शनिवार को देर रात को स्पेशल सेल ने घटना के संबंध में उमंग यादव और विनय को गिरफ्तार किया था। सूत्रों ने बताया कि आरोपी शुक्रवार सुबह 10 बजे एक कार से अदालत पहुंचे और उनकी योजना के अनुसार, चार लोग वकीलों के वेष में अदालत के भीतर जाकर गोगी की हत्या और उसके बाद न्यायाधीश के सामने समर्पण करने वाले थे। उनमें से एक ने काली जींस पहनी थी और इसलिए यादव तथा काली जींस वाला व्यक्ति अदालत के भीतर नहीं गए तथा राहुल और जगदीप गोगी की हत्या के मकसद से अंदर गए। काली जींस वाले व्यक्ति को पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है और अभी तक उसकी पहचान नहीं हो पाई है।

# निजी क्लीनिक में युवक की उपचार के दौरान मौत

पायनियर समाचार सेवा। तावडू

## परिजनों ने लगाया क्लीनिक पर लापरवाही और गलत उपचार करने का आरोप

## क्लीनिक में परिजनों का हंगामा, शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई में जुटी पुलिस


क्लीनिक के बाहर हंगामा करते लोग। इनसेट में मृतक मोहित का फाइल फोटो

**नगर** के बुराका-पचगांव बाईपास पर स्थित निजी क्लीनिक संचालक व उसके स्टाफ द्वारा एक युवक का गलत उपचार करने के कारण मृत्यु होने का मामला सामने आया है। 20 वर्षीय युवक की उपचार के दौरान मृत्यु होने से गुस्साए परिजनों व उनके करीबियों ने देर शाम क्लीनिक में पहुंचकर जमकर हंगामा काटा।

घटना की सूचना मिलते ही शहर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करते हुए मृतक युवक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

मृतक के पिता की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच में जुटी है। फिलहाल पोस्टमार्टम की रिपोर्ट का इंतजार है। तावडू शहर के वार्ड नंबर-8 निवासी जीतराम ने बताया कि उनका पुत्र मोहित (20) शहर में फास्ट फूड की रेहड़ी लगाता था। शनिवार दोपहर 11: 00 बजे के करीब उसे उसे अचानक पेट में दर्द महसूस हुआ तो वह उसे लेकर शहर के एक अल्ट्रासाउंड केंद्र में जांच कराने के लिए पहुंचे। अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट के मुताबिक मोहित को पेट में पथरी की पुष्टि हुई। उन्होंने बताया बेटे को दर्द में आराम नहीं मिलने पर वह अपने भतीजे के साथ उसे लेकर नगर के बुराका-पचगांव बाईपास पर स्थित मैक्स हेल्थ केयर सेंटर में लेकर पहुंचे। जहां पर क्लीनिक संचालक व उसके स्टाफ द्वारा मोहित की अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट को देखने के बाद उसे क्लीनिक में भर्ती कर लिया। जीतराम के मुताबिक क्लीनिक स्टाफ द्वारा शुरुआत में उन्हें ग्लूकोज की दो बोतलें लगाई गई, लेकिन उन्हें दर्द में आराम नहीं मिला। आरोप है कि ग्लूकोज चढ़ाने के बाद मोहित की हालत और ज्यादा खराब होने लगी तो स्टाफ सदस्य ग्लूकोज बोतल में दो इंजेक्शन मिलाकर अपने केबिन में चले गए। जीतराम का आरोप है कि इसके बाद मोहित बेहोश हो गया। बेटे के बेहोश होने के पर उन्होंने क्लीनिक संचालक से मोहित को अन्य अस्पताल में रेफर करने की भी गुहार लगाई, लेकिन वह उनसे रुपये ऐंठने लालच में उन्हें झूठी तसल्ली देते रहे। इसी दौरान मोहित की तबियत ज्यादा खराब होने के कारण उनकी मौत हो गई। मोहित की मृत्यु की भनक लगते ही क्लीनिक संचालक मौके से फरार हो गया।

पीड़ित जीतराम ने पुलिस को शिकायत देते हुए कहा कि उन्हें पूरा शक है कि उनके बेटे मोहित की मृत्यु क्लीनिक संचालक व उसके स्टाफ की लापरवाही के कारण हुई है। वहीं शहर थाना प्रभारी चंद्रभान भारद्वाज का कहना है कि मृतक युवक का शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है। मेडिकल बोर्ड टीम का गठन कर शव का पोस्टमार्टम किया जाएगा। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट के आधार पर पर ही पुलिस आगामी कार्रवाई करेगी। पीड़ित परिजनों के मुताबिक अपने पांच भाई-बहनों में सबसे छोटे मोहित की आगामी 10 नवंबर को शादी तय थी।

## एक युवक को अवैध हथियार सहित दबोचा

**होडल।** होडल पुलिस ने एक आरोपी को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से देसी कट्टा बरामद किया है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

सीआईए इंचार्ज हरदीप सिंह ने बताया कि अवैध हथियार धारकों की धरपकड़ मुहिम के तहत स्टाफ में तैनात हेड कांस्टेबल मानसिह के नेतृत्व में गठित टीम ने हसनपुर चौक पर नाकाबंदी के दौरान एक युव पर संदेह हो गया। पुलिस ने जब युवक की तलाशी ली तो उसके पास से एक देशी कट्टा बरामद किया। पकड़े गए आरोपी की पहचान गांव धतीर निवासी नरेश कुमार के रूप में हुई है।

## कथा वाचक राधिका दासी का विधायक ने किया स्वागत

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता एवं समाजसेवी मुनेश शर्मा के घर नेपाल से भागवत कथा वाचक राधिका दासी का आगमन हुआ। वह वृंदावन श्री बांके बिहारी मंदिर जी के दर्शन करके सीधा जवाहर कॉलोनी स्थित उनके घर आई।

इस मौके पर समाजसेवी मुनेश शर्मा, एनआईटी से विधायक नीरज शर्मा, अखिल भारतीय योगीनाथ उपाध्याय समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजपाल सिंह ने उन्हें फूलों के बुक्के एवं शॉल ओढ़ाकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर राधिका दासी ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक बार भागवत कथा अवश्य सुननी चाहिए। इससे बुरे कर्मों का नाश होता है। साथ ही समाज के लोगों को भागवत कथा का भी आयोजन करना चाहिए। इस अवसर पर मुनेश शर्मा ने उनसे भागवत कथा के बारे में चर्चा कर उनसे जाना कि यह कथा सनातन धर्म में सबसे पवित्र ग्रन्थ है। इसके श्रवण मात्र से पुण्य प्राप्त होता है।

विधायक नीरज शर्मा ने उन्हें टीम पंडित जी का पटका पहना कर उनसे विधानसभा में भी भागवत कथा करने की अपील की। ताकि एनआईटी विधानसभा की जनता को भी उनकी यह कथा सुनने का सौभाग्य प्राप्त हो। इस अवसर राधिका दासी पंडित परिवार को नेपाल आने का आमंत्रण देकर गई।

## कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए फरीदाबाद पुलिस अलर्ट

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

किसानों द्वारा कृषि कानून को रदद कराने की मांग को लेकर 27 सितंबर 2021 को भारत बंद का आह्वान किया गया है। भारत बंद के दौरान किसी प्रकार की अप्रिय घटना ना हो इसके लिए पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा के दिशा-निर्देशों के अंतर्गत सभी एसीपी अपने क्षेत्र मे हालात पर नजर बनाए रखेंगे , उनकी सहायता के लिये संबधित थाना प्रबंधक एंव चौकी प्रभारी पूरी फोर्स के साथ हर परिस्थितियों से निपटने के लिए तैयार रहेंगे। बन्द के दौरान असामाजिक तत्वो की गतिविधियों की संभावना के मध्यनजर वीडियोग्राफी की जाएगी।

यदि किसी स्थान पर रोड जाम या ब्लॉक किया जाता है तो संबंधित पर्यवेक्षण अधिकारी/थाना प्रबंधक, डियूटी मजिस्ट्रेट से तालमेल करके धरना-प्रदर्शन में शामिल व्यक्तियों से बातचीत कर बाधा को दूर करायें। किस को भी कानून हाथ में लेने की इजाजत नहीं होगी। इन प्रबंधों का प्राथमिक उद्देश्य सार्वजनिक शांति व व्यवस्था बनाये रखना। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि तीनों जोन के डीसीपी को अलग से आईआरबी की दो-दो रिजर्व दी गई है यह रिजर्व दंगा विरोधी साजो सामान से सुसज्जित रहेंगे। आमजन से अपील की है कि अफवाहो पर ध्यान ना दे। सोशल मीडिया पर पुलिस लगातार नजर बनाये हुये है।

## स्वास्थ्य विभाग की शहरी क्षेत्र में नौनिहालों को दवा पिलाकर शुरूआत


सोहना नागरिक अस्पताल के एसएमओ डॉक्टर नवल किशोर बच्चे को दवा पिलाकर पोलियो अभियान की शुरुआत करते हुए।

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**नागरिक** अस्पताल में पोलियो अभियान की एसएमओ ने नौनिहालों को दो बूंद जिन्दगी की पिलाते हुए शुरूआत की। शहरी क्षेत्र में 7310 जीरो से 5 वर्ष की उम्र वाले बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य रखा है। रविवार को नागरिक अस्पताल सोहना में एसएमओ डॉक्टर नवल किशोर ने पोलियो अभियान की शुरुआत की। शहरी क्षेत्र में 86 कर्मचारियों को इस अभियान में 7310 बच्चों को दवा पिलाने का जिम्मा सौंपा है। जिसमें चार स्थानों पर ट्रांजेक्शन टीम बनाई गई है। जिसमें सामान्य बस स्टैंड, नागरिक अस्पताल, इंडरी मोड़ और अंबेडकर बाईपास चौक। एसएमओ डॉ. नवल किशोर ने बताया कि इस अभियान में आशा वर्कर्स, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी शामिल है। रविवार को 60 से 65 फीसदी बच्चों का बूथ स्तर पर दवा पिलाने का लक्ष्य रखा है। शेष कार्य को डोर टू डोर जाकर दवा पिलाई जाएगी।

### तीन दिन से वैक्सीनेशन बंद

**नागरिक** अस्पताल में कोविड वैक्सीनेशन का कार्य रविवार से मंगलवार तक बंद कर दिया है। पोलियो में कर्मचारियों की ड्यूटी होने के कारण वैक्सीनेशन का कार्य बुधवार से नियमित रुप से चलाया जाएगा।

## दहेज हत्या के मामले में आरोपी पति गिरफ्तार

**होडल।** मुंडकटी थाना पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी पति को अदालत में पेश कर दो दिन की रिमांड पर ले लिया है। पुलिस मामले में लिप्त अन्य आरोपी की तलाश में जगह-जगह दविश दे रही है। जांच अधिकारी हाजिर खान ने जानकारी में बताया कि फरीदाबाद के गांव भांखरी निवासी भोपाल सिंह ने अपनी दो बहनें ललिता व सविता की शादी गांव सिहा निवासी राकेश व राहुल के साथ की थी।

ससुराल वालों ने उसकी छोटी बहन सविता से मारपीट कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया था। पीडिता सविता ने 22 सितंबर को दिल्ली अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड दिया था। हाजिर खान ने बताया पुलिस ने इस मामले में मृतक महिला के पति राहुल को मर्रोली स्थित बस स्टेंड के पास से गिरफ्तार कर लिया है। हाजिर खान ने बताया कि आरोपी को अदालत में पेश करके दो दिन की रिमांड पर ले लिया है। रिमांड के दौरान आरोपी से महिला के साथ मारपीट कर हत्या करने के बारे में पूछताछ की जाएंगी।

## गोरक्षा समिति ने पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की


होडल डीएसपी सज्जन सिंह का आभार व्यक्त करते गोरक्षा समिति के सदस्य।

पायनियर समाचार सेवा। होडल

**गोरक्षा** समिति चीता फोर्स के सदस्यों ने डीएसपी सज्जन सिंह का होडल में कार्यभार संभालने पर आभार व्यक्त किया है। समिति के सदस्यों ने डीएसपी से मिलकर क्षेत्र में बढ रही गो तस्करी की घटनाओं पर अंकुश लगाने व पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है।

समिति के प्रधान भगत सिंह रावत, देवीलाल सौरोत, हरेंद्र सौरोत, विष्णु, महेश, परषोत्तम के अलावा अन्य सदस्यों ने कहा कि इन दिनों क्षेत्र में गोतस्करी की घटनाएं दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। यूपी से गोतस्कर वाहनों में गायों को भरकर लाते हैं। क्षेत्र में से मेवात की ओर जाने वाले रास्तों से मेवात में गोवंश को तस्करी के लिए ले जाते हैं। उन्होंने डीएसपी को बताया कि पिछले कुछ दिनों में कई वाहन क्षेत्र से गायों को भरकर मेवात की ओर ले गए हैं। जिनमें से कुछ वाहनों को गोरक्षकों ने पकड़कर गायों को मुक्त कराया है। उन्होंने बताया कि गो तस्करी के मामले में जो भी आरोपी फरार चल रहे हैं। उन्हें जल्दी गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे डाला जाए। उन्होंने डीएसपी से मांग करते हुए कहा है कि रात के समय मेवात की ओर जाने वाले रास्तों पर पुलिस गश्त बढ़ाई जाए। जिससे की इन गो तस्करी की घटनाओं पर अंकुश लग सके।

## युवक ने अज्ञात घायल को अस्पताल पहुंचाया

**सोहना।** एक युवक ने सह्रदयता दिखाते हुए सड़क किनारे गंभीर रूप से घायल अज्ञात व्यक्ति को नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया। डॉक्टरों ने घायल व्यक्ति को गंभीर चोटें लगी होने के कारण गुरुग्राम के सेक्टर-10 नागरिक अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जिला नूंह का गांव कालियाका निवासी 24 वर्षीय रणबीर सिंह पुत्र बुधराम ने पुलिस को बताया कि शनिवार की रात करीब साढ़े दस बजे वह पलवल-सोहना मार्ग से अपने घर जा रहा था। गांव लाखूवास के पास सड़क पर एक व्यक्ति बेहोशी की हालत में पड़ा दिखा। उसके शरीर पर चोटें लगी हुई थी। जिसे अज्ञात वाहन ने पैदल जाने के दौरान टक्कर मार दी थी। युवक ने दरिया दिली दिखाते हुए पुलिस कंट्रोल रुम 112 पर नंबर पर कॉल की। जब तक पुलिस मौके पर पहुंचती उससे पहले सड़क से एक तरफ किया और घायल व्यक्ति खून से लथपथ था। युवक ने पीड़ित अज्ञात व्यक्ति को पुलिस की सहायता से नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति को टक्कर मारने वाले अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ युवक की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रजापति एकता मंच की महापंचायत तीन अक्टूबर को



**होडल।** आगामी 3 अक्टूबर को पलवल स्थित प्रजापति धर्मशाला में प्रजापति एकता मंच की होने वाली महापंचायत के लिए प्रजापति एकता मंच के प्रधान दीवान दक्ष के नेतृत्व में अन्य पदाधिकारियों ने होडल पहुंचकर प्रजापति समाज के चौबीसी के प्रधान पाला ठेकेदार को समाज के सैकड़ों लोगों के साथ महापंचायत में आमंत्रित किया है। इस मौके पर प्रजापति एकता मंच के प्रधान दीवान कक्ष ने बताया कि इस प्रजापति धर्मशाला में होने वाली इस महापंचायत में सर्व सम्मति या चुनाव के द्वारा प्रजापति एकता मंच की नई कार्यकारिणी का भी गठन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रजापति समाज के बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढाने व उनकी शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने के लिए प्रयासरत है। इसके अलावा मंच की ओर से हर वर्ष होली मिलन व दीपावली मिलन समारोह भी आयोजित किए जाते हैं। इसके अलावा मंच अन्य सामाजिक कार्यों में भी बढ चढ़कर हिस्सा लेता है। उन्होंने चौबीसी के प्रधान पाला ठेकेदार को महापंचायत के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि वह अपने साथ समाज के ज्यादा से ज्यादा लोगों को लेकर इस महापंचायत में शामिल हों। इस मौके पर प्रजापति एकता मंच के सचिव चेतन प्रजापति, उपप्रधान दीपक गोला, डोरीलाल गोला, अशोक गोला, अनिल गोला, मुकेश गोला के अलावा प्रजापति समाज के अन्य लोग मौजूद थे।

### पीएम नरेन्द्र मोदी के मन की बात से मिलती है प्रेरणाः शर्मा

**फ़रीदाबाद ।** मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 81वें एपिसोड को भाजपा नेताओं केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर, जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, हरियाणा के कैबिनेट मंत्री मूलचन्द शर्मा, विधायक सीमा त्रिखा, राजेश नागर, नरेन्द्र गुप्ता, महापौर सुमनबाला, प्रदेश किसान मोर्चा के महामंत्री सोहन पाल सिंह, जिला और प्रदेश पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बूथों पर लोगों के साथ सुना। गोपाल शर्मा ने मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा कही गई कुछ मुख्य बातों को सांझा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ल्ड रिवर डे के अवसर पर नदियों के महत्व के बारे में बताया। मोदी ने कहा, नदी हमारे लिए भौतिक वस्तु नहीं, बल्कि जीवंत इकाई है तभी तो नदियों को मां कहा जाता है। मोदी ने कहा की एक विशेष ई-नीलामी के जरिये उपहारों की बिक्री से जो पैसा आएगा, वो नमामि गंगे के लिए ही समर्पित किया जाएगा। पीएम मोदी ने मन की बात में महात्मा गांधी, लाल बहादुर शास्त्री और दीनदयाल उपाध्याय का भी जिक्र किया। 2 अक्टूबर को लाल बहादुर शास्त्री की जयंती हमें खेती में नए प्रयोग करने की भी शिक्षा देती है। 25 सितम्बर पं. दीनदयाल उपाध्याय की जन्म-जयंती होती है। उनका अर्थ-दर्शन, समाज को सशक्त करने के लिए उनकी नीतियाँ, उनका दिखाया अंत्योदय का मार्ग, आज भी प्रेरणादायक है। 3 साल पहले उनकी जयंती पर ही आयुष्मान भारत योजना लागू की गई थी, जिससे दो-सवा दो करोड़ से अधिक गरीबों को 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिल चुका है। आज बहुत सारे युवा नए रास्तों पर आगे बढ़ना चाहतें हैं। दीनदयाल के जीवन से उन्हें काफी प्रेरणा मिल सकती है। महात्मा गांधी के जीवन में छोटी-छोटी बातों की उनके जीवन में कितनी बड़ी अहमीयत थी और छोटी-छोटी बातों को ले करके बड़े बड़े संकल्पों को कैसे उन्होंने साकार किया था। आज इतने दशकों बाद, स्वच्छता आन्दोलन ने एक बार फिर देश को नए भारत के सपने के साथ जोड़ने का काम किया है।

### जमुना नदी में से एक व्यक्ति का शव बरामद, शिनाख्त नहीं

**होडल।** हसनपुर थाना पुलिस ने गांव टप्पा के निकट जमुना नदी से एक व्यक्ति का शव बरामद किया है। पुलिस ने व्यक्ति के शव को पलवल स्थित मोरचरी में पहचान के लिए रखवा दिया है। हसनपुर थाना प्रभारी राजेश कुमार ने जानकारी में बताया कि उन्हें ग्रामीणों ने सूचना दी कि जमुना नदी के किनारे झाडियों में एक शव अटका हुआ है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को बाहर निकाला। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक व्यक्ति की आयु लगभग 35 वर्ष है। उसने नीले रंग का पेंट तथा सीधे हाथ में लाल रंग का कलावा बांधा हुआ है। उन्होंने बताया कि शव के शरीर पर कहीं भी चोट की निशान नहीं हैं। खबर लिखे जाने तक शव की पहचान नहीं हो सकी है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार दंपति की मौत

**सोहना।** पलवल-सोहना मार्ग पर कार की टक्कर से बाइक सवार दंपति की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शवों को पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिए। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। रविवार की सुबह सात बजे के करीब पलवल की तरफ से आ रही बाइक को तेज रफ्तार कार ने पीछे से ऑवर टेक करने के दौरान टक्कर मार दी। बाइक सवार दंपति कार की टक्कर से सामने जा गिरे। जिससे दंपति को गंभीर चोटें आईं। घायल दंपति की पहचान गांव गवालरा थाना गबाहना जिला अलीगढ़ उत्तर प्रदेश निवासी संतोष (45) पुत्र रामजीत व उसकी पत्नी रेणुसिंह (42) हुई है। जिसमें संतोष ने हादसे में लगी चोटों के कारण मौके पर ही दम तोड़ दिया। रेणुसिंह के पैर व हाथों में गंभीर चोटें आई। आस पास से दौड़कर आए लोगों ने रेणुसिंह को नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया। मामले की जांच कर रहे एसआई ओमप्रकाश ने बताया कि संतोष को गंभीर हालत में गुरुग्राम के लिए रेफर कर दिया। गुरुग्राम जाते समय रेणु सिंह ने भी बीच रास्ते में ही हादसे में लगी चोटों के कारण मौत हो गई। मृतक दंपति सोहना दवा लेने लिए किसी गांव में आ रहा था। संतोष अपनी पत्नी को लेकर सुबह 6 बजे दिल्ली सरिता विहार से चला था।

## आरएसएस ने कोविड के प्रति आम लोगों को किया जागरुक

### स्वयंसेवक संघ ने आरोग्य मित्र-दिग्दर्शिका शिविर का किया आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। सोहना



डॉक्टर चित्रा राठौड़ शिविर में आए लोगों को कोविड महामारी के प्रति जागरुक करते हुए।

**राष्ट्रीय** स्वयं सेवक संघ के तत्वावधान में आरोग्य मित्र-दिग्दर्शिका का एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में आम सज्जनों को कोविड-19 से सुरक्षा, सतर्कता व नियंत्रण एवं प्रबंधन की जानकारी दी गई।

रविवार को शहर की पंजाबी धर्मशाला में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की टीम ने आरोग्य मित्र-दिग्दर्शिका शिविर का आयोजन किया। शिविर का उद्देश्य आम लोगों को कोविड-19 महामारी से बचाव, सतर्कता और नियंत्रण एवं प्रबंधन की जानकारी दी। जिसमें नागरिक अस्पताल से आई डॉक्टर चित्रा राठौड़ ने कोविड-19 महामारी के विषय में जानकारी दी। उन्होंने महामारी को पनपने न देने, बीमारी होने पर रोगी से सुरक्षा तथा उसके उपचार में बरते जाने वाली सावधानियों के विषय में जागरुक किया। कोविड रोगी के उपचार में सहयोग करने के दौरान क्या-क्या सावधानियां और कैसे अपनानी चाहिए। कोविड रोगी का बुखार मापने से लेकर उसकी दी जाने वाली दवाइयों के दौरान क्या सुरक्षा अपनानी चाहिए। कोविड रोगी को शरीर में ऑक्सीजन की कमी होने पर क्या सावधानियां बरतनी चाहिए। शरीर की शारिरीक क्षमता को कम पड़ने पर बढ़ाने के लिए क्या करना चाहिए। दवाइयो के साथ-साथ योगाशन करने की विधि और उनके फायदे बताए। शिविर के संयोजक वकील सतेन्द्र कुमार ने बताया कि इसमें भाग लेने वाले नागरिकों में महिलाएं भी शामिल हुई। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को कोविड महामारी के प्रति सजगता बनाना रहा।

## छात्राओं को स्वास्थ्य किट वितरित की

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**एनएच-तीन** स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचन्दा की अध्यक्षता में रोटरी क्लब एवम लक्ष्य ग्रामीण संस्था के सहयोग से छात्राओं को स्वास्थ्य किट वितरित की गई। जूनियर रेडक्रॉस और सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड प्रभारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचन्दा ने बताया कि रोटरी क्लब से जगरोता, प्रवीण, गीता सिंह, मोटीवेटर लेखक अंबादत्त भट्ट एवम अन्य पदाधिकारियों ने छात्राओं को पर्सनल हेल्थ और हाइजीन के संबंध में जागरूक किया।

उन्होंने कहा कि कोरोना काल ने हमें यह सिखाया है कि हमें अपने आप को एवम अपने पारिवारिक जनों को कैसे स्वस्थ रखना है बार बार हाथों को साबुन से अथवा सेनेटाइजर की सहायता से स्वच्छ रखना है। प्रख्यात साहित्यकार एवं मोटीवेटर अंबादत्त भट्ट ने छात्राओं को सफलता प्राप्त करने के विषय में जागरूक किया। उन्होंने कहा कि आप अपने लक्ष्य निर्धारित कर उसे पाने के लिए अपने क्षमता एवम समर्पण से कठिन परिश्रम करो और हमेशा अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए ध्यान केंद्रित रखो।

सामाजिक कार्यकर्ता गीता सिंह ने बालिकाओं से कहा कि वे व्यक्तिगत स्वच्छता पर अधिक ध्यान दें क्योंकि व्यक्तिगत स्वच्छता न रख पाने के कारण एक तिहाई से अधिक महिलाएं विभिन्न रोगों एवम एनीमिया से ग्रस्त हैं यदि आप सब व्यक्तिगत स्वच्छता के साथ साथ मेंटल हेल्थ पर भी फोकस करेंगी तो आप हमेशा स्वस्थ रहेंगी और विद्या अर्जन करने में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं आएगी।

## नेशनल फिन स्विमिंग चैम्पियनशिप में मध्यप्रदेश विजेता

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**हरियाणा** पिन स्विमिंग एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित चौथी नेशनल फिन सविमिंग चैम्पियनशिप मैं मध्य प्रदेश की टीम पहले स्थान पर रही। राजस्थान दूसरे और दिल्ली के खिलाड़ियों ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। विजेता टीम को जिला उपायुक्त जितेंद्र यादव ने ट्रॉफी व पदक देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में देशभर के 16 राज्यों की टीमों ने हिस्सा लिया था। इस अवसर पर संबोधित करते हुए जिला उपायुक्त जितेंद्र यादव ने कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग है।

उन्होंने कहा कि खेलों से हमें आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है और हम स्वस्थ भी रहते हैं। उन्होंने देशभर के अलग-अलग हिस्सों से आए सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि हरियाणा आज खेलों के मामले में लगातार आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के खिलाड़ियों ने ओलंपिक ही नहीं बल्कि पैरा ओलंपिक में भी दुनिया भर में प्रदेश का नाम आगे किया है। उन्होंने कहा कि भारत के अन्य राज्यों के खिलाड़ियों ने भी अपनी प्रतिभा का लोहा पूरी दुनिया में बनवाया है। उन्होंने प्रतियोगिता के आयोजन के लिए इसको को बधाई भी दी। सेक्टर-12 के खेल परिसर के स्वीमिंग पूल में आयोजित की गई इस प्रतियोगिता में हरियाणा इन स्विमिंग एसोसिएशन के चेयरमैन प्रदीप बेरी ने बताया कि बताया कि हरियाणा इन स्विमिंग में अंडर प्रतियोगिता में लगभग 16 प्रदेशों के खिलाड़ियों ने भाग लिया है। एक बच्चे ने दो घंटों में भाग लिया और भिन्न-भिन्न वर्गों में कॉम्पटीशन करवाया गया। इस मौके पर मौजूद अमित सारथी ने सभी गणमान्य व्यक्तियों को पगड़ी बांधकर मान सम्मान किया और मुख्य अतिथि को समृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एसई राजीव शर्मा, एसटीपी संजीव मान, डॉ मोतीलाल गुप्ता, नरेश मलिक मानसा ग्रुप इंडस्ट्रीज, विनोद कुमार एसीपी, अमरदीप जैन, सरकार तलवार, डॉक्टर मोतीलाल गुप्ता, जितेंद्र चौधरी, सुभाष चौधरी एसआरसी ग्रुप, चीफ इंजीनियर रमेश बागड़ी,योगेश प्रधान आदि मौजूद रहे।

# मरीजों के जीवन से खिलवाड़ कर रहे नशेड़ी एम्बुलेंस चालक

कविता। फरीदाबाद

**सरकारी** एम्बुलेंस न मिलने पर लोग निजी एम्बुलैंसों का सहारा लेते हैं। लेकिन शहर के कुछ निजी एम्बुलेंस चालक मरीजों की जान जोखिम में डालकर वाहन चला रहे हैं। शनिवार को नशे में धुत्त चालक ने मरीज को ले जाते वक्त अजरौंदा चौक पर लगी एंगल में एम्बुलेंस घुसा दी। जिससे एम्बुलेंस में मौजूद बुजुर्ग महिला की हालत अधिक बिगड़ गई।

परिजन एम्बुलेंस चालक को पकड़कर चौकी में ले गए। जहां एम्बुलेंस को एक रात रखने के बाद पुलिस ने उसे सेक्टर-15ए चौकी

### निजी एम्बुलेंस चालक नशा करके चलाते हैं वाहन

का मामला बता कर वहां रविवार को भेज दिया, लेकिन पीड़ित सेक्टर 15ए चौकी नहीं पहुंचे।

### यह है पूरा मामला

**एनएच-दो** निवासी एक बुजुर्ग महिला को परिजन तबियत बिगड़ने पर एक निजी एम्बुलेंस के जरिये शनिवार को इलाज करवाने सेक्टर-16 स्थित क्यूआरजी अस्पताल लेकर निकले थे। अजरौंदा चौक पर



पहुंच कर चालक ने एक एंगल में टक्कर मार दी। जिस पर परिजन एम्बुलेंस चालक को लेकर एनएच-दो पुलिस चौकी पहुंचे और शिकायत दे दी। परिजनों ने बताया कि एम्बुलेंस चालक नशे में था। जिस पर पुलिस ने उसकी एम्बुलेंस को चौकी में रखवा लिया। लेकिन रविवार को पूरे मामले को देखते हुए उन्हें अजरौंदा का मामला बताते हुए दोनों पक्षों को वहां जाने के निर्देश दिए।

### नहीं होती कार्रवाई

**निजी** एम्बुलेंस जिले में धडल्ले से मरीजों को लेकर घूम रही है। लेकिन इन पर किसी तरह की कोई कार्रवाही या जांच नहीं होती है। जबकि अधिकांश चालकों के पास तो एम्बुलेंस के फिटनेश सर्टिफिकेट तक नहीं है। वहीं पोल्यूशन भी वह नहीं करवाते है। एम्बुलेंस में बिना रजिस्ट्रेशन के सीएनजी लगाना वर्जित है। लेकिन बिना रजिस्ट्रेशन के आज भी शहर में सैंकड़ों एम्बुलेंस सड़कों पर हैं। जिसके लिए न तो स्वास्थ्य विभाग आगे आ रहा है और न ही पुलिस। ऐसे में मरीजों की जान से खिलवाड़ हो रहा है। लोगों का कहना है कि अधिकांश चालक नशे की हालत में ड्राइव करते हैं।

### पुलिस की कार्रवाई

**एनएच** दो स्थित पुलिस चौकी इंचार्ज ने बताया कि यह मामला उनकी पुलिस चौकी में आया था। जिसकी शिकायत उनके यहां तैनात हैंड कांस्टेबल सुलतान ने ली थी। वहीं जब सेक्टर-15ए चौकी में बात की गई तो उन्होंने बताया कि उनके यहां किसी भी बुजुर्ग महिला का केस नहीं आया है।

# युवाओं को स्व रोजगार देकर देश को बनाया जाएगा आत्मनिर्भर

### युवाओं को हुनर के आधार पर रोजगार देकर विकसित भारत की ओर कदम

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**भारत** सरकार के केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि बेरोजगारों को स्व रोजगार देकर भारत को आत्मनिर्भर बनाने की ओर अग्रसर किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश में युवाओं को कौशल के आधार पर स्व रोजगार प्रदान कर रहे हैं। विकसित भारत के निर्माण के लिए युवाओं को भागीदार बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश में युवाओं को बेरोजगारी के लिए भटकना नहीं पड़ेगा बल्कि लोगों को रोजगार देने का काम करेंगे। यह बात केंद्रीय राज्य सूची गोपाल गुर्जर सेक्टर-12के कन्वेंशन हॉल में मेघा जाब मेले में उपस्थित युवाओं को संबोधित करते हुए कही।


उन्होंने बेरोजगार युवाओं से आह्वान करते हुए कहा कि वे भी लोगों को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करें। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि देश में स्किल डेवलपमेंट की पहली यूनिवर्सिटी पलवल में बनाई गई है। वहां कौशल के आधार पर युवाओं को रोजगार भी मुहैया करवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आज मेघा रोजगार मेले में 23 कंपनी आई है। जहां युवाओं को रोजगार दिया जाएगा।

कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री सक्षम युवाओं को स्व रोजगार के लिए गम्भीरता से कार्य कर रहे हैं। पलवल में स्किल डेवलपमेंट युनिवर्सिटी बनाई गई है। उन्होंने कहा कि एनसीआर में जल्द ही स्व रोजगार की नई क्रांति आएगी। इसके लिए सरकार ने एनसीआर में सिक्रेट पॉलिसी बनाई गई। जिसमें औद्योगिक क्षेत्र में नई औद्योगिक क्रांति आएगी। इस क्रांति में सक्षम युवाओं को स्व रोजगार करने में सरकार द्वारा हर संभव मदद की जाएगी। इसको सफल बनाने में प्रदेश के आईटीआई तथा अन्य तकनीकी शिक्षण संस्थानों और विश्वविद्यालयों का विशेष योगदान होगा।

कौशल विकास विभाग के निदेशक आनंद प्रकाश ने कहा कि हरियाणा सरकार स्कील डेवलपमेंट पर गंभीरता से कार्य कर रही है। हरियाणा की आबादी 65 परसेंट युवाओं की है और इन युवाओं को रोजगार के लिए स्वरोजगार स्थापित करने के लिए सरकार गंभीर है। मल्टीनेशनल कंपनियों में युवाओं को रोजगार के लिए आवेदन दिए गए उन्हें रोजगार दिलवाया जाएगा। इस अवसर पर कौशल विकास के कम्पीटिशन में जिला स्तर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली 23 टीमों को 11000 रूपये की धनराशि और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली 20 टीमों को 5100-5100 रूपये की धनराशि के चैक दिए गए।

ये टीमें ऑटो ऑटोमोबाइल, ब्यूटी पार्लर, मोबाइल सहित अन्य क्षेत्रों में भाग लिया था। इस अवसर पर विधायक नरेंद्र गुप्ता, निदेशक आनंत प्रकाश, चीफ स्कील डेवलपमेंट ऑफिसर दीपक शर्मा, कौशल विकास विभाग की एचएसडीडी पूनम श्योरान सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# किसान मजदूर खेत बचाओ यात्रा को प्रदेश में मिला समर्थन



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**आम** आदमी पार्टी के जिला कार्यालय की रविवार को धूम धड़ाके के साथ ओपनिंग की गई। सुशील गुप्ता का पार्टी कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं एवं पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। पार्टी के राज्यसभा सांसद एवं हरियाणा प्रदेश के सह प्रभारी डॉ. सुशील गुप्ता ने मुख्य अतिथि के रूप में शिकरत करते हुए गुड़गांव-बड़खल रोड स्थित जिला कार्यालय का रिबन काटकर उद्घाटन किया।

इस अवसर पर सुशील गुप्ता ने प्रैसवार्ता को सम्बोधित करते हुए जानकारी दी कि आज जिले की 4 विधानसभा क्षेत्रों में कार्यकर्ता सम्मेलनों का भी आयोजन किया जाएगा। जिसमें एनआईटी विधानसभा क्षेत्र, बल्लभगढ़, बड़खल एवं उसके बाद तिगांव विधानसभा क्षेत्र में कार्यकर्ता सम्मेलनों को सम्बोधित किया जाएगा। उन्होंने प्रदेश की हरियाणा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि हरियाणा पहला ऐसा राज्य है, जहां किसानों की जमीन एक्वायर करने से पूर्व किसानों की राय लेना जरूरी नहीं होगा। इससे खट्टर साहब किसानों की जमीन एक्वायर करेंगे और अडानी एवं अम्बानी जैसे पूंजीपतियों को बेचा जाएगा। एक तरफ तो सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर वन क्षेत्र को उजाड़ने का काम फरीदाबाद प्रशासन कर रहा है, वहीं दूसरी तरफ अलग-अलग संस्थानों के नाम पर जमीन अलॉट कर वन क्षेत्र में कंस्ट्रक्शन करने का काम प्रशासन कर रहा है। हरियाणा प्रदेश पूरे देश में बेरोजगारी के क्षेत्र में नं.1 है। हरियाणा के सभी बॉर्डरों पर 10 महीने से किसान बैठा हुआ है, मगर हरियाणा सरकार जाति व धर्म से ऊपर उठकर कोई कार्य नहीं कर पाई है। हरियाणा एकमात्र ऐसा प्रदेश है, जहां सरकार के मंत्री, सांसद अपने ही क्षेत्र में जाने से डरते हैं।

# रोटरी क्लब ट्यूलिप ने किया पंचलाइट नाटक का मंचन

### छांयास के बच्चों के प्रशिक्षण भवन निर्माण को फंड के लिए किया मंचन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**रोटरी** क्लब ऑफ फरीदाबाद ट्यूलिप द्वारा पंचलाइट नामक नाटक का मंच किया गया। इस नाटक का आयोजन छांयास के ग्रामीण बच्चों के प्रशिक्षण के लिए भवन निर्माण को लेकर फंड रेज करने के लिए किया गया। यह जानकारी देते हुए रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद ट्यूलिप्स की प्रधान निधि अग्रवाल ने बताया कि उनका क्लब एक मात्र महिला रोटरी क्लब है, जिसने बहुत कम समय में एक अलग पहचान बनायी है। जो समय समय पर समाज में सेवा करने के लिए तत्पर रहता है।

इसी श्रृंखला में रोटरी ट्यूलिप द्वारा विद्या मंदिर पब्लिक स्कूल सेक्टर 15 में पंचलाइट नामक नाटक का मंचन किया गया। नाटक का निर्देशन राधा भाटी ने किया। नाटक में गांव के विकास को दिखाया गया जिसमें किस तरह से अंधेरे से जूझ रहे गांव को रोशनी मिलती है, उसका नाट्य रूपांतरण किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में रोटरी 3011 डिप्टी गवर्नर अनूप मित्तल, वरिष्ठ रोटेरियन व उद्योगपति विजय जिंदल मौजूद रहे। जबकि विद्या मंदिर स्कूल के प्रधानाचार्य आनंद गुप्ता सम्मानीय अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

जबकि विशिष्ट रूप से सचिन जैन, अंजलि जैन, दीपक तलवार, धीरज भूटानी, महेश त्रिखा, समीर गुप्ता, आशीष अग्रवाल, सोनिया लूथरा, ज्योति भल्ला, मीनू गुप्ता, बबीता, सोनिया राय, मधु ने शिरकत की। जबकि अनेक रोटेरियन्स व गणमान्य जन बतौर अतिथि उपस्थित रहे और इस नेक कार्य की सराहना की।

इस मौके पर डीजी अनूप मित्तल ने रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद ट्यूलिप के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि उन्हें खुशी है कि अब रोटरी क्लब में महिलाएं भी सक्रियता से समाज सेवा के लिए बढ़चढ़ कर काम कर रही हैं और रोटरी ट्यूलिप ने इस मामले में मिसाल कायम की है। वहीं आनंद गुप्ता ने भी महिला रोटेरियन्स के इस प्रयास की सराहना की।

# पुलिस एसआई की लिखित परीक्षा हुई सफलता पूर्वक

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जिलाधीश** जितेंद्र यादव ने कहा कि रविवार को आयोजित हरियाणा पुलिस के एसआई की लिखित परीक्षाओं सही संचालन हुआ। परीक्षा केंद्रो में केवल ड्यूटी देने वाले अधिकारी अन्दर जा सके। इसके अलावा कोई भी अधिकारी व कर्मचारी परीक्षा केंद्रो के अन्दर जाने पर हरियाणा स्टाफ सलेक्शन कमीशन द्वारा जारी कानूनी हिदायतों के अनुसार पूर्णतया पाबंदी रही।

उन्होंने कहा कि हरियाणा पुलिस की लिखित परीक्षा के लिए फरीदाबाद में 79 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। यह परीक्षा प्रात: 9 से 10.30 बजे तक आयोजित की गई। इसमें 13981 परीक्षार्थी परीक्षाएं दी। सरकार द्वारा जारी नियमों के अनुसार परीक्षार्थी को प्रात: 8.10 के बाद परीक्षा केंद्र में प्रवेश ही दिया गया। इन सभी परीक्षा केंद्रों पर जैमर और सीसीटीवी कैमरे लगा दिए गए थे। परीक्षा के संबंध में,फ्लाइंग आफिसर, ड्यूटी मैजिस्ट्रेट, ट्रांसिट अफसर और परीक्षा केंद्रो के अधीक्षकों सहित पुलिस विभाग के अधिकारियों को कहा कि परीक्षा के दौरान एसडीएम त्रिलोक चंद को



नोडल अधिकारी बनाया गया था। सीटीएम/जिला राजस्व अधिकारी विजय कुमार को परीक्षा के आयोजन संबंधी सभी प्रबंधो के लिए सभी ड्यूटी मैजिस्ट्रेट और ट्रांजिट अफसर तथा परीक्षा केंद्रो के अधीक्षक अपने कार्य दायित्व से जुड़े दायित्वों के बारे में कमीशन की हिदायतों के अनुसार पूरी तरह जानकारी हासिल कर उन्हें दिशा निर्देश दिए और परीक्षा केंद्रो से सम्बंधित समस्याओं का समाधान किया गया। इसके लिए नगराधीश कार्यालय के कमरा नम्बर 215 में कंट्रोल रूम बनाया गया था। जिलाधीश ने कहा कि परीक्षा केंद्र अधीक्षक और परीक्षा केंद्र पर ड्यूटी दे रहे पुलिस टीम के इन्चार्ज ने आपसी तालमेल बनाए रखा। ड्यूटी मैजिस्ट्रेट परीक्षा केंद्र पर पूरी कानून व्यवस्था बनाए रखी गई। सरकार द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार उसके खिलाफ तुरंत कानूनी कार्यवाही अमल में लाई गई।

### खेलों से होता है शारीरिक और मानसिक विकास : यशपाल

**फरीदाबाद।** एमसीएफ के कमीशनर यशपाल ने कहा कि खेलों से शारीरिक और मानसिक विकास होता है। खेलों हारने वाले को जीतने वाले प्रेरणा मिलती है। नगर निगम आयुक्त यशपाल ने आज रविवार को हरियाणा पिन स्विमिंग एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित चौथी नेशनल फिन सविमिंग चैम्पियनशिप की विधीवत शुरुआत की घोषणा उपरांत यह बात कही।

राष्ट्रीय तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन बड़ी धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ किया गया। सविमिंग चैम्पियनशिप स्थानीय सेक्टर-12 के खेल परीसर के स्वीमिंग पूल में आयोजित की गई। हरियाणा इन स्विमिंग एसोसिएशन के चेयरमैन प्रदीप बेरी ने बताया कि बताया कि हरियाणा इन स्विमिंग में अंडर प्रतियोगिता में लगभग 16 प्रदेशों के खिलाडियों ने भाग लिया है। एक बच्चे ने दो घंटों में भाग लिया और भिन्न-भिन्न वर्गों में कंपटीशन करवाया गया। इस मौके पर मौजूद अमित सारथी ने सभी गणमान्य व्यक्तियों को पगड़ी बांधकर मान सम्मान किया और मुख्य अतिथि को समृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं : मूलचंद शर्मा



पायनियर समाचार सेवा। बल्लभगढ़

**परिवहन** मंत्री मूलचंद शर्मा ने रविवार को पंजाबी सेवा समिति द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में शिरकत की। हरियाणा के परिवहन मंत्री मूलचन्द शर्मा ने रक्तदाताओं को बधाई देकर उनकी हौसला अफजाई भी की। परिवहन मंत्री ने कहा रक्तदान से बड़ा पुण्य का कार्य और इससे बड़ा पुण्य कोई नही है। रक्त मानव जीवन के अंतिम समय पर जरूरत पड़ने पर लोगो की जान बचाता है। पंजाबी सेवा समिति से प्रेम खट्टर, श्यामलाल छाबड़ा, ज्योति छाबड़ा, दयानंद विरमानी, राम जुनेजा, वासुदेव अरोड़ा, पार्षद दीपक यादव, पूर्व पार्षद दयाचंद यादव, राव रामकुमार, बिट्टू पंजाबी, वीरेंद्र मनचंदा, सरवन आर्य मौजूद रहे।

# बच्चों को पिलाई गई दो बूंद जिंदगी की

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जिले** में रविवार से 27 व 28 सितम्बर तक तीन दिवसीय प्लस पोलियो अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में जिले में 370596 बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाने का निर्णय लिया गया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला के 630766 घरों को कवर करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। पोलियों अभियान के प्रथम दिन 1670 पोलियों बुथों पर खुराक पिलाई गई। पहले दिन 54.5 प्रतिशत लक्ष्य पूरा किया गया।

जिसके तहत विभिन्न अस्पतालों और स्वास्थ्य केन्द्रों पर नेताओं के द्वारा उद्घाटन किया गया। इसी कड़ी में बीके सिविल अस्पताल में मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने बच्चे को पोलियों की खुराक पिलाई, इस मौके पर उनके साथ बडखल विधायक सीमा त्रिखा के अलावा सीएमओ डॉ. विनय गुप्ता, डॉ. मान सिंह व अन्य स्वास्थ्य



कर्मी मुख्य रूप से मौजूद रहे। वहीं बल्लभगढ़ सिविल अस्पताल और एफआरयू दो में मंत्री मूलचंद शर्मा ने बच्चों को पोलियों की दवा पिलाकर पोलियों अभियान को शुरू किया। इस मौके पर सीएमओ के अलावा जिला टीकाकरण व वैक्सीनेशन अधिकारी डॉ. मान सिंह मुख्य रूप से मौजूद रहे।

**आज से डोर टू डोर** : डॉ. मान सिंह ने बताया कि जिले में पोलियों अभियान के लिए 2402 टीमें गठित की गई है। इसके अलावा 131 मोबाइल टीमें और 116 ट्राजिंट टीमें बनाई गई है। जोकि जिला में 0 से 5 साल के बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाने में मदद कर रही है। जिला में नान माईग्रेटिड हाई रिस्क 26 क्षेत्र और कुल 571 क्षेत्र है। इनमें स्लम की 327, नोम्ड की 7, ईट भट्टे 121 और निर्माणाधीन साईटो के लिए 57 टीमें गठित की गई है। उन्होंने बताया कि आज और कल टीमें घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाएंगी।

### घर-घर जाकर लगाएंगे टीका



**पोलियो** अभियान की शुरूआत के साथ ही मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने डोर टू डोर जाकर लोगों को कोरोना से बचाव की वैक्सीन लगाने का निर्णय लिया है। जिसके लिये उन्होंने अस्पताल से एक वाईक सवार को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बाईक सवार डोर टू डोर जाकर स्वास्थ्य केन्द्र तक न पहुंच पाने वाले लोगों को वैक्सीन लगाएगा। जिसका मुख्य उद्देश्य लोगों को कोरोना से बचाना होगा। इअधिकारियों ने बताया कि फिलहाल कोरोना के मरीजों की संख्या कम हो गई है। प्रदेश में वैक्सीनेशन के आंकड़ों में फरीदाबाद पहले नम्बर पर है।

## संक्षिप्त समाचार

### दो नए मरीज और मिले कोरोना पॉजिटिव



**फरीदाबाद।** उपायुक्त जितेंद्र यादव ने बताया कि जिला में रविवार को कोरोना वायरस के दो मामले पॉजिटिव सामने आए है। वहीं रविवार को जिला में रिकवरी रेट भी 99.27 प्रतिशत पर पहुंच गया है। यादव ने बताया कि कोरोना पॉजिटिव के दो केसों को अस्पताल में भी दाखिल किया गया है। जबकि होम आईसोलेशन पर जिला मे 9 लोगों को रखा गया है तथा एक्टिव केसों की संख्या भी 11 हो गई है। जिला में कोरोना संक्रमण की रफ्तार पर ब्रेक लगाने के लिए टेस्टिंग और वैक्शीनेशन पर जोर दिया जा रहा है। जिला में पिछले 24 घंटे में 580 लोगों टेस्ट किए गए। जबकि अब तक जिला फरीदाबाद में 1131418 लोगों ने अब तक टेस्ट करवाया गया। इनमें से 99853 लोग कोराना पोजिटिव पाए गए। जबकि 1030826 लोग नेगेटिव मिले। अब तक जिले में 739 लोगों के रिजल्ट आने बाकी है। वहीं अब तक जिले में 99126 लोग ठीक हो चुके हैं। वहीं जिले में तेजी से वैक्सीनेशन को बढ़ावा दिया जा रहा है। जिसके तहत 6178 वैक्सीन रविवार को लगाई गई।

### आनंद मेहता बने फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष



**फरीदाबाद।** बीके चौके के निकट स्थित केएल मेहता दयानंद कॉलेज फॉर वूमेन में जिला फूटबॉल एसोसिएशन के सदस्यों की एक बैठक आयोजित की गई। इस मौके पर एजीएम आफ डीएफए फरीदाबाद की तरफ से नई टीम का सिलेक्शन किया गया। यह चयन तीन वर्ष बाद किया गया। इस मौके पर एजीएम और डीएफए के 71 सदस्य इस चयन प्रक्रिया में मौजूद रहे। जिसमें सर्वसम्मिति से एक बार फिर जिला फुटबॉल एसोसिएशन का प्रेजीडेंट आनंद मेहता को चुना गया। इस मौके पर जनरन सैकेट्री, ट्रेजरार, के अलावा अन्य कई सदस्य मौजूद रहे। चयन प्रक्रिया के बाद आनंद मेहता ने कहा कि वह आगे भी पहले ही तरह ही फुटबॉल एसोसिएशन की सभी नियमों का पालन करेंगे और आगे आने वाले समय में इसे आसमान की ऊंचाईयों पर पहुंचाने का प्रयास करेंगे।

### शिविर में 87 यूनिट रक्त हुआ एकत्रित


**फरीदाबाद।** कोरोना के मुश्किल वक्त में रक्तदान किसी की जिंदगी बचा सकता है। ऐसी मुश्किल घड़ी में मरीजों की जान बचाने के लिए आज फरीदाबाद सेक्टर 58 स्थित विक्टोरा टूल कंपनी में रोटरी क्लब ऑफ फरीदबाद ईस्ट के सहयोग से मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में बतौर मुख्य अतिथि अजित तेवतिया, चेयरमैन, भारतीय कृषक समाज व् सदस्य इस्पात मंत्रालय, भारत सरकार उपस्थित हुए। रक्तदान शिविर का आरंभ मुख्य अथिति अजित तेवतिया, विक्टोरा टूल के मैनेजिंग डायरेक्टर एस एस बांगा, विक्टोरा लिफ्ट के सीईओ सतवीर बांगा, रोटरी क्लब ऑफ फरीदबाद पदाधिकारी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस शिविर में विक्टोरा के प्रबंधन अधिकारी सहित कर्मियों ने संकल्पित भाव से 87 यूनिट रक्तदान किया। ये खास बात यह रही कि रक्त दान करने वालों में महिला कर्मियों ने उत्साह पूर्वक रक्तदान किया। इस मौके पर एसएस बांगा ने रक्तदान करने वाले कर्मियों का हौसला बढ़ाया और उन्होंने कहा है कि रक्तदान एक पुनीत कार्य है। सभी दानों में रक्तदान को सर्वश्रेष्ठ दान माना जाता है, क्योंकि इससे किसी का जीवन बचाया जा सकता है। ब्लड बैंकों में रक्त की आवश्यकता की निरंतर पूर्ति करने के लिए पर्याप्त मात्रा में रक्त संग्रह होना जरूरी है।

### ब्राह्मण सभा ने किया सौम्या आनंद को सम्मानित



**फरीदाबाद।** यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण करने वाली गांव भुआपुर की होनहार बेटी सौम्या आनंद को सुरेन्द्र शर्मा बबली राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा ने उनके सेक्टर-2, फरीदाबाद स्थित निवास पर पहुंचकर सम्मानित किया। सौम्या ने यूपीएससी परीक्षा में 492 रैंक हासिल कर शहर का नाम रोशन किया है। उनकी कामयाबी को लेकर फरीदाबाद में लोगों द्वारा बधाईयों का तांता लगा हुआ है। इसी कड़ी में अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा बबली सौम्या को बधाई देने पहुंचे और कहा कि आज बेटी दिवस भी है और सौम्या ने परिवार के साथ हम सभी का गौरव बढ़ाया है। हम सभी को सौम्या पर गर्व है और हम उसके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। उन्होंने सौम्या से प्रेरणा लेकर अन्य लोगों को भी अपनी बेटियों को उनके भविष्य को लेकर सहयोग करने और उच्च शिक्षा दिलाने में अपनी रूचि दिखाने की अपील की। बेटियां पढ़ेंगी और अच्छा मुकाम हासिल करेंगी, तो एक मजबूत समाज का निर्माण हो सकेगा। इस मौके पर सौम्या ने बेटियों से अपील की, कि अगर आप लक्ष्य बनाकर उसको हासिल करने का प्रयास करते हैं, तो निश्चित ही आपको सफलता मिलेगी। भले ही उसमें देर हो जाए, मगर आप अपने लक्ष्य को अवश्य प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर हरीश पाराशर एडवोकेट, कर्ण पाराशर इंजिनियर, कृष्ण पाराशर एडवोकेट, देवराज शर्मा, विकास सहित अन्य उपस्थित रहे।

### श्रीबांके बिहारी मंदिर में विश्व हिंदू परिषद की बैठक



**फरीदाबाद।** विश्व हिंदू परिषद जिला पश्चिमी की बैठक श्रीबांके बिहारी मंदिर नंबर-5 फरीदाबाद में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता विभाग अध्यक्ष प्रेमचंद गोयल ने की मंच संचालन विभाग संगठन मंत्री साहिल वालिया ने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन का प्रचार प्रसार और हिंदुओं को संगठित करना है। बैठक में तय हुआ की सभी खंड प्रखंड नगर जिला पदाधिकारी अपने अपने क्षेत्र के मंदिरों में परिवार सहित ज्यादा से ज्यादा संख्या में मंगलवार के दिन हनुमान चालीसा का उच्चारण रात्रि 8 बजे से 9 बजे तक करेंगे। नवरात्रों और विजयदशमी सप्ताह शस्त्र पूजन सभी खंड प्रखंड नगर जिला भिन्न-भिन्न स्थानों पर शस्त्र पूजन किए जाएंगे जैसी हमारी हजारों साल पुरानी परंपरा चली आ रही है हिंदू युवा सम्मेलन भी रखा जाएगा हिंदुओं को क्षेत्रवाद भाषावाद जातिवाद ऊंच-नीच पार्टी वाद मैं बड़े सुनियोजित ढंग से बांट दिया गया है। विश्व हिंदू परिषद सभी हिंदू भाइयों का वाहन करती है कि इस षड्यंत्र को समझें और क्षेत्रवाद भाषावाद जातिवाद ऊंच-नीच पार्टी वाद की दीवारों को गिराकर हम हिंदू सब एक हैं। हम सगे भाइयों से बढक़र हैं। हमें अपनी एकता बनानी है। उन शक्तियों को मुंहतोड़ जवाब देना है, जो चाहते हैं हिंदू संगठित ना हो सके। बैठक में जिला अध्यक्ष पश्चिमी महंत ललित गिरी गोस्वामी ने भी अपने ओजस्वी विचार रखें राजकुमार मदान जिला मंत्री ने भी अपने विचार रखे। इस बैठक में बजरंग दल विश्व हिंदू परिषद मातृशक्ति के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं के रूप में अशोक अरोड़ा, पंडित विनोद शास्त्री, पंडित विनोद दुबे, राकेश सिंगला, राजेंद्र गुलाटी, संजय दत्ता, रवि हीरा, राघवेंद्र सिंह, जीत कुमार, पराग शर्मा, अमित बत्रा, श्याम बहादुर सिंह तथा मातृशक्ति बहन आशा इत्यादि सभी पदाधिकारी कार्यकर्ता एकत्रित हुए सब ने शपथ ली कि विश्व हिंदू परिषद को और अधिक मजबूत बनाएंगे तदोपरांत बैठक समाप्त हुई।

# तालिबान को मान्यता

## संयुक्त राष्ट्र महासभा में मतभेद

**अफगानिस्तान** के भविष्य पर संयुक्त राष्ट्र महासभा में अमेरिका तथा चीन समर्थकों में विभाजन की स्थिति है जिसे निर्णय करना है कि तालिबान की अंतरिम सरकार को मान्यता दी जाए या नहीं। इस मामले में चीन की लफ्फाजी जारी है। अमेरिका के पास संख्याबल है। महासभा तेजी से देशों के एक ऐसे मंच में बदलती जा रही है जिनको तालिबान पर अपना दृष्टिकोण स्पष्ट करना है तथा यह चुनना है कि वे किस पक्ष में हैं। अंततः महासभा को एक निर्णय पर पहुंचना है। यह चाहे जो हो, पर सर्वसम्मति से नहीं होगा तथा समूह से प्रभावित होगा। चीन-रूस-पाकिस्तान धुरी ने जल्दी से एक समूह बनाया है। हालांकि, रूस यह कह कर सही पक्ष में खड़े होने का प्रदर्शन कर रहा है कि तालिबान की अंतरिम सरकार को मान्यता देने में उस समय तक जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए जब तक तालिबान अपने आश्वासनों का सम्मान नहीं करते हैं। लेकिन यथार्थ में वह चाहता है कि इस धुरी को अफगानिस्तान में प्रभाव डालने वाली शक्ति के रूप में दुनिया स्वीकार कर ले। चीन इसे अपने तथा अमेरिका के बीच इच्छाशक्ति के टकराव की तरह देख रहा है। वह चाहता है कि संयुक्त राष्ट्र संस्थायें तालिबान के खिलाफसारे प्रतिबंध उठा लें तथा अमेरिका अफगानिस्तान का विदेशी मुद्रा भंडार जारी कर दे जिसे उसने फ्रीज कर दिया है। पाकिस्तान आगे बढ़ कर एक रोडमैप की मांग कर रहा है जिसका अर्थ सीधे अंतरिम सरकार को मान्यता देना है। इस धुरी के सदस्य तालिबान तथा पर्व सरकार के राजनेताओं से मिलने काबुल जा चुके



हैं तथा वे आतंकवाद पर लगाम लगाने एवं समावेशी सरकार बनाने की मांग कर रहे हैं। अमेरिकन समूह भी यही मांग कर रहा है। पी-5 या संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के स्थाई सदस्यों में महासभा से भी अधिक विभाजन है। फ्रांस वर्तमान समय में आंकुस पनडुब्बी प्रकरण से नाराज है और उसे चीन व रूस के खिलाफअमेरिका व ब्रिटेन के साथ खड़े होने में परेशानी हो रही है। स्थाई सदस्यों के कठोर दृष्टिकोण को देखते हुए यह बाकी दुनिया की क्षमता पर निर्भर है कि वह मान्यता के निर्णय पर बाकी दुनिया को एक बहुसंख्यक निर्णय की ओर ले जाए। जहां तक धुरी के समर्थन या तालिबान के भीतर अंतर्निहित वैचारिक टकराव का सवाल है, तालिबान ने अब तक अपने द्वारा पहले किए अत्याचारों पर कोई पश्चाताप नहीं किया है जिससे वह दुनिया की नजरों में अविश्वसनीय बना हुआ है। उसे अपनी मान्यता प्राप्त होने तक थोड़ी नरमी दिखाने की भी चिन्ता नहीं है। वे अपना प्रतिगामी धार्मिक एजेंडा लागू करने के मामले पर आगे बढ़ने का इरादा स्पष्ट कर चुके हैं। उन्होंने महिलाओं के साथ व्यवहार तथा अंतरिम सरकार में उनकी अनुपस्थिति के बारे में दुनिया की राय को अनदेखा किया है। वहां धार्मिक पुलिस एक बार फिर सामने आ गई है जो इस्लामी कानून लागू करवा रही है। उन लोगों को रक्षा व खुफिया मंत्रालयों में रखा गया है जो पहले गुंआतानामो जेल में बंद थे। धार्मिक पुलिस के पूर्व प्रमुख ने हत्याओं व हाथ-पैर काटने की सजा वापस लाने की मांग की है। ऐसे में देखना होगा कि तालिबान की वर्तमान जिद का क्या कारण है। उनका विश्वास है कि मानवीय सहायता देने वाली वैश्विक संस्थायें अफगानिस्तान के लोगों को भूख से मरने नहीं देंगी, भले ही वे उसकी सरकार को मान्यता न दें। तालिबान इस बारे में प्रतीक्षा करने का खेल खेल रहे हैं।

# गुजरात में परिवर्तन की प्रक्रिया

### दूसरे स्थानों की तुलना में गुजरात के नौजवान जातिवाद के बजाय राज्य में आधुनिक योजनाओं, प्रगति तथा गुणवत्तापूर्ण सामाजिक व आर्थिक विकास के पक्ष में हैं।



**प्रफुल्ल गोराड़िया**
(लेखक पूर्व राज्यसभा सदस्य हैं)



भारत का परम्परागत विवेक कर्तव्यों को ब्रह्मा, विष्णु व महेश में बांटता है जो आवश्यकतानुसार स्त्रष्टि का सृजन, पालन और संहार करते हैं। कोई अकेला देवता ये सारे काम नहीं कर सकता है, भले ही वह चाहे जितना शक्तिशाली ही क्यों न हो। लेकिन जनता एक मंत्री या मुख्यमंत्री से उम्मीद करती है कि वह चुनावों में विजय प्राप्त करे, सरकार का संचालन करे, मंत्रियों की निगरानी करे, सभी विधायकों पर नजर रखे तथा फिर चुनाव जीते। गुजरात के मामले में मुख्यमंत्री को इस बात का श्रेय नहीं दिया जा रहा है कि उन्होंने 2017 का चुनाव जीता, बल्कि इसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता की शक्ति पर जीता चुनाव बताया जा रहा है। यह पुराना विश्वास है कि निर्वाचित होने के बाद मुख्यमंत्री को अगले चुनाव तक पद पर रहना चाहिए जो सामान्यतः पांच साल बाद होता है। यहां तक कि अक्सर अमेरिकन राष्ट्रपति भी अपना चार साल का कार्यकाल पूरा नहीं कर पाते हैं। राजनेता वर्ग में पक्का विश्वास है कि भूपेंद्र भाई की छोटी सी कंपनी ने साबरमती रिवर फ्रंट का निर्माण किया है जिससे अहमदाबाद का सौंदर्य बढ़ गया है। दूसरा विश्वास यह है कि उन्होंने अहमदाबाद की बस रैपिड ट्रांजिट व्यवस्था भी बनाई है जो अन्य शहरों की तुलना में ऐसी योजना बेहतर तरीके से संचालित कर रही है, जबकि दूसरे शहरों में ऐसी योजनायें परवान नहीं चढ़ सकी हैं। इन उपलब्धियों के बाद से ही भूपेंद्र भाई भाजपा के दिमाग में ऐसी आधुनिक योजनाओं के निर्माता के रूप में थे जो बिल्कुल सटीक थीं तथा समय पर पूरी हुईं। वे लेउवा पटेल के बजाय कड़वा पटेल हैं। माना जाता है कि वे भगवान राम के पुत्रों लव व कुश के वंशज हैं और इसी कारण उनके नाम में 'ल' और 'क' है।

एक अन्य तथ्य पर भी लोगों का ध्यान नहीं जाता है जिसे अवसर कहते हैं। अधिकांश विधायक चुनाव जीतने पर मंत्री बनने की इच्छा रखते हैं, बशर्ते कि उनका संबंध चुनाव में सत्ता प्राप्त करने वाली पार्टी से हो। गुजरात में इन विधायकों की संख्या 182 है। जो विधायक इस स्थिति में नहीं आ पाते हैं, उनकी उम्मीदें आमतौर से टूट जाती हैं जब तक कि बड़े पैमाने पर कोई दलबदल न हो। यदि बहुमत वाली पार्टी में लगभग 100 विधायक हों तो 25 को मंत्री पद मिल सकता है, लेकिन ऐसे में बाकी 75 का क्या होगा। उनके पास स्वयं को आगे बढ़ाने का कोई अवसर नहीं होता है, बस वे एक विधायक बन कर रह जाते हैं जो अवसर की प्रतीक्षा कर सकता है। इसलिए यह उपयुक्त है कि सत्तारूढ़ पार्टी अपनी सरकार में परिवर्तन करती रहे। चूंकि सभी मंत्री सक्षम नहीं होते हैं, इसलिए उनमें परिवर्तन की जरूरत होती है।

यह सच है कि भारत की खास परिस्थितियों में अधिकांश पार्टियों को एक ओबीसी के स्थान पर समान प्रतिनिधित्व करने वाले ओबीसी को लाना पड़ता है। ऐसे में आमतौर से उसके कामकाज को अनदेखा करना पड़ता है। लेकिन अब समय बदल रहा है। आज के नौजवान जाति को उतनी प्राथमिकता नहीं देते हैं जितनी उनके पिता या बाबा देते थे। ये नौजवान जीवन में कुछ प्राप्त करना चाहते हैं। यदि समाज व अर्थव्यवस्था आगे नहीं बढ़ते हैं तो उनके पास भी आगे बढ़ने का अवसर बहुत सीमित होता है। इसका अर्थ है कि

> कुछ महीने पहले असम की तरह गुजरात की सरकार में परिवर्तन से स्पष्ट है कि भाजपा राजनीति को आधुनिक बनाने के लिए फैसले लेने से नहीं हिचकती है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए पार्टी नेतृत्व में परिवर्तन से जरा भी संकोच नहीं करती है। यह स्थिति कांग्रेस के एकदम उलट है जो एक पारिवारिक बिजनेस में बदल गई है।

पेशों में गुणवत्तापूर्ण विकास तथा मात्रात्मक वृद्धि जरूरी है। नौजवान समझ गए हैं कि वे विकास की उम्मीद उस समय तक नहीं कर सकते हैं जब तक देश की राजनीति पर जाति का बंधन लगा हुआ है। यदि राजनीति नहीं बदलती है तो समाज में केवल राजनीति को ही बढ़ावा मिलेगा, अर्थव्यवस्था में प्रगति नहीं होगी तथा समाज गतिहीन बना रहेगा। यह स्थिति विनाशकारी हो सकती है। संक्षेप में कहा जाए तो यदि चुनाव जीतने की इच्छा रखने वाली पार्टी का नेता विकास नहीं कर सकता है तथा केवल यथास्थिति बनाए रखता है तो उसके बजाय दूसरी पार्टी चुनाव में अपने आप विजय प्राप्त कर सकती है।

उल्लेखनीय है कि गुजरात में आज तक तीसरी पार्टी को स्थान नहीं मिला है और यहां केवल कांग्रेस व भाजपा हैं। ऐसे में तीसरी शक्ति के रूप में उभरने का प्रयास करने वाले सभी लोग विफल रहे हैं। तीसरी पार्टी के रूप में उभरने का प्रयास करने वाले अंतिम व्यक्ति गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री केशूभाई पटेल थे जिनका देहान्त हो चुका है। लेकिन इस नई पार्टी से चुनाव जीतने वालों में केशूभाई अकेले थे। हालांकि, अगले विधानसभा चुनाव में तीन पार्टियां चुनाव में उतरेंगी जिनमें भाजपा व कांग्रेस के अलावा आम आदमी पार्टी-आप भी शामिल है। इस तिकोने मुकाबले से भाजपा की स्थिति बेहतर हो जाएगी। गुजरात ऐसा राज्य है जहां राजनीति पर अर्थव्यवस्था भारी पड़ती है। लेकिन कांग्रेस ने जातिवाद को असाधारण ऊंचाइयों तक पहुंचाया। ऐसा खासकर उस समय हुआ जब माधवसिंह भाई सोलंकी मुख्यमंत्री थे। उसने यह रणनीति उत्तर प्रदेश और बिहार से ली थी। लेकिन इसके बावजूद गुजरात में कांग्रेस का पतन हुआ। कांग्रेस पार्टी ने कुछ चुनाव विभिन्न जातियों से गठजोड़ कर लड़े जिनमें खाम, यानी क्षत्रिय, हरिजन, आदिवासी व मुसलमान शामिल हैं। कांग्रेस की दूसरी गलती उसका समाजवाद था जो गुजराती सोच से मेल नहीं खाता है। कांग्रेस कुछ साल तक सत्ता में इसलिए बनी रही क्योंकि उसका मुकाबला करने वाला कोई नहीं था।

उल्लेखनीय है कि गुजरात के सबसे कद्दावर नेताओं ने स्वयं को राज्य की सीमाओं तक सीमित रखने के बजाय स्वयं को देश की सेवा हेतु समर्पित किया। स्वामी दयानंद सरस्वती ने आर्यसमाज की स्थापना करने के साथ ही शुद्धि की वैदिक अवधारणा या हिंदूवाद की ओर स्वैच्छिक वापसी को पुनर्जीवित किया। गांधीजी ने भले ही अहमदाबाद में कोछराब आश्रम की स्थापना की हो, पर वे कभी राज्य नेता के रूप में सीमित नहीं रहे। सरदार पटेल ने असाधारण रूप से देश के लिए काम किया तथा स्वतंत्रता के बाद पूरे देश को एकजुट किया। उस समय देश के पांच में से दो हिस्से ब्रिटिश भारत के बजाय देशी रियासतों के थे। वर्तमान समय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश की सेवा कर रहे हैं जिसके बारे में बहुत कुछ लिखा गया है और लिखा जाएगा।

लेकिन कुछ महीने पहले असम की तरह गुजरात की सरकार में परिवर्तन से स्पष्ट है कि भाजपा राजनीति को आधुनिक बनाने के लिए फैसले लेने से नहीं हिचकती है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए पार्टी नेतृत्व में परिवर्तन से जरा भी संकोच नहीं करती है। यह स्थिति कांग्रेस के एकदम उलट है जो एक पारिवारिक बिजनेस में बदल गई है और जहां केवल प्रशस्ति गायन करने वाले दरबारियों को ही सहन किया जा सकता है।

हाल ही में विधानसभा चुनाव से केवल चार महीने पहले कैप्टेन अमरिंदर सिंह के इस्तीफे से सारी बातें स्पष्ट हो जाती हैं। नए आने वाले लोगों द्वारा उनका अपमान बहुत कुछ कह देता है। इससे पूरी तरह साफहो जाता है कि एक समय महान पार्टी रही कांग्रेस आज केवल अपने सुदूर अतीत की छाया बन कर रह गई है जो कब का समाप्त हो गया है।

# स्थानीय विकास का महत्व

> "व्यवस्था तभी सही ढंग से काम कर सकती है जब एक सीमा तक मानकों में परिवर्तन किया जाए।"

**विनयशील गौतम**
(लेखक जाने-माने प्रबंध सलाहकार हैं)



रिकार्ड रखना सिविल प्रशासन के कार्यों का अभिन्न अंग है। लेकिन भूमि रिकार्ड जैसे मामलों में अखिल भारतीय संदर्भ तलाशने में अधिकतर समस्या पैदा होती है। इसका कारण मापन की इकाई, एकड़, बीघा, आदि का होना है जिसे देश के विभिन्न भागों में अलग-अलग नामों से जाना जाता है। जब संदर्भ की इकाई सीमित व स्थानीय प्रकृति की होती है तो ज्यादा समस्या नहीं होती है। लेकिन जब विभिन्न क्षेत्रों के बीच तुलना करनी जरूरी हो जाए तो समस्या गंभीर रूप धारण कर लेती है। यह समस्या का अंत नहीं है। भारत के कुछ हिस्सों, जैसे गोवा में भूमि स्वामित्व अभी पुर्तगाली संदर्भ व्यवस्था के अनुरूप ही चल रहा है। इससे भूमि के स्वामित्व का पता लगाना अपेक्षाकृत रूप से अधिक जटिल हो जाता है तथा इसका आधिकारिक स्वामी तय करने में कठिनाई होती है। इसलिए बिजनेस को ऐसी स्थितियों से निपटना पड़ता है जिसके बारे में उसके पास सही संदर्भात्मक सूचना नहीं होती है।

इससे भूमि विकास मुद्दों का अखिल-भारतीय पैटर्न जटिल तथा कभी-कभी अत्यधिक जटिल हो जाता है। यदि नियोजन से संबंधित उद्देश्यों के लिए इकाई के नामकरण का प्रायोगिक संदर्भ समान प्रकृति का न हो तो स्थानीय स्तर पर अपरिचित व गलत मानकों का प्रयोग होने लगता है। इसके कारण ऐसी स्थिति पैदा हो जाती है जहां जमीनी यथार्थ तथा नियोजन हेतु मानकों के प्रयोग में विरोधाभास पैदा हो जाते हैं। इस कारण जहां सटीकता की तलाश हो, वहां भी किसी तरह काम चलाना पड़ता है। कभी-कभी इससे काम चल सकता है, लेकिन दूसरे अवसरों पर तात्कालिकता का एक तत्व हावी हो जाता है। महत्वपूर्ण



बात है कि भूमि इकाइयों के परस्पर परिवर्तन का कोई शब्दकोष नहीं है। अतः इनकी कल्पना में कठिनाई पेश आती है।

ऐसी स्थिति में राष्ट्रीय स्तर पर केवल एक खास किस्म का नियोजन संभव हो पाता है तथा नियोजन की अन्य किस्मों को स्थानीय स्तर के लिए छोड़ दिया जाता है। इसका उदाहरण लघु सिंचाई का सांदर्भिक ढांचा है। प्रभावी रूप से यह काम अनेक क्षेत्रों में जारी है। लेकिन इन जटिलताओं से सिविल कर्मचारी के औपचारिक कौशल निर्माण में कमियां आ जाती हैं जिनके कारण वह व्यवस्था संचालन का काम शुरू करने के पहले ही समस्याओं में घिर जाता है। औसत भारतीय सिविल कर्मचारी स्मार्ट, सतर्क तथा यथार्थ पर गहराई से नजर रखने वाला होता है। इन गुणों के कारण वह रचनात्मक रूप से अनेक प्रकार के काम कर सकता है। चूंकि विकास नियोजन की एक महत्वाकांक्षा संदर्भ के ढांचों का मानकीकरण है, इसलिए भूमि इकाइयों और विविधता के इस मुद्दे को घटाने की जरूरत है ताकि इसे प्रबंधन योगय सीमा में लाया जा सके। इसकी शुरुआत मापक इकाइयों के एक प्रकार से समानीकरण से की जा सकती है। इनकी शुरुआत जिला स्तर से की जा सकती है। सौभाग्य से यह काम निकट अतीत में व्यावहारिक उद्देश्यों से शुरू हो गया है।

यह भारतीय प्रशासन की शक्ति है कि जहां स्थानीय स्तर पर समाधान खोजने होते हैं और जहां औपचारिक तरीके विफल हो जाते हैं वहां मूलभूत भारतीय खोजी प्रवृत्ति लागू होती है। इसलिए मानकों में लचीलापन बरतने की जरूरत है। यदि मानकों तथा आयामों में कुछ प्रतिशत का विचलन सहन किया जा सकता है तो व्यवस्था काम कर सकती है। अत्यधिक दृढ़ता के कारण समस्यायें पैदा हो सकती हैं। आर्थिक रूप से ज्यादा सफल गुजरात, केरल या कर्नाटक जैसे राज्यों में इस समस्या से निपटने का ज्यादा प्रभावी तरीका खोजा गया है। जो राज्य सीधे ब्रिटिश शासन के अंतर्गत आते थे वहां बाहर से लाई गई मापक इकाइयां लागू करने के बहुत गंभीर प्रयास हुए थे, अतः वहां सामाजिक यथार्थ तलाशने में प्रशासन को कठिनाई होती है। स्वतंत्रता के 75वें वर्ष में प्रवेश के समय उत्सव मनाने के साथ ही राष्ट्रीय विकास के अनेक क्षेत्रों में यथार्थ को पहचानने का भी समय है जहां विश्लेषण, निवेश, आदि के मानकों में कुछ परिवर्तन जरूरी है। हमें यह सोचने की आवश्यकता है कि स्थानीय व क्षेत्रीय विकास प्रक्रियाओं को समुचित महत्व दिया जाए। भाषा व नस्ल की तुलना में ऐसी स्थितियों से निपटने के लिए ज्यादा गहन दृष्टिकोण तथा विश्लेषण की जरूरत है।

## आप की बात

### सावधानी आवश्यक

**अफगानिस्तान** में तालिबान के सत्ता पर कब्जे को देखते हुए सरकार जम्मू कश्मीर में आतंकवाद के विस्तार के खिलाफ सतर्कता बरत रही है। केन्द्र सरकार ने यहां सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की है। भारत की चिन्ता इस तथ्य से बढ़ गई है कि तालिबान ने विश्व समुदाय को यह आश्वासन नहीं दिया है कि वे अलकायदा जैसे आतंकी समूहों से अपने संबंध तोड़ रहे हैं तथा भारत के दुश्मन पाकिस्तान-आधारित आतंकी समूहों जैसे लश्करे तैयबा व जैशे मुहम्मद को शरण नहीं देंगे। तालिबान के सत्ता में पहुंचने से इन समूहों के हौसले बढ़ सकते हैं और वे हिंसक घटनाओं के लिए कश्मीर में लड़ाकू भेज सकते हैं। आतंकियों और उनके प्रायोजकों के लिए कोई जगह दूर नहीं है और इस संदर्भ में कश्मीर की सुरक्षा समीक्षा जरूरी हो जाती है।ऐसा नहीं कि तालिबान से जुड़े हत्यारे कश्मीर में प्रवेश करना चाहेंगे, बल्कि वास्तव में पाकिस्तान अमेरिकी सैनिकों के चले जाने के बाद से अफगानिस्तान में पैदा स्थिति का लाभ उठा कर आतंकी समूहों को संरक्षण देकर उनको कश्मीर में अफगान क्षेत्र से प्रवेश कराना चाहेगा। अतः, भारत को सावधान रहना होगा।

– **नीलेश रंजन,** कानपुर

### उदार एवं प्रगतिशील है हिन्दुत्व

**आज** दुनिया के 90 प्रतिशत से अधिक हिंदू भारत में रहते हैं। इस प्रकार हिंदुत्व अपने इतिहास और व्यावहारिकता के कारण मुख्यतः भारत-केन्द्रित है। लेकिन हिन्दुत्व एक प्रगतिशील विचारधारा है, जिसका दृष्टिकोण हमेशा से उदार एवं सकारात्मक प्रकृति का रहा है। आखिरकार पश्चिमी देशों में हुई आतंकी घटनाओं में कोई हिंदू क्यों संलिप्त नहीं पाया गया है? आखिर कोई हिंदुत्व समूह बंदूक लहराने वाला नहीं है, जबकि मुस्लिम दुनिया में ऐसे समूहों की कोई कमी नहीं है? आखिर हिंदुत्व समूह 'समान नागरिक संहिता' की पैरवी क्यों करते हैं, जबकि दुनिया भर में इस्लामवादी 'शरीया' चाहते हैं? यदि हम वैश्विक दृष्टिकोण से अन्य विचारधाराओं की तुलना में हिंदुत्व पर गंभीर बहस करना चाहते हैं तो ऐसे अनेक आयाम हैं। लेकिन आयोजक ऐसी बहस से बचना चाहते हैं। दुर्भाग्य से हिंदुत्व के संरक्षक के रूप में देखे जाने वाले आरएसएस जैसे संगठन भी इस विमर्श से बचना चाहते हैं। ऐसे में इन विरोधाभासों पर विचार होना चाहिए कि कैसे खलीफत-समर्थक गांधीजी कैसे 'हिंदू देशभक्त' बन जाते हैं। इन मुद्दों पर एक सकारात्मक बहस होनी चाहिए।

– **अविनाश श्रीवास्तव,** वाराणसी


### समाधान की अनिवार्यता

**फसलें** पैदा करने के लिए परम्परागत यूरिया के अत्यधिक प्रयोग से पर्यावरण को भारी व स्थाई नुकसान हो रहा है। यह नुकसान मृदा की घटती गुणवत्ता है जिसका जलवायु पर विपरीत प्रभाव पड़ता है तथा ग्लोबल वार्मिंग बढ़ती है। इस प्रकार एक ओर परंपरागत यूरिया जनसंख्या के लिए ज्यादा भोजन पैदा करने का काम करती है, वहीं दूसरी ओर यह पर्यावरण को नुकसान पहुंचाती है जो स्वस्थ जीवन की प्रमुख शर्त है। समुचित विकल्प के अभाव में दुनिया एक दुविधा में फंस गई है और हानिकारक परंपरागत यूरिया के अत्यधिक प्रयोग का समाधान तलाशने की जरूरत है।भूमि व जल संसाधनों की कमी तथा उनका क्षरण लगातार बढ़ती जनसंख्या के लिए भोजन, आजीविका व पोषण सुरक्षा की भारी चुनौती पेश करता है। इसलिए ऐसे समाधान की जरूरत है जो खाद्य उत्पादन की की समस्याओं के साथ पर्यावरण को सुरक्षित रखने की समस्याओं का सामना कर सके। कुछ विकल्प सामने आए हैं जिन पर ध्यान देने की जरूरत है।

– **देवेंद्र कौशिक,** मेरठ

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**यदि** भाजपा सदस्य मुसलमानों को पसंद नहीं करते हैं तो उन्हें मुसलमानों द्वारा निर्मित मकान छोड़ देने चाहिए व बताना चाहिए कि मुस्लिम उनके लिए कैसे काम करते हैं।

– **राकेश टिकैत**
किसान नेता



**फ्रांस** और अमेरिका दोनों के ही भारत के साथ संबंध मजबूत करने में हित शामिल हैं। हम इसका पुरजोर समर्थन करते हैं।

– **एंटोनी ब्लिंकेन**
अमेरिकी विदेश सचिव



**3000** किलोग्राम हेरोइन का पकड़ा जाना अप्रत्याशित घटना है और भारत में मुक्त रूप से चल रहे बड़े आपराधिक गिरोह की ओर संकेत करता है।

– **पी चिदंबरम**
कांग्रेस नेता

# सूबे में कोरोना संक्रमण नियंत्रित स्थिति में: योगी

● **17 अक्टूबर से 16 नवम्बर तक चलेगा प्रदेशव्यापी संचारी रोग नियंत्रण अभियान**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री योगी** आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश सरकार की प्रभावी रणनीति का परिणाम है कि राज्य में कोरोना संक्रमण नियंत्रित स्थिति में है। प्रदेश में कोरोना की दूसरी लहर के प्रभावी नियंत्रण के पश्चात जनजीवन तेजी से सामान्य हो रहा है। कोरोना संक्रमण अभी समाप्त नहीं हुआ है। इसलिए थोड़ी लापरवाही भी भारी पड़ सकती है। उन्होंने कोविड 19 से बचाव और उपचार की व्यवस्था को प्रभावी ढंग से जारी रखने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री रविवार को अपने सरकारी आवास पर आहूत एक उच्चस्तरीय बैठक में प्रदेश में कोविड 19 की स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में मुख्यमंत्री को बताया गया कि पिछले 24 घण्टों में राज्य में कोरोना संक्रमण के 11 नए मामले सामने आए हैं। इस अवधि में 12 व्यक्तियों को सफल उपचार के उपरान्त डिस्चार्ज किया गया। वर्तमान में प्रदेश में कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या 176 है। जनपद अलीगढ़, अमेठी, अमरोहा, औरैया, अयोध्या, आजमगढ़, बदायूं, बागपत, बलिया, बांदा, बहराइच, बिजनौर, फर्रुखाबाद, गाजीपुर, गोण्डा, हमीरपुर, हापुड़, हरदोई, हाथरस, कानपुर देहात, कासगंज, महोबा, मीरजापुर, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, पीलीभीत, रामपुर, संतकबीर नगर, शामली, श्रावस्ती, सीतापुर और सोनभद्र में कोविड का एक भी मरीज नहीं है। प्रदेश में कोरोना संक्रमण की रिकवरी दर 98.7 प्रतिशत है। पिछले



24 घण्टे में प्रदेश में 2,17,730 कोरोना टेस्ट किए गए। अब तक राज्य में 07 करोड़ 77 लाख 98 हजार 860 कोविड टेस्ट सम्पन्न हो चुके हैं।

मुख्यमंत्री ने कोविड वैक्सीनेशन कार्य को पूरी सक्रियता से संचालित करने के निर्देश देते हुए कहा कि कोरोना संक्रमण से बचाव में कोविड टीकाकरण एक महत्वपूर्ण सुरक्षा कवच है। बैठक में मुख्यमंत्री को बताया गया कि प्रदेश में कोविड टीकाकरण की प्रक्रिया तीव्र गति से चल रही है। राज्य में गत दिवस तक 10 करोड़ 02 लाख 89 हजार से अधिक कोरोना वैक्सीन की डोज लगाई जा चुकी हैं। यह किसी भी प्रदेश में किया गया सर्वाधिक टीकाकरण है।

मुख्यमंत्री ने डेंगू व अन्य वायरल बीमारियों के सम्बन्ध में प्रदेशव्यापी सर्विलान्स कार्यक्रम को और प्रभावी बनाए जाने के निर्देश दिये। बुखार व संक्रमण के अन्य लक्षणों के संदिग्ध मरीजों की पहचान कर उन्हें उचित परामर्श दिया जाए। अस्पतालों में बेड एवं दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता बनायी रखी जाए। मुख्यमंत्री जी को अवगत कराया गया कि 17 अक्टूबर से 16 नवम्बर 2021 तक प्रदेशव्यापी संचारी रोग नियंत्रण अभियान संचालित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस दौरान आमजन को संचारी रोग के सम्बन्ध में जागरूक किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने ग्राम स्वराज की जो संकल्पना की थी उसे वर्तमान सरकार साकार रूप देने का कार्य कर रही है। इसके दृष्टिगत सम्पूर्ण प्रदेश में गांधी जयन्ती के अवसर पर ग्राम पंचायतों की विशेष बैठकें आयोजित की जाएं जिसमें स्वच्छ भारत मिशन और जल जीवन मिशन पर चर्चा की जाए। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर गांवों को आत्म निर्भर बनाए जाने के सम्बन्ध में भी सार्थक विमर्श किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ प्रभावित जनपदों में कृषि व राजस्व विभाग संयुक्त रूप से कृषि फसलों की क्षति का आकलन करें और उन्हें नियमानुसार क्षतिपूर्ति देने की व्यवस्था करें। उन्होंने कहा कि बाढ़/अतिवृष्टि से प्रभावित लोगों को तत्काल राशन तथा अन्य आवश्यक सहायता उपलब्ध करायी जाए।



सीएम योगी आदित्यनाथ लखनऊ में अपने सरकारी आवास पर आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में लोगों की समस्याएं सुनते हुए

# मंत्रिमण्डल में बदलाव करने से अब कुछ हासिल होने वाला नहीं: अखिलेश यादव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी पार्टी** के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि प्रदेश अपराधों की आग में झुलस रहा है। भाजपा के रामराज में ठोको पुलिस जनता की रक्षा के बजाय फर्जी केस बनाने और फर्जी एनकाउंटर करने में लगी रहती है। इसका फायदा उठाकर अपराधी बेखौफ हत्या, लूट, अपहरण और दुष्कर्म की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। प्रदेश को भाजपा ने अपनी कुनीतियों से बर्बाद किया है। उन्होंने कहा कि अब मंत्रिमण्डल में बदलाव करने से भी भाजपा को कुछ हासिल नहीं होगा क्योंकि चेहरे बदलने की कवायद के बाद भी सरकार तो भाजपा की ही रहेगी। जनता भाजपा सरकार से ऊब गयी है और वह अब उसे सत्ता से बेदखल करने का अंतिम निर्णय कर चुकी है। अखिलेश ने कहा कि मुख्यमंत्री अपने जुमलों में रोज अपराधों पर जीरो टॉलरेंस की बातें करते रहते हैं पर कोई उनको सुनता नहीं है। भाजपा सरकार में मंत्री से लेकर अधिकारी तक सब अपनी मनमानी कर रहे हैं किसी का किसी पर कोई नियंत्रण नहीं रह गया है। अखिलेश ने कहा कि गोरखपुर अपराधियों का अड्डा बन गया है। अभी उनावल के नाले में युवती की लाश मिली।



गुलरिया में बच्चों का शव मिला। महिला की चेन व पर्स चोरी हो गया। जब जिला ही नहीं सम्हल रहा है तो देश का सबसे बड़ा प्रदेश कैसे सम्हल पाएगा, अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा राज में साधु संतों की जिंदगी भी खतरे में है। उन पर जानलेवा हमलों की सूची लम्बी हैं विगत 4 सालों में 42 साधु संतों की हत्या हो चुकी है। किसी को गोली मारी गई तो किसी की संदिग्ध स्थितियों में मौत हुई। अभी तक किसी को न्याय नहीं मिल पाया है। सहारनपुर में सत्ता संरक्षित दबंगों ने दम्पत्ति को जिंदा फूंक दिया। कानपुर में दुष्कर्म के बाद युवती को 10वीं मंजिल से फेंक दिया गया। बुलन्दशहर में किशोरी से दुष्कर्म हुआ। गोण्डा में एक दिन में दो विवाहिताओं की दिल दहलाने वाली हत्याएँ हो गई। अलीगढ़ में अपहरण की घटना हुई। अखिलेश ने कहा कि उत्तर प्रदेश में जबसे भाजपा सरकार आई है अपराधियों का भाग्य निर्णय भी जाति धर्म देखकर किया जाने लगा है। नफरत और समाज को बांटने वाली आरएसएस-भाजपा की रीति-नीति में न्याय की तुला से भी छेड़छाड़ शर्मनाक है।

### सपा का आठ सदस्यीय प्रतिनिधिमण्डल आज मऊ में

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार 8 सदस्यीय समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमण्डल जनपद मऊ जायेगा। प्रतिनिधिमण्डल जनपद मऊ के मधुबन विधान सभा के अन्तर्गत धर्मपुर विनटोलिया गांव में बाढ़ की कटान से लगभग 40 परिवारों के कच्चे और पक्के मकान धराशायी हो गये हैं किन्तु प्रशासन ने अभी तक कोई आर्थिक सहायता नहीं दी है जिसकी जानकारी एवं पीड़ित परिवार से मिलने हेतु 08 सदस्यीय समाजवादी प्रतिनिधिमण्डल 27 सितम्बर 2021 को जनपद मऊ पहुंचेगा। समाजवादी प्रतिनिधिमण्डल में दुर्गा प्रसाद यादव विधायक पूर्व मंत्री, सुधाकर सिंह पूर्व विधायक, बैजनाथ पासवान पूर्व विधायक, उमेश पाण्डेय पूर्व विधायक, धर्म प्रकाश यादव, राजेन्द्र मिश्रा, इं विनीत कुशवाहा एवं चन्द्रकान्त उर्फ पप्पू मौर्या शामिल है।

## सपा मुसलमानों का विकास नहीं चाहती: शाहनवाज़ आलम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**अल्पसंख्यक** कांग्रेस के 16 सूत्रीय संकल्प पत्र वितरण अभियान पर सपा नेताओं और प्रवक्ताओं ने जिस तरह मीडिया में प्रतिक्रियाएं दीं हैं, उससे स्पष्ट है कि सपा मुसलमानों का विकास नहीं चाहती। अल्पसंख्यक समाज अब कांग्रेस और प्रियंका गांधी की तरफदेख रहा है। इसीलिए सपा को अल्पसंख्यक कांग्रेस के संकल्प पत्र से दिक्कत हो रही है। ये बातें रविवार को अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश चेयरमैन शाहनवाज़ आलम ने कहीं।

शाहनवाज़ आलम ने कहा कि संकल्प पत्र वितरण अभियान को पहले शुक्रवार को ही जिस तरह रेस्पॉन्स मिला है उससे स्पष्ट है कि मुस्लिम समाज अब सपा की मुस्लिम विरोधी मानसिकता को समझ चुका है और फिर से कांग्रेस में घर वापसी का मन बना चुका है। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि बुनकरों को फ्लैट रेट पर बिजली देने, कांग्रेस सरकारों द्वारा स्थापित मिलों को दुबारा खोलन, हर ज़िले में अल्पसंख्यक वर्ग के छात्रों के लिए मौलाना आज़ाद हॉस्टल खोलने, पासमांदा आयोग बनाने, सपा सरकार में हुए दंगों की जाँच कराने के संकल्प से 5 प्रतिशत आबादी वाले सिर्फ़ एक जाति के नेता जी घबरा गए हैं। उन्होंने कहा कि अगले शुक्रवार को और ज़्यादा संख्या में संकल्प पत्र बांटे जाएंगे और निर्धारित लक्ष्य 25 लाख को भी बढ़ाया जाएगा।

बीजेपी का मिशन 2022

# पिछड़ों-दलितों के जरिए चुनावी दरिया में लहर पैदा करने की कोशिश

● **भाजपा की सोशल इंजीनियरिंग से विपक्ष का बढ़ा सरदर्द**

● **विस्तार में योगी ने अपनाया मोदी पैटर्न**

अभिषेक रंजन। लखनऊ

**यूपी विधान** सभा चुनाव जैसे-जैसे करीब आ रहा है वैसे-वैसे क्षेत्रीय और जातीय गणित को सही खांचे में बैठाने की कोशिश हर दल कर रहा है। फिलहाल योगी सरकार ने रविवार को अपने दूसरे मंत्रिमंडल विस्तार के जरिए विपक्ष के लिए सरदर्द बढ़ा दिया है। या यूं कहें कि सोशल इंजीनियरिंग फार्मूले के जरिए बीजेपी ने चुनावी दरिया में लहर पैदा करने की कोशिश की है ताकि चुनाव के समय भाजपा इन लहरों के जरिए चुनावी वैतरणी पार कर सके। महत्वपूर्ण बात कि सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूसरे मंत्रिमंडल विस्तार का ही पैटर्न फालो किया है। पीएम मोदी ने ाी अपने सरकार के दूसरे मंत्रिमंडल विस्तार में एक ब्राह्मण और दलित, एससी को रखकर सामाजिक संतुलत को बनाया था। खासबात यह भी है कि यूपी में संभवतः यह पहला मंत्रिमंडल विस्तार होगा जो कि विधान सभा चुनाव से कुछ ही माह पहले हुआ है।

जहां एक तरफ सपा का प्रबुद्ध स मेलन और बसपा का ब्राह्मण स मेलन प्रदेश में जारी है तो वहीं धौरहा से दो बार सांसद और केंद्रीय राज्यमंत्री रहे जितिन प्रसाद की योगी सरकार में शामिल करने से विपक्ष को करारा जवाब सत्तारूढ़ दल ने दिया है। ब्राह्मण वोट को अपने पाले में करने की सपा और बसपा की रणनीति को भी झटका लगा है। विकास दुबे इंकाउटर के बाद से यूपी में ब्राह्मणों की नाराजगी खुलकर सामने आने लगी और चुनाव आते-आते हर दल इस इंकाउटर के जरिए ब्राह्मणों की हमदर्दी बटोरना चाहता है। ऐसे में बीजेपी ने विधान सभा चुनाव से ठीक पहले सोशल इंजीनियरिंग के फार्मूला का प्रयोग दलगत राजनीति को संतुलित करने में किया है। पूर्वांचल और पश्चिम के क्षेत्रीय संतुलन पर भी फोकस किया है। मोदी ने भी अपनी कार्यकाल के दूसरे मंत्रिमंडल विस्तार में मिर्जापुर से सांसद अनुप्रिया पटेल, खीरी सांसद अजय कुमार मिश्रा टेनी, राज्यसभा सांसद बीएल वर्मा, मोहनलालगंज लखनऊ के सांसद कौशल किशोर, आगरा सांसद एसपी सिंह बघेल, महराजगंज सांसद पंकज चौधरी और जालौन सांसद भानु प्रताप वर्मा को जगह दी थी। मोदी सरकार के इस कैबिनेट विस्तार के जरिए भाजपा उत्तर प्रदेश में जातीय और क्षेत्रीय संतुलन साधने की कोशिश की और फोकस गैर यादव ओबीसी वोट बैंक पर किया। इसी वोट बैंक को साधकर भाजपा ने साल 2017 में यूपी में प्रचंड बहुमत की सरकार बनाई थी। वहीं राज्य में ब्राह्मण और दलित वोट बैंक को साधने के लिए इस जाति समूह से भी एक-एक नेताओं को मोदी मंत्रिमंडल में स्थान दिया गया था। योगी ने ाी रविवार को अपना तीसरा मंत्रिमंडल विस्तार किया जिसमें जितिन प्रसाद ब्राह्मण समाज, छत्रपाल सिंह गंगवार बहेड़ी विधान सभा से बरेली जिला और पिछड़ी जाति कुर्मी से है। पलटू राम बलरामपुर सुरक्षित से आते है और अनुसूचित जाति खटिक समाज का प्रतिनिधित्व करते हैं। डा संगीता बलवंत पहली बार गाजीपुर सदर से हैं और पिछड़ी जाति बिंद समाज की है। धर्मवीर प्रजापति एमएलसी हैं आगरा से आते है और पिछड़ी जाति का प्रतिनिधित्व करते हैं। दिनेश खटिक हस्तिनापुर मेरठ सुरक्षित सीट से हैं अनुसूचित जाति खटिक समाज और संजीव कुमार गोंड ओबरा सोनभद्र से आते हैं जो कि अनुसूचित जाति जनजाति गोंड समाज के लंबरदार है।

### क्षेत्रीय और जातिगत संतुलत पर बीजेपी का पूरा फोकस

**जितिन प्रसाद** दो बार सांसद रह चुके हैं और उनके पिता जितेंद्र प्रसाद दो प्रधानमंत्री राजीव गांधी और पीवी नरसि हाराव के सलाहकार रह चुके है। जितेंद्र प्रसाद कांग्रेस के उपाध्यक्ष भी रह चुके है। जितिन प्रसाद मनमोहन सरकार में मंत्री रहे और अब वह योगी सरकार में शामिल हो गया हैं। जितिन प्रसाद के दादा ज्योति प्रसाद भी कांग्रेस के नेता थे और उनकी परनानी पूर्णिमा प्रसाद देवी नोबेल विजेता रविंद्रनाथ टैगोर के भाई हेमेंद्रनाथ टैगोर की बेटी थी। जितिन प्रसाद 2001 में युवा कांग्रेस में सचिव बने और 2004 में शाहजहांपुर से 14वीं लोकसभा चुनाव में किस्मत आजमाकर लोकसभा पहुंचे, जितिन प्रसाद को 2008 में केन्द्रीय राज्य इस्पात मंत्री नियुक्त किया गया। 2009 में जितिन प्रसाद 15 वीं लोकसभा चुनाव लोकसभा धौरहरा से लड़े और 184509 वोटों से विजयी भी हुए। जितिन प्रसाद 2009 से जनवरी 2011 तक सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, 19 जनवरी 2011 से 28 अक्टूबर 2012 तक पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय और 28 अक्टूबर 2012 से मई 2014 तक मानव संसाधन एवं विकास मंत्रालय में केन्द्रीय राज्यमंत्री रहें हैं। जितिन प्रसाद शाहजहांपुर, लखीमपुर और सीतापुर में काफी लोकप्रिय नेता हैं। जितिन प्रसाद ने 2014 का लोकसभा चुनाव धौरहरा सीट से लड़ा लेकिन हार गए। 2017 के विधानसभा चुनाव में शाहजहांपुर की तिलहर विधानसभा सीट से खड़े हुए लेकिन वहां से भी हार गए।

### संजय निषाद को शामिल न करना चौकाने वाला निर्णय

**संजय निषाद** को मंत्रिमंडल में शामिल नहीं करना यह बड़ा चौकाने वाला निर्णय बीजेपी संगठन का रहा। संभवतः इस बात की भी संभावना है कि संजय निषाद उच्च सदन के जरिए ही अपना कद बढ़ाना चाहते हों। मगर बीजेपी ने बिंद समाज की संगीता बलवंत को मंत्री बनाकर संजय निषाद पर एक दबाव भी बनाने की कोशिश की है। अभी हाल ही केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की मौजूदगी में बीजेपी मु यालय पर प्रधान ने निषाद पार्टी और बीजेपी के राजनीतिक गठबंधन की घोषणा की थी और माना भी यही जा रहा था कि संजय निषाद योगी सरकार के सहयोगी बनेंगे लेकिन रविवार को ऐसा कुछ भी नहीं हुआ जो अपने आप में चौकाने वाला दिखाई पड़ता है।

## लखनऊ में मिले डेंगू के 12 नए मरीज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजधानी में** डेंगू का प्रकोप थम नही रहा है। रविवार को 12 डेंगू के नए मरीज ट्रेडियागंज, अलीगंज, एनके रोड, चन्दरनगर, सिल्वर जुबली, इन्दिरानगर आदि क्षेत्र में पाये गये हैं। इसके साथ ही आज कुल 2017 घरों तथा विभिन्न मच्छरजनित स्थितियों का सर्वेक्षण किया गया और कुल 20 घरों में मच्छरजनित स्थितियां पाये जाने पर नोटिस जारी किया गया।

मच्छरजनित बीमारियों संग डेंगू पर नियंत्रण को लेकर स्वास्थ्य विभाग की तरफ से रविवार को हर रविवार-मच्छर पर वार अभियान चलाया गया। अभियान के अन्तर्गत डिप्टी सीएमओ डा केपी त्रिपाठी, जिला मलेरिया अधिकारी डीएन शुक्ला ने मोहिनीपुरवा हुसैनाबाद वार्ड के आस पास के क्षेत्रों का भ्रमण किया। अभियान के दौरान उक्त क्षेत्र में सघन एण्टी लार्वा का छिडकाव, इण्डोर स्प्रे आईसी व सोर्स रिडक्शन की कार्यवाही करायी गयी तथा मच्छर जनित स्थितियां पाये जाने पर पॉच क्षेत्रवासियों को नोटिस दिया गया। नगरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिल्वर जुबली के प्रभारी को उक्त स पूर्ण क्षेत्र में फीवर ट्रेकिंग व जरूरी औषधि प्रदान करने के लिए निर्देशित किया गया। नगर निगम जोन 6 के अधिकारियों को उक्त क्षेत्र में व्यापक साफ-सफाई एवं फागिंग एवं खाली पड़े प्लाटों के स्वामियों को नोटिस देने की कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त नगर मलेरिया इकाई एवं जिला मलेरिया अधिकारी की टीम द्वारा दौलतगंज, न्यू हैदरगंज, फैजुल्लागंज.2, जानकीपुरम.2, लोहियानगर, जामनगर, शारदानगर.2, रफी अहमद किदवई वार्ड के आस पास के क्षेत्रों का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान क्षेत्रीय जनता को घर के आस पास पानी जमा न होने देने, पानी से भरे हुए बर्तनों एवं टंकियों को ढक कर रखने, कुछ समय अन्तराल पर कूलर को खाली करके साफ कपड़े से पोछ कर सुखा देने एवं साफ करने के बाद ही पुनः प्रयोग में जाने, पूरे बांह के कपड़े पहनने, बच्चों को घर से बाहर न निकलने एवं मच्छर रोधी क्रीम लगाने एवं मच्छरदानी में रहने हतु स्वास्थ्य शिक्षा दी गयी।

## केशव प्रसाद मौर्य ने मंत्रिमंडल में शामिल किए गए सभी मंत्रियों को दी बधाई



**लखनऊ।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल में शामिल किए गए सभी 7 नए मंत्रियों को अपनी मंगलमय हार्दिक शुभकामनाएं व बधाई दी है तथा सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया है कि मंत्रिमंडल के जिन सदस्यों ने आज शपथ ली है एवह भी पूरी ऊर्जा और क्षमता के साथ प्रदेश के विकास मे अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे तथा गरीबों के शैक्षिक, सामाजिक व आर्थिक उत्थान में मदद करेंगे और उनके नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों को छूएगा।

# किसानों के भारत बंद को बसपा का समर्थन: मायावती

● **केंद्र सरकार से कृषि कानूनों को वापस लेने की मांग की**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बसपा सुप्रीमो** मायावती ने तीन कृषि कानूनों के खिलाफ संयुक्त किसान मोर्चा के भारत बंद का समर्थन किया है। साथ ही उन्होंने केन्द्र सरकार से इन कानूनों को वापस लेने की मांग की है। रविवार को ट्वीट करते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि केन्द्र द्वारा जल्दबाजी में बनाए गए तीन कृषि कानूनों से असहमत व दुःखी देश के किसान इनकी वापसी की माँग को लेकर लगभग 10 महीने से पूरे देश व खासकर दिल्ली के आसपास के राज्यों में तीव्र आन्दोलित हैं व कल भारत बंद का आह्वान किया है जिसके शान्तिपूर्ण आयोजन को बीएसपी का समर्थन। अपने दूसरे ट्वीट में उन्होंने कहा कि साथ ही, केन्द्र सरकार से भी पुनः अपील है कि किसान समाज के प्रति उचित सहानुभूति व संवेदनशीलता दिखाते हुए तीनों विवादित कृषि कानूनों को वापस ले तथा आगे उचित सलाह मश्विरा व इनकी सहमति से नया कानून लाए ताकि इस समस्या का समाधान हो। किसान खुश व खुशहाल तो देश खुश व खुशहाल।


## 450 रुपये प्रति क्विंटल से कम का मूल्य देना गन्ना किसानों के साथ अन्यायः अनिल दुबे

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय सचिव अनिल दुबे ने प्रदेश की भाजपा सरकार को किसान और गरीब विरोधी बताते हुए कहा है कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गन्ने का मूल्य मात्र 25 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाना भाजपा सरकार को काफी महंगा साबित होगा। प्रदेश के गन्ना किसानों को उम्मीद थी कि सरकार गन्ने का रेट अपने पूर्व घोषित वायदे के अनुसार लागत का डेढ़ गुणे के हिसाब से तय करेगी लेकिन सरकार ने ऐसा नहीं किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में गन्ने की पैदावार पर 450 रुपया प्रति क्विंटल से कम का मूल्य देना, गन्ना किसानों के साथ सरासर अन्याय हैं। जबकि उत्तर प्रदेश में गन्ने से प्रतिवर्ष 32000 करोड़ रुपए राजस्व सरकार को प्राप्त होता है, इसके बावजूद भी प्रदेश के गन्ना किसानों को सरकार ने उचित रेट ना देकर यह साबित किया है कि उनकी नीति और नियत चीनी मिल मालिकों के साथ हैं।

# बहुजन कल्याण यात्रा के जरिए आरपीआई यूपी में दिखाएगी अपनी ताकतः आठवले

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**रिपब्लिकन पार्टी** ऑफ इंडिया आठवले के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा रामदास आठवले ने आरपीआई की बहुजन कल्याण यात्रा की शुरुआत सहारनपुर से की। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने ही रिपब्लिकन पार्टी आरंभ की थी इसलिए सभी दलितों को एक पार्टी के मंच पर आ जाना चाहिए। उन्होंने आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर के बारे में कहा कि वह भी रिपब्लिकन पार्टी में शामिल हो तो राष्ट्रीय स्तर पर उनको पद दिया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि देश में आंदोलन करने की आजादी है, लेकिन किसी कानूनों के नाम पर 10 महीने से जो आंदोलन चल रहा है। वह ठीक नहीं है क्योंकि केंद्र सरकार ने कई दौर में किसानों के साथ वार्ता की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में फिर भाजपा की सरकार बनेगी, बहुजन कल्याण यात्रा के जरिए उनकी पार्टी



अपनी ताकत दिखाएगी और प्रदेश के चुनाव में 10 सीटों पर प्रत्याशी उतारने का दावा करेगी।

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पवन भाई गुप्ता ने कहा कि आज से रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया की बहुजन कल्याण यात्रा की शुरुआत सहारनपुर से हो रही है। पिछले 3 सालों में जिस मेहनत, समर्पण, निष्ठा के साथ पार्टी के लिए, आप सबने काम किया है उसकी जितनी प्रशंसा की जाए कम है। इसलिए आज आरपीआई उत्तर प्रदेश की जनता के लिए एक नए विकल्प के रूप में सामने हैं। उन्होंने कहा कि पिछले ढाई-तीन साल से लगातार उत्तर प्रदेश का दौरा कर रहा हूँ। बीच में कोरोना महामारी ने संगठन विस्तार और पार्टी को बढ़ाने में काफी ब्रेक लगाया लेकिन बिना डरे, भयभीत हुए हम बाबा साहेब के मिशन को आगे बढ़ाने में लगे रहे। कई साथी, उनके परिजन कोरोना से इस दुनिया में नहीं रहे, मैं उनकी निष्ठा, समर्पण को याद करते हुए विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। पवन भाई गुप्ता ने कहा कि आज का दिन हम सबके लिए खास है। बहुजन कल्याण यात्रा की शुरुआत प्रदेश में पार्टी को एक नई धार देगी। बहुजन कल्याण यात्रा प्रदेश के हर जनपद से होकर गुजरेगी। हर जनपद में आज हमारा संगठन खड़ा हो चुका है। पार्टी पदाधिकारी लगातार विभिन्न मुद्दों पर जनता की आवाज को बुलंद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब हम उत्तर प्रदेश के दौरे पर निकले तब हमें पता लगा कि प्रदेश का बहुजन समाज से लेकर हर वर्ग एक अच्छे विकल्प की तलाश में है। बाबा साहेब को मानने वाले लोग पूरे उत्तर प्रदेश के गांवों-शहरों में हैं लेकिन विकल्प के अभाव में वह कहीं और जाने को मजबूर हैं। ऐसे में जब आरपीआई के रूप में उन्हें समान विचारधारा का विकल्प मिल रहा है तो वह तेजी से पार्टी से जुड़ रहे हैं।

# जल्द बनेंगे 40 लाख अन्त्योदय कार्ड धारकों के आयुष्मान कार्ड: स्वास्थ्य मंत्री

● **तीन साल पूरे होने पर लाभार्थियों सहित अस्पतालों व आयुष्मान मित्रों का हुआ सम्मान**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**आयुष्मान भारत** प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का दायरा बढ़ाते हुए प्रदेश के कमजोर वर्ग के अधिक से अधिक लोगों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। इसी के तहत अब प्रदेश के करीब 40 लाख अन्त्योदय कार्ड धारकों को भी योजना से जोड़ते हुए उनकी जेब तक आयुष्मान कार्ड पहुंचाकर एक तरह से उनको स्वास्थ्य सुरक्षा की गारंटी प्रदान करने का कार्य मिशन मोड में किया जा रहा है। रविवार को यह बातें प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह ने आयुष्मान भारत योजना के तीन वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राजधानी के गोमतीनगर स्थित एक होटल में आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए कहीं।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि देश की सबसे महत्वाकांक्षी योजनाओं में शामिल आयुष्मान भारत योजना की शुरुआत 23 सितम्बर 2018 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रॉची से की थी। योजना का प्रमुख उद्देश्य यही था कि कमजोर वर्ग को भी मुफ्त इलाज की सुविधा मुहैया कराना ताकि उनको यह एहसास न हो कि पैसे के अभाव में वह बेहतर इलाज से वंचित हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों से वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर योजना की तैयार की गयी सूची का दायरा बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान के तहत करीब 8.43 लाख परिवारों को भी योजना का लाभ दिया जा रहा है।

# राष्ट्र हित में है जातिगत जनगणना : नीतीश

**भाषा।** नई दिल्ली



**बिहार** के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जातिगत जनगणना की अपनी मांग को दोहराते हुए रविवार को कहा कि यह राष्ट्रीय हित में है और इससे विकास की दौड़ में पिछड़ रहे समुदायों की प्रगति में मदद मिलेगी। उच्चतम न्यायालय में केंद्र की ओर से दाखिल हलफनामे के बारे में पूछे जाने पर नीतीश ने संवाददाताओं से कहा कि यह बिल्कुल सही नहीं है, लेकिन साथ ही यह भी कहा कि यह मामला सीधे तौर पर जातिगत जनगणना के मुद्दे से संबंधित नहीं था। केन्द्र ने हलफनामे में जाति के आधार पर जनगणना को एक तरह से खारिज कर दिया गया था। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की नक्सल प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक में हिस्सा लेने के लिए दिल्ली आए जनता दल (यू) नेता ने जातिगत जनगणना के खिलाफ सभी तर्कों को खारिज करते हुए कहा कि इसकी मांग न केवल बिहार बल्कि कई राज्यों से आ रही है।

नीतीश ने कहा कि वह इस मुद्दे पर बिहार में विभिन्न राजनीतिक दलों के सदस्यों से बात करेंगे और उसके बाद आगे की रणनीति का खाका तैयार करेंगे। उन्होंने देश भर में जातिगत जनगणना के समर्थन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने के लिए राज्य के एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया था।

हालांकि, केन्द्र ने बृहस्पतिवार को उच्चतम कोर्ट को बताया कि पिछड़े वर्गों की जातिगत जनगणना का काम प्रशासनिक रूप से कठिन और बेहद बोझिल है और इस तरह की जानकारी को जनगणना के दायरे से बाहर करना एक सचेत नीति के तहत लिया गया फैसला है। शीर्ष अदालत में दायर एक हलफनामे में सरकार ने कहा है कि सामाजिक-आर्थिक परिप्रेक्ष्य में जातिगत जनगणना 2011 में जाति गणना गलतियों और अशुद्धियों से भरी थी।

बिहार में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ गठबंधन सरकार चला रहे नीतीश ने कहा, जातिगत जनगणना देश के हित में है और इससे देश के विकास में मदद मिलेगी।

केन्द्र के रुख के बाद, बिहार में कई भाजपा नेताओं ने इस कदम का जोरदार बचाव किया और जातिगत जनगणना की आवश्यकता पर सवाल उठाया। भाजपा ने यह स्पष्ट कर दिया है कि राजनीतिक रूप से उलझे हुए मुद्दों पर उसका रुख कई राजनीतिक दलों से अलग हो सकता है, जिसमें उसके कुछ सहयोगी दल भी शामिल हैं। भाजपा ने कहा कि वह सब का साथ, सबका विकास के सिद्धांत में विश्वास करती है।

# सड़क सुरक्षा के लिए 14 राज्यों में नई योजना शुरू की जाएगी

**अमरावती।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय सड़क सुरक्षा को मजबूत करने के लिए 7,270 करोड़ रुपए का राज्य सहायता कार्यक्रम शुरू करने जा रहा है ताकि भारतीय सड़कों पर शून्य दुर्घटनाओं के दृष्टिकोण को साकार करने में मदद मिल सके। केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित छह वर्षीय कार्यक्रम को उन 14 राज्यों में लागू किया जाएगा जहां देश में होने वाली कुल सड़क दुर्घटनाओं में से 85 प्रतिशत होती हैं। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय 3635 करोड़ रुपए की बजटीय सहायता देगा।

जबकि विश्व बैंक और एशिया विकास बैंक से 1818-1818 करोड़ रुपए का कर्ज लिया जाएगा। कुल राशि में से, 6,725 करोड़ रुपए 14 राज्यों को उनके प्रदर्शन के आधार पर वितरित किए जाएंगे, जबकि केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय क्षमता निर्माण गतिविधियों पर 545 करोड़ रुपए खर्च करेगा। राज्य को भेजे गए अवधारणा नोट में मंत्रालय ने कहा कि यह योजना राज्य सरकारों को जमीनी स्तर पर सड़क सुरक्षा हस्तक्षेप के लिए प्रोत्साहित करेगी जिसका मकसद सड़क हादसों को रोकना और हताहतों की संख्या में कमी लाना है। इस योजना के तहत लक्षित राज्य उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, कर्नाटक, राजस्थान, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, गुजरात, बिहार, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, हरियाणा और असम हैं। शीर्ष आधिकारिक सूत्रों ने पीटीआई-भाषा से कहा, यह कार्य (आउटपुट) और परिणाम-संचालित योजना है जिसमें राज्यों का (सड़क सुरक्षा हस्तक्षेप के) 11 अनिवार्य और तीन वैकल्पिक संकेतकों पर प्रदर्शन के आधार पर मूल्यांकन किया जाएगा।



तेजपुर के सोनितपुर में विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर साइकिल रैली में प्रतिभाग करते छात्र।

# महामारी के दौर मे निचली अदालतो के लिए कोविड प्रबंधन प्रोटोकॉल

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना वायरस को फैलने से रोकने के लिए लगाए लॉकडाउन में ढील दिए जाने के बाद अदालतों में प्रत्यक्ष सुनवाई शुरू होने पर राष्ट्रीय सूचना केंद्र ने कोविड प्रबंधन प्रोटोकॉल शुरू किया है ताकि न्यायिक अधिकारी अदालत कक्षों में भीड़भाड़ की रोकथाम और संक्रमण के प्रसार को रोकने के लिए केवल तत्कालिक मामलों पर सुनवाई कर सकें। विधि मंत्रालय में न्याय विभाग द्वारा सार्वजनिक रूप से उपलब्ध सूचना के अनुसार, कोविड-19 प्रबंधन प्रोटोकॉल मामलों को सही तरीके से व्यवस्थित करने में मदद के लिए केस इन्फोर्मेशन सिस्टम (सीआईएस) में विकसित किया गया है। एक दस्तावेज के अनुसार, प्रोटोकॉल से अदालतें अपने परिसर में बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति से जुड़े खतरों को कम करने के लिए व्यवस्थित और सुनियोजित तरीके से काम कर सकती हैं। इससे जिले तथा निचली अदालतों में कोरोना वायरस के प्रसार को रोकने में मदद मिलेगी। उच्चतम न्यायालय की ई-समिति के मार्गदर्शन में पुणे में स्थित राष्ट्रीय सूचना केंद्र (एनआईसी) की एक टीम ने पिछले साल ए प्रोटोकॉल तैयार किए थे जिसमें ऐसे उपाय हैं जिससे जिला अदालतें मामलों को सुनियोजित तरीके से सूचीबद्ध कर सकती हैं, सुनवाई के लिए समय वितरित कर सकती हैं और विभिन्न अदालतों में एक ही वकील से जुड़े मामलों की सुनवाई से बच सकती हैं। दस्तावेज में कहा गया है कि इससे वादियों, वकीलों, अदालत कर्मियों और न्यायाधीशों समेत सभी पक्षकारों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है। प्रोटोकॉल से न्यायिक अधिकारी अदालत कक्षों में अधिक संख्या में लोगों को एकत्रित होने से रोकने के लिए केवल तत्काल मामलों पर सुनवाई कर सकते हैं और उन मामलों पर सुनवाई टाल सकते हैं।

## महाराष्ट्र में आगामी निगम चुनावों पर राउत ने कहा, सम्मान के साथ कर सकते हैं गठबंधन

**मुंबई।** शिवसेना सांसद संजय राउत ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी को अगले साल महाराष्ट्र के करीब 10 शहरों में होने वाले निकाय चुनावों के लिए अपने दम पर तैयारी करनी चाहिए और वे अन्य दलों के साथ गठबंधन के पक्ष में भी हैं, बशर्ते यह सम्मान के साथ हो और पार्टी के भगवा झंडे के साथ कोई समझौता नहीं हो। पुणे में पिंपरी-चिंचवड कस्बे के भोसारी में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए राउत ने कहा कि पुणे और पिंपरी-चिंचवड में शिवसेना कार्यकर्ताओं में इस बात को लेकर असंतोष है कि इन दो शहरों में मजबूत आधार रखने वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी राज्य सरकार में गठबंधन के बावजूद उद्धव ठाकरे नीत शिवसेना की अनदेखी कर रही है। राज्यसभा सदस्य ने कहा, हमें निराश मत कीजिए, अन्यथा समस्या हो जाएगी। पुणे के प्रभारी मंत्री अजित पवार भी मुख्यमंत्री की बात सुनते हैं।

# न्यायपालिका, कार्यपालिका और विधायिका में कोई टकराव नहीं, सभी राष्ट्र के लिए काम कर रहे

**गांधीनगर।** केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजीजू ने रविवार को यहां कहा कि लोकतंत्र में न्यायपालिका, विधायिका और कार्यपालिका के बीच जीवंत संबंध महत्वपूर्ण हैं। नए स्कूल ऑफ लॉ, फॉरेंसिक जस्टिस एंड पॉलिसी स्टडीज का उद्घाटन करने के बाद गांधीनगर स्थित नेशनल फोरेंसिक साइंसेज यूनिवर्सिटी (एनएफएसयू) में रिजीजू ने कहा, न्यायाधीश जो कहते और सोचते हैं, सरकार को उसे अमल में लाना चाहिए और ऐसा केवल अदालत की अवमानना के डर से नहीं किया जाना चाहिए।

रिजीजू ने कहा, न्यायपालिका, कार्यपालिका और विधायिका अलग-अलग अंग हैं, लेकिन हम सभी देश के लिए काम करते हैं। बाहर के लोग सोचते हैं कि हम एक टकराव में लगे हुए हैं, कार्यक्षेत्र के लिए लड़ रहे हैं, लेकिन ऐसा नहीं है। हम सभी राष्ट्र के हित के लिए काम कर रहे हैं। मंत्री ने कहा, हमें मीडिया के माध्यम से



उच्चतम न्यायालय, उच्च न्यायालयों और निचली अदालतों में सुनवाई के दौरान न्यायाधीशों की टिप्पणियां और उनके द्वारा व्यक्त की गई नाराजगी तथा संतुष्टि के बारे में सुनने को मिलता है। न्यायाधीश जो भी कहते या सोचते हैं, उसे लागू करना हमारा काम है।

रिजीजू ने कहा कि यह कार्यपालिका काम है कि वह अदालत के किसी अच्छे फैसले को "विवेकपूर्ण ढंग से लागू करे। लोकतंत्र में हमारे लिए (न्यायपालिका, कार्यपालिका और विधायिका) के बीच जीवंत संबंध होना बहुत जरूरी है... हमारे लिए जीवंत संबंध होना जरूरी है। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, राज्य के कानून मंत्री राजेंद्र त्रिवेदी और गृह राज्य मंत्री हर्ष सांघवी के साथ उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति एमआर शाह, गुजरात उच्च न्यायालय की कार्यवाहक न्यायाधीश आरएम छाया और उच्च न्यायालय तथा उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत न्यायाधीश मौजूद थे।

रिजीजू ने कहा कि लंबे समय तक कानूनों को लागू नहीं किए जाने की धारणा को नरेंद्र मोदी सरकार में काफी हद तक खत्म कर दिया गया है। केंद्रीय कानून और न्याय मंत्री ने कहा, न्यायाधीशों से तारीफ सुनकर हमें अच्छा लगता है। लेकिन न्यायाधीश तभी हमारी तारीफ करेंगे जब हम अच्छा काम करेंगे। न्यायाधीशों को आश्वासन दिया कि सरकार "पूर्ण पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ काम करेगी। उन्होंने कहा कि ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और ईज ऑफ लिविंग की तरह ईज ऑफ न्याय की भी बात की जानी चाहिए।

## क्विक न्यूज

### शराब दुकान के दो कर्मचारियों पर मामला दर्ज

**जबलपुर (मध्य प्रदेश)।** प्रदेश सरकार द्वारा निर्धारित अधिकतम डेढ़ लीटर से अधिक शराब एक बार में ग्राहक को बेचने और कैश मेमो मांगने पर गाली देने के आरोप में एक शराब दुकान के दो कर्मचारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। एक अधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश की देशी एवं विदेशी मदिरा दुकानों से एक सितंबर 2021 से बेची जाने वाली शराब के लिए ग्राहक को कैश मेमो देना अनिवार्य कर दिया है। नियम लागू होने के बाद इसके तहत शिकायत दर्ज किए जाने का संभवतः यह पहला मामला है। कोतवाली पुलिस थाना प्रभारी अनिल गुप्ता ने रविवार को बताया कि यह प्राथमिकी शनिवार को दर्ज की गई है। उन्होंने बताया, शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि जब उसने इस दुकान से खरीदी गई 2.880 लीटर देशी शराब का कैश मेमो मांगा, तो उसके दो कर्मचारियों ने गालियां दी। हालांकि, आरोपियों ने बाद में कैश मेमो दे दिया। गुप्ता ने बताया कि शिकायतकर्ता ने इस दुकान से एक दफे में 2.880 लीटर शराब खरीदी, जबकि इस दुकान को एक बार में किसी भी ग्राहक को अधिकतम डेढ़ लीटर शराब बेचने की अनुमति है। उन्होंने कहा कि दोनो आरोपियों के खिलाफ भादंवि की संबंधित धाराओं और मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। मध्य प्रदेश में देशी एवं विदेशी शराब की कम से कम 3,300 दुकानें हैं और जहरीली शराब के कारण प्रदेश मे हुई कई मौतों की जांच के लिए गठित राजौरा कमेटी ने कैश मेमो अनिवार्य करने संबंधी अनुशंसा की थी।

### नाबालिग को एक गांव से बचाया गया, एक गिरफ्तार

**ठाणे।** डोंबिवली की रहने वाली 13 वर्षीय बच्ची का 21 साल के युवक ने कथित रूप से अपहरण किया और भिवंडी जिले के एक गांव में ले जाकर उसका यौन उत्पीड़न किया। पुलिस ने रविवार को बताया कि बच्ची को बचा लिया गया है और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस की एक विज्ञप्ति के अनुसार डोंबिवली के विष्णु नगर से लड़की का अपहरण 20 सितंबर को किया गया था जिसके बाद यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) कानून तथा भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने आरोपी अक्षय पाटिल को गिरफ्तार कर लिया है। बच्ची को 23 सितंबर को एक गांव से बचाया गया और उसके माता-पिता के हवाले कर दिया गया। कुछ दिन पहले ही डोंबिवली की रहने वाली 15 साल की एक लड़की के साथ करीब आठ महीने तक 33 लोगों ने दुष्कर्म किया। पुलिस ने इस मामले में अब तक 29 लोगो को गिरफ्तार कर लिया है और दो नाबालिग आरोपियो को भी हिरासत में ले लिया है। दो अन्य फरार है। एक अधिकारी ने बताया कि पीड़िता को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने के लिए आरोपियों द्वारा इस्तेमाल ऑटोरिक्शा को जब्त कर लिया गया है।

### बेलगावी में आयोजन करने की संभावना: मुख्यमंत्री

**बेलगावी (कर्नाटक)।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने रविवार को कहा कि सरकार दिसंबर में बेलगावी जिले में राज्य विधानमंडल के शीतकालीन सत्र का आयोजन करने पर विचार कर रही है और तब तक ज्यादातर सरकारी कार्यालयों को यहां स्थानांतरित कर दिया जाएगा। बोम्मई ने कहा, बेलगावी से तीन अक्टूबर से चीनी निदेशालय का कामकाज शुरू करने के आदेश पहले ही जारी किए जा चुके है और अधिकारियों को भी इस संबंध में निर्देश दिए गए हैं। कुछ सरकारी कार्यालयो को यहां स्थानांतरित करने के आदेश भी जारी किए गए है, जबकि कुछ अन्य कार्यालयो के लिए आदेश अभी जारी किया जाना बाकी है। हम इस संबंध में आवश्यक कार्वाई करेंगे। मुख्यमंत्री ने संवाददाताओं से कहा, दिसंबर में यहां विधानमंडल का सत्र आयोजित करने का विचार है। इसे मंजूरी के लिए मंत्रिपरिषद के समक्ष रखा जाएगा और दिसंबर तक यहां जितने भी कार्यालय स्थानांतरित किए जा सकते हैं, उन्हें स्थानांतरित कर दिया जाएगा। विपक्ष के नेता सिद्धरमैया और विधान परिषद के अध्यक्ष बसवराज होराट्टी ने सरकार से बेलगावी में विधायिका का मॉनसून सत्र आयोजित करने का आग्रह किया था लेकिन यह राज्य की राजधानी बेंगलुरु मे 13 से 24 सितंबर तक आयोजित किया गया था। यदि योजना के अनुसार दिसंबर में सत्र आयोजित किया जाता है तो 2019 में भारतीय जनता पार्टी के सत्ता में आने के बाद बेलगावी में विधानमंडल का यह पहला सत्र होगा। बाढ़ और कोविड-19 महामारी के कारण पिछले दो वर्षों मे बेलगावी मे सत्र आयोजित नही किए गए है।

### लड़कियों के साथ छेड़खानी करने के आरोप में वार्ड ब्वाय गिरफ्तार

**पणजी।** गोवा मे एक सरकारी अस्पताल के एक वार्ड ब्वाय को कथित तौर पर लिफ्ट मे दो नाबालिग बहनो के साथ छेड़छाड़ के आरोप मे रविवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना 23 सितंबर और 25 सितंबर के बीच हुई जब 13 और 14 वर्ष की दो बहनें उत्तर गोवा के मापुसा शहर के जिला अस्पताल गई थी जहां उनकी मां भर्ती थी। अधिकारी ने पीड़ितों के परिजनों की ओर से दर्ज कराई गई एक शिकायत के आधार पर कहा, वार्ड ब्वाय उन दोनों का लिफ्ट तक पीछा करता था और उसने कथित तौर पर कुछ दिनों तक उनसे छेड़खानी की। शिकायत के आधार पर 47 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार किया गया।



कोलकाता में भबानीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए चुनाव प्रचार करती हुई पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी

# फिफाट्रोल औषधि वायरल संक्रमण डेंगू के इलाज में प्रभावी: बीएचयू

**नई दिल्ली।** देश के विभिन्न हिस्सों में डेंगू, इन्फ्लुएंजा और वायरल बुखार के मामलों में वृद्धि के बीच विशेषज्ञों ने दावा किया है कि फिफाट्रोल जैसी औषधि प्रतिरक्षा बढ़ाने तथा इन बीमारियों के जल्दी ठीक होने में मदद कर सकती है। काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के प्रोफेसर के एन द्विवेदी ने कहा कि आयुर्वेद में कुछ जड़ी-बूटियां और मिश्रण हैं जो मौसमी फ्लू और मच्छरों के कारण होने वाले संक्रमण को बढ़ने से रोक सकते हैं तथा धीरे-धीरे उन्हें खत्म कर सकते हैं।

गुडुची, दारुहरिद्र, अपामार्ग, चिरैता, करंज, कुटकी, तुलसी, गोदंती, मृत्युंजय रस, त्रिभुवन कृति रस और संजीवनी वटी जैसी जड़ी-बूटियों से बनी और प्रतिरक्षा को मजबूत करने वाली औषधि फिफाट्रोल को संक्रमण, फ्लू और सर्दी से निपटने में मददगार पाया गया है। आयुर्वेद विशेषज्ञों ने एआईएमआईएल फार्मा द्वारा विकसित औषधि को डेंगू और वायरल फ्लू के रोगियों के उपचार में इस्तेमाल की सिफारिश की है और यह बहुत प्रभावी है।

सूत्रों के मुताबिक, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), भोपाल में डेंगू के मरीजों पर फिफाट्रोल के परीक्षण के दौरान ब्लड प्लेटलेट काउंट काफी बढ़ा हुआ पाया गया। प्रोफेसर द्विवेदी ने बताया कि डेंगू चार प्रकार के होते हैं। इनमें से रोगियों में सीरोटाइप-दो की मौजूदगी को गंभीर माना जाता है और यह विभिन्न राज्यों में बहुत तेजी से बढ़ रहा है। सीरोटाइप-दो डेंगू संक्रमण में प्लेटलेट की संख्या तेजी से गिरती है और शरीर की प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया अति सक्रिय हो जाती है। इस दौरान सिकोटाइन के ज्यादा बनने से शरीर के अंगों को नुकसान पहुंचा सकता है। डेंगू का यह रूप किडनी को भी प्रभावित करता है।

## सावंत ने राष्ट्र में पाकिस्तान को तीखा जवाब देने पर स्नेहा दुबे की तारीफ की

**पणजी।** गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान के कश्मीर राग अलापने पर उन्हें तीखा जवाब देने के लिए भारतीय राजनयिक स्नेहा दुबे को रविवार को बधाई दी और तटीय राज्य में स्कूली शिक्षा के बाद जीवन की मजबूत नींव का निर्माण करने के लिए उनकी तारीफ की। भारतीय विदेश सेवा की 2012 बैच की अधिकारी दुबे ने संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के वार्षिक सत्र में पाकिस्तान के नेताओं को करारा जवाब देने की भारत के युवा राजनयिकों की परंपरा को जारी रखते हुए कश्मीर का मुद्दा उठाने को लेकर महासभा में प्रधानमंत्री इमरान खान को तीखा जवाब दिया था। सावंत ने ट्वीट किया, पूरे गोवा राज्य की ओर से मैं भारतीय विदेश सेवा की अधिकारी स्नेहा दुबे को बधाई देना चाहता हूं जिन्होंने संयुक्त राष्ट्र महासभा में भारत का प्रतिनिधित्व किया और पाकिस्तान को करारा जवाब दिया।

# भबानीपुर उपचुनाव में भाजपा के पक्ष में है माहौल: तिवारी

**कोलकाता।** अभिनेता और भारतीय जनता पार्टी के सांसद मनोज तिवारी ने रविवार को दावा किया कि भबानीपुर विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव में भगवा पार्टी के पक्ष में माहौल है, जहां पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की उम्मीदवार हैं। सत्तारूढ़ दल ने आरोप लगाया कि भाजपा सीट से अपनी उम्मीदवार प्रियंका टिबरेवाल के प्रचार के लिए उन नेताओं को ला रही हैं, जिनका विधानसभा क्षेत्र से कोई संबंध नहीं है। दिल्ली से लोकसभा सदस्य तिवारी ने भबानीपुर की आंबेडकर कॉलोनी इलाके में घर-घर जाकर प्रचार किया। इस सीट पर 30 सितंबर को उपचुनाव होना है।

तिवारी ने ट्वीट किया, आंबेडकर कॉलोनी के लोगों का प्यार बेशुमार है.. टीएमसी समर्थन देख घबराई[8230] मतदाता बेसब्री से इंतेज़ार कर रहे है 30 सितंबर का कमल खिलेगा। प्रचार के दौरान पत्रकारों से कहा, मुझे उम्मीद है कि लोग बिना किसी डर के स्वतंत्र रूप से मतदान करने के लिए (घरों से) निकलेंगे और भाजपा जीतेगी। तिवारी की टिप्पणी पर राज्य में मंत्री फिरहाद हाकिम ने कहा, भाजपा ऐसे नेताओं को ला रही है भबानीपुर के लोगों से कोई संबंध नहीं है। वे दिन में सपने देख रहे हैं और उपचुनाव में करारी हार का सामना करेंगे। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी और स्मृति ईरानी भी भाजपा उम्मीदवार के लिए प्रचार करने भबानीपुर पहुंचे हैं। मुख्यमंत्री बनर्जी अप्रैल-मई में हुए विधानसभा चुनाव में नंदीग्राम सीट से भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी से हार गई थीं। वह मुख्यमंत्री पद पर बने रहने के लिए भबानीपुर सीट से उपचुनाव लड़ रही हैं। उन्हें पांच नवंबर तक विधानसभा का सदस्य निर्वाचित होना जरूरी हैं, ऐसा नहीं होने पर उन्हें पद से इस्तीफा देना पड़ेगा।

# टीएमसी और भाजपा ने एक दूसरे को प्रतिमा तोड़ने का जिम्मेदार बताया

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में रविवार को समाज सुधारक ईश्वर चंद्र विद्यासागर की 201वीं जयंती मनाई गई। साथ ही राज्य में सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की 2019 की रैली के दौरान कोलकाता में कॉलेज स्ट्रीट पर लगी ईश्वर चंद्र विद्यासागर की प्रतिमा की तोड़फोड़ के लिए एक-दूसरे को दोषी ठहराया।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने समाज सुधारक को श्रद्धांजलि दी और कहा कि पश्चिम बंगाल और बंगाली उनकी शिक्षाओं के लिए उनके ऋणी हैं। उन्होंने ट्वीट किया, ईश्वर चंद्र विद्यासागर को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि। वह महान समाज सुधारकों में से एक थे जिन्होंने न्याय और समानता के लिए अथक संघर्ष किया। हम उनकी शिक्षाओं के ऋणी हैं। विपक्ष के नेता एवं नंदीग्राम से भाजपा विधायक शुभेंदु अधिकारी ने भी विद्यासागर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ट्वीट किया, एक महान व्यक्ति, जिन्होंने अपने योगदान से हमारे इतिहास को हमेशा के लिए समृद्ध किया। ईश्वरचंद्र बंदोपाध्याय को उनकी जयंती पर मेरी श्रद्धांजलि। हालांकि, राज्य के मंत्री फरहाद हकीम ने भाजपा का नाम लिए बिना उस पर परोक्ष रूप से हमला किया और आरोप लगाया कि 2019 में विद्यासागर की प्रतिमा को तोड़ने में पार्टी का हाथ था, जिसे बाद में सत्ताधारी सरकार द्वारा फिर से बनाया गया। परिवहन मंत्री ने संवाददाताओं से कहा, जिन लोगों ने दो साल पहले विद्यासागर की प्रतिमा को तोड़ा था, उन्हें उनके बारे में बात करने का कोई अधिकार नहीं है। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिलीप घोष ने इसपर तीखा पलटवार करते हुए आरोप लगाया कि टीएमसी ने विद्यासागर की प्रतिमा को तोड़ने की साजिश रची और तुच्छ चुनावी लाभ के लिए इसका आरोप भाजपा पर मढ़ दिया। उन्होंने कहा, यह बंगाल के मनीषियों के लिए उनके सम्मान के स्तर को दर्शाता है। भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई के पूर्व प्रमुख ने आरोप लगाया कि इस साल विधानसभा चुनाव के बाद टीएमसी कार्यकर्ताओं ने महिलाओं के खिलाफ भय का माहौल बनाया और यह उनका पाखंड है कि वे महिला उत्थान में विद्यासागर की भूमिका का उल्लेख कर रहे हैं। इस बीच, इस अवसर पर राज्य भर में कार्यक्रम आयोजित किए गए। राज्य के शिक्षा मंत्री ब्रात्य बसु ने विद्यासागर कॉलेज में समाज सुधारक की पुनर्निर्मित प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और सामाजिक सुधार के लिए उनके योगदान को याद किया। साल 2019 के लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण से पहले शाह के रोड शो के दौरान हुई झड़पों में प्रतिमा को तोड़ दिया गया था, जिसकी व्यापक निंदा हुई थी।



बीकानेर में आरईईटी परीक्षा के लिए सेंटर पर उपस्थित छात्रों को मास्क व सैनिटाइजर देते हुए गार्ड

# ‘आर्थिक गतिविधियों के उच्चस्तर के बावजूद बैंक शाखाओं की कमी’

भाषा। मुंबई



**केंद्रीय वित्त** मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि वित्तीय समावेशन पर विशेष ध्यान देने तथा आर्थिक गतिविधियों के उच्चस्तर के बावजूद देश के कई जिले ऐसे हैं, जहां बैंकिंग सुविधाओं का अभाव है। उन्होंने रविवार को इंडियन बैंक्स एसोसिएशन (आईबीए) की 74वीं वार्षिक आमसभा को संबोधित करते हुए कहा कि इन जिलों में आर्थिक गतिविधियों का स्तर काफी ऊंचा है, लेकिन बैंकिंग उपस्थिति काफी कम है। सीतारमण ने बैंकों से कहा कि वे अपनी मौजूदगी को बढ़ाने के प्रयासों को और बेहतर करें।

उन्होंने बैंकों से कहा कि उनके पास विकल्प है कि वे या तो ऐसे जिलों में गली-मोहल्ले के मॉडल के अनुरूप पूर्ण रूप से शाखा खोल सकते हैं या फिर कोई आउटपोस्ट बना सकते हैं जहां लोगों की बैंकिंग जरूरतों को पूरा किया जा सके। उन्होंने इस बात पर हैरानी जताई कि कैसे ऊंची आर्थिक गतिविधियों वाले क्षेत्रों में बैंक नहीं पहुंचे हैं। उल्लेखनीय है कि नीति निर्माता एक दशक से अधिक से वित्तीय समावेशन पर जोर दे रहे हैं। नीति निर्माताओं ने 2,000 से अधिक आबादी वाले प्रत्एक गांव में बैंकिंग उपस्थिति सुनिश्चित करने का लक्ष्य तय किया है। कुछ साल पहले भारतीय रिजर्व बैंक ने भी बैंक शाखा खोलने के नियमों को उदार किया है। सीतारमण ने कहा, आज भी कई जिले, यहां तक कि बड़ी पंचायतों वाले जिले ऐसे हैं जहां बैंक नहीं है। कई-कई जिलों में भौतिक रूप से एक बैंकिंग संस्थान नहीं है। उन्होंने आईबीए के सदस्यों से कहा कि वे डिजिटल तरीके से सभी जिलों का नक्शा बनाएं और देखें कि किन क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं का दायरा काफी कम है। वे ऐसे क्षेत्रों में पूर्ण शाखा या आउटपोस्ट के लिए प्रावधान करें। उन्होंने सवाल किया, आप आर्थिक गतिविधियों का केंद्र देखें। चाहे वह ग्रामीण पॉकेट हो, लेकिन वहां आर्थिक गतिविधियां काफी मजबूत हों, तो आपको विचार करना होगा कि क्या वहां आपकी उपस्थिति होनी चाहिए। वित्त मंत्री ने स्पष्ट किया कि वह डिजिटलीकरण के खिलाफ नहीं हैं। लेकिन साथ ही उन्होंने कहा कि ऐसा कैसे हो सकता है कि देश के कुछ हिस्सों में गली-मोहल्ले की दुकानों जैसी छोटी बैंक शाखा भी नहीं हैं। उन्होंने एक सांसद का उदाहरण दिया जो कृषि सबंधित व्यापार और थोक गतिविधियों वाले एक क्षेत्र में बैंक शाखा की मांग उठा रहे हैं। उनका कहना है कि स्थानीय लोगों को अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए मीलों चलना पड़ता है। प्रधानमंत्री जन धन योजना की सराहना करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि लाखों नए खाते खोले गए। उन्होंने अपनी यह इच्छा भी दोहराई कि पूर्वी क्षेत्र को अधिक ऋण मिलना चाहिए। वित्त मंत्री के संबोधन के बाद जारी बयान में एचडीएफसी बैंक ने कहा कि वह अपनी ग्रामीण पहुंच को दोगुना कर अगले दो साल में दो लाख गांवों तक पहुंचाएगा। इसके अलावा बैंक ने अगले छह माह में 2,500 लोगों की नियुक्ति करने की भी घोषणा की। इस बीच, सीतारमण ने कहा कि आगामी राष्ट्रीय संपत्ति पुनर्गठन कंपनी को बैड बैंक नहीं कहा जाना चाहिए, जैसा अमेरिका में कहा जाता है। उन्होंने कहा कि आज बैंकों का बही-खाता अधिक साफ-सुथरा है। इससे सरकार पर बैंकों के पुनर्पूंजीकरण का बोझ कम होगा। सीतारमण ने कहा कि कि बैंकों को तेज-तर्रार बनने की जरूरत है। उन्हें प्रत्एक इकाई की जरूरत को समझना होगा जिससे 2030 तक 2,000 अरब डॉलर और चालू वित्त वर्ष में 400 अरब डॉलर के निर्यात लक्ष्य को हासिल किया जा सके। वित्त मंत्री ने कहा कि विकास वित्त संस्थान (डीएफआई) के निर्माण के लिए कानूनी रूपरेखा अभी जारी है। उन्होंने कहा कि हमें इस तरह की इकाइयों की निजी क्षेत्र और सरकार समर्थित क्षेत्र दोनों में जरूरत है। उन्होंने उम्मीद जताई कि निजी डीएफआई तथा सरकारी डीएफआई के बीच मजबूत प्रतिस्पर्धा होगी।

# अमूल शहद की लॉन्चिंग के साथ मधु क्रांति की तरफ बढ़ेगा भारत

● केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र तोमर कल करेंगे शुभारंभ

पायिनयर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**भारत में** हरित क्रांति व श्वेत क्रांति के बाद अब मधु क्रांति की तरफदेश कदम बढ़ा रहा है। जल्द ही देश के सबसे विश्वसनीय सहकारी ब्रांड अमूल का शहद बाजार में दिखाई देगा। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र तोमर 28 सितंबर को अमूल शहद को लॉन्च करेंगे। किसानों के सशक्तिकरण व आय बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार ने 500 करोड़ रुपये की राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन एवं शहद मिशन योजना प्रारंभ की है। इसके लिए केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय शहद उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए सहकारी ब्रांड अमूल शहद लांच करने की तैयारी कर रहा है। जिसके तहत 28 सितंबर को




केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र तोमर इसे लॉन्च करेंगे। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अतिरिक्त सचिव डॉ अभिलक्ष लिखी ने बताया कि राष्ट्रीय मधुमक्खी बोर्ड द्वारा मधु क्रांति के लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में देश के वैज्ञानिक उच्च तकनीक आधारित मधुमक्खी पालन का समग्र विकास पर काम कर रहे हैं। उल्लेखनीय है केंद्र सरकार ने आत्मनिर्भर भारत दिशा में राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन एवं शहद मिशन के लिए चालू वित्त वर्ष (2020-2021) से वित्तीय वर्ष 2022-2023 तक के लिए 500 करोड़ रूपये आवंटित किया है। मीठी क्रांति के परिणामस्वरूप छोटे शहद उत्पादक किसानों विशेषकर सीमांत किसानों उत्पादित शहद के बेहतर विपणन का आधार स्थापित होने जा रहा है। शहद उत्पादक किसानों के व्यवसाय को मजबूत आधार देने की दिशा में राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन एवं शहद मिशन के अंतर्गत प्रक्रियाओं को कार्यरूप देने के लिए राष्ट्रीय मधुमक्खी बोर्ड द्वारा देशभर चुने गए क्षेत्रों में शहद उत्पादक किसानो के 100 किसान उत्पादक संगठन का गठन किया जा रहा है। महत्वपूर्ण रूप से नैफेड द्वारा अपने स्टोरों में 14 शहद कार्नर भी विकसित किए हैं और यह क्रम जारी रहेगा। शहद उत्पादक किसानों के उत्पादों के स्त्रोत के लिए आनलाईन पंजीकरण प्रणाली के लिए मधुक्रांति पोर्टल प्रारंभ किया गया है। इस प्रणाली से उपभोक्ताओं की शहद के स्त्रोत व उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित किए जाने से सक्षमता बढ़ेगी।

## विदेशी निवेशकों ने सितंबर में अबतक भारतीय बाजारों में 21,875 करोड़ रुपए डाले

**नई दिल्ली।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने सितंबर में भारतीय बाजारों में 21,875 करोड़ रुपए का निवेश किया है। भारतीय बाजारों को लेकर एफपीआई का दीर्घावधि का परिदृश्य सकारात्मक बना हुआ है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, एक से 23 सितंबर के दौरान एफपीआई ने शेयरों में 13,536 करोड़ रुपए और ऋण या बांड बाजार में 8,339 करोड़ रुपए डाले हैं। इस तरह उनका शुद्ध निवेश 21,875 करोड़ रुपए रहा। अगस्त में भारतीय बाजारों में एफपीआई का शुद्ध निवेश 16,459 करोड़ रुपए रहा था। मॉर्निंगस्टार इंडिया के एसोसिएट निदेशक (शोध) हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा, भारतीय शेयर बाजारों में तेजी, दीर्घावधि का सकारात्मक परिदृश्य, आर्थिक पुनरुद्धार की संभावना और कंपनियों की आय में सुधार से विदेशी निवेशक भारतीय शेयरों में निवेश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसके अलावा चीन में गिरावट से भी भारत को लाभ हुआ है। इससे भारत दीर्घावधि के परिप्रेक्ष्य से विदेशी निवेशकों के लिए आकर्षक निवेश गंतव्य बन गया है।

## अक्टूबर-नवंबर में 30 कंपनियां आईपीओ के जरिए जुटा सकती हैं 45,000 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** अक्टूबर-नवंबर में आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के जरिए भारी-भरकम पूंजी जुटाने की उम्मीद है और इस दौरान कम से कम 30 कंपनियां शेयर बिक्री करके कुल 45,000 करोड़ रुपए से अधिक की राशि जुटा सकती हैं। मर्चेंट बैंकिंग सूत्रों ने कहा कि जुटाई गई पूंजी का बड़ा हिस्सा प्रौद्योगिकी संचालित कंपनियों के खाते में जाएगा। खाद्य आपूर्ति कंपनी जोमैटो के सफल आईपीओ ने नई टेक कंपनियों को आईपीओ के लिए प्रोत्साहित किया है। जोमैटो के आईपीओ को 38 गुना अभिदान मिला था।

एंजेल वन के उप-उपाध्यक्ष (इक्विटी रणनीतिकार) ज्योति रॉय ने कहा कि आमतौर पर जोमैटो जैसी कंपनियां निजी इक्विटी कंपनियों से धन जुटाती हैं और आईपीओ ने नए जमाने की टेक कंपनियों के लिए धन का एक नया स्रोत खोल दिया है। एक मर्चेंट बैंकिंग सूत्र ने बताया कि जिन फर्मों द्वारा अक्टूबर-नवंबर के दौरान आईपीओ के जरिए धन जुटाने की उम्मीद है, उनमें पॉलिसीबाजार (6,017 करोड़ रुपए), एमक्योर फार्मास्युटिकल्स (4,500 करोड़ रुपए), नायका (4,000 करोड़ रुपए), सीएमएस इंफो सिस्टम्स (2,000 करोड़ रुपए), मोबिक्विक सिस्टम्स (1,900 करोड़ रुपए) शामिल हैं। इसके अलावा नॉर्दर्न आर्क कैपिटल (1,800 करोड़ रुपए), इक्सिगो (1600 करोड़ रुपए), सैफायर फूड्स (1500 करोड़ रुपए), फिनकेयर स्मॉल फाइनेंस बैंक (1,330 करोड़ रुपए), स्टरलाइट पावर (1,250 करोड़ रुपए), रेटगेन ट्रैवल टेक्नोलॉजीज (1,200 रुपए) करोड़) और सुप्रिया लाइफसाइंस (1,200 करोड़ रुपए) भी समीक्षाधीन अवधि में अपने आईपीओ जारी कर सकती हैं। एंजेल वन के रॉय ने कहा कि आने वाले महीने में कई बड़े आईपीओ की तैयारी की एक वजह महामारी के बाद अर्थव्यवस्था में उम्मीद से ज्यादा मजबूत सुधार है।

## अमेजन इंडिया चार अक्टूबर की बजाय तीन अक्टूबर से ग्रेट इंडियन फेस्टिवल सेल शुरू करेगी

**नई दिल्ली।** ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन इंडिया अब चार अक्टूबर की बजाय तीन अक्टूबर से अपना त्योहारी सेल ग्रेट इंडियन फेस्टिवल शुरू करेगी। इससे पहले कंपनी ने चार अक्टूबर से यह सेल शुरू करने की घोषणा की थी। अमेज़न इंडिया ने यह निर्णय दरअसल उसकी प्रमुख प्रतिद्वंद्वी कंपनी फ्लिपकार्ट के अपनी फेस्टिव डे सेल को एक दिन पहले शुरू करने की घोषणा के मद्देनजर लिया है। पिछले वर्ष की तरह इस बार भी दोनों प्रमुख ई-कॉमर्स कंपनियों के बीच प्रतिस्पर्धा बहुत कड़ी मानी जा रही है। आगामी त्योहारी सीजन से पहले दोनों कंपनियों की मेगा सेल तीन अक्टूबर से शुरू होगी। फ्लिपकार्ट की द बिग बिलियन डेज सेल जहां आठ दिन तक चलेगी, वही अमेजन इंडिया की ग्रेट इंडियन फेस्टिवल सेल करीब एक महीने तक चलेगी। अमेजन के प्रवक्ता ने रविवार को कहा, 'हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता ग्राहकों का विश्वास और विक्रेताओं तथा विशेष रूप से लाखों छोटे विक्रेताओं और पूरे भारत में हजारों स्थानीय दुकानदारों का हित है। हम अपने भागीदारों, छोटे व्यवसायों और ग्राहकों के लिए नए-नए प्रयोग करना जारी रखेंगे और वे आगामी त्योहारी सीजन के लिए तैयार हैं। उन्होंने कि अमेजन इंडिया की ग्रेट सेल अब तीन अक्टूबर, 2021 से शुरू होगी।

## कॉरपोरेट कार्यालय की समूह की कंपनियों को प्रबंधकीय, नेतृत्वकारी सेवाओं पर 18% जीएसटी लगेगा

**नई दिल्ली।** किसी कंपनी के कॉरपोरेट कार्यालय द्वारा विभिन्न राज्यों में पंजीकृत अपने समूह की कंपनियोंनिर्माण स्थलों पर दी गई प्रबंधकीय या नेतृत्वकारी सेवाओं को सेवाओं की आपूर्ति माना जाएगा और इन पर 18 प्रतिशत का माल एवं सेवा कर (जीएसटी) लगेगा। अग्रिम निर्णय प्राधिकरण (एएआर) की महाराष्ट्र पीठ ने यह व्यवस्था दी है। बी जी शिर्के कंस्ट्रक्शन टेक्नोलॉजी प्राइवेट लि. ने एएआर से संपर्क कर यह जानना चाहा था कि पंजीकृत कॉरपोरेट कार्यालय द्वारा अपने समूह की कंपनियों को प्रबंधकीय और नेतृत्वकारी सेवाओं की आपूर्ति को क्या सेवाओं की आपूर्ति माना जाएगा। इसके अलावा उसने पूछा था कि क्या पंजीकृताकॉरपोरेट कार्यलय द्वारा अपने समूह की कंपनियों से वसूली गई एकमुश्त राशि पर जीएसटी लगेगा। महाराष्ट्र एएआर ने इस पर फैसला देते हुए व्यवस्था दी कि कॉरपोरेट कार्यालय द्वारा समूह की




कंपनियों को दी गई प्रबंधकीय या नेतृत्वकारी सेवाओं को सेवाओं की आपूर्ति माना जाएगा और इनपर जीएसटी लगेगा। एएमआरजी एंड एसोसिएट्स के वरिष्ठ भागीदार रजत मोहन ने कहा कि इस फैसले का मतलब है कि अंतर-कंपनी सेवाओं पर 18 प्रतिशत का अतिरिक्त जीएसटी देय होगा। उन्होंने कहा कि इस फैसले से बहु-स्थलों पर कंपनियों के नेटवर्क के जरिए परिचालन करने वाली कंपनियों पर व्यापक प्रभाव पड़ेगा। मोहन ने कहा कि इस तरह की प्रशासनिक और नेतृत्वकारी सेवाओं के लिए मासिक या तिमाही आधार पर सही गणना सभी बड़े कॉरपोरेट घरानों के लिए चुनौती होगा।

## क्विक न्यूज

### एचडीएफसी बैंक ग्रामीण क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति बढ़ाएगा, 2500 लोगों की नियुक्ति करेगा

**मुंबई।** निजी क्षेत्र के सबसे बड़े ऋणदाता एचडीएफसी बैंक ने रविवार को कहा कि वह ग्रामीण इलाकों में अपनी पहुंच को दोगुना कर दो लाख गांव तक करेगा। इसके लिए बैंक ने अगले छह माह में 2,500 लोगों की नियुक्ति करने का फैसला किया है। बैंक ने कहा कि उसका लक्ष्य अगले 18-24 महीनों में शाखा नेटवर्क, व्यापार प्रतिनिधियों, सीएससी (साझा सेवा केंद्रों), भागीदारों, आभासी संबंध प्रबंधन और डिजिटल पहुंच मंचों के जरिए ग्रामीण क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति को दोगुना करने का है। इससे पहले रविवार को ही वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बैंकों की पहुंच पर निराशा व्यक्त करते हुए उनसे अपनी उपस्थिति को और अधिक बढ़ाने के लिए कहा था। एचडीएफसी बैंक के समूह प्रमुख (वाणिज्यिक और ग्रामीण बैंकिंग) राहुल शुक्ला ने कहा, भारत के ग्रामीण और अर्द्धशहरी बाजारों में बैंक ऋण का विस्तार कम है। वे भारतीय बैंकिंग प्रणाली के लिए स्थाई दीर्घकालिक विकास के अवसर पेश करते हैं। शुक्ला ने कहा कि आगे चलकर बैंक का सपना देश के हर पिनकोड में अपनी सेवाएं उपलब्ध कराना है।

### भारतीय कंपनियों की राय, महामारी की वजह से संकट प्रबंधन क्षमता में सुधार की जरूरत : सर्वे

**नई दिल्ली।** सलाहकार कंपनी पीडब्ल्यूसी इंडिया के एक सर्वेक्षण के अनुसार 90 प्रतिशत से अधिक भारतीय कंपनियों का मानना है कि कोविड-19 महामारी की वजह से संकट से प्रबंधन की क्षमता को बेहतर करने की जरूरत महसूस हुई है। पीडब्ल्यूसी के वैश्विक संकट सर्वेक्षण 2021- इंडिया इनसाइट्स में लगभग 59 प्रतिशत भारतीय उद्यमियों ने स्वीकार किया कि कोरोना वायरस महामारी से प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। सर्वेक्षण से यह भी पता चला है कि भारत की 80 प्रतिशत से अधिक कंपनियां महामारी के बाद पहले ही प्रौद्योगिकी में निवेश कर चुकी है। सर्वेक्षण में कहा गया, वैश्विक स्तर पर कार्यकारियों की तुलना में भारतीय कार्यकारी महामारी के प्रभावों का आकलन करने और उन्हे अमल में लाने की अपनी क्षमता के बारे में काफी अधिक आश्वस्त थे। भारत के 92 प्रतिशत संगठनों ने कहा कि वे महामारी के प्रभावों का आकलन करने को लेकर आश्वस्त है जबकि वैश्विक स्तर पर केवल 75 प्रतिशत ने यह बात कही है। भारतीय कंपनियों की प्रतिक्रियाएं काफी हद तक पीडब्ल्यूसी के वैश्विक संकट सर्वेक्षण 2021 के समग्र परिणामों के अनुरूप थी। पीडब्ल्यूसी ने बताया कि इस सर्वेक्षण में दुनिया भर के 2,800 से अधिक प्रतिभागियों की राय ली गई।

### टीवीएस मोटर अगले दो साल में दोपहिया, तिपहिया वाहनों की पूरी श्रृंखला पेश करेगी, ईवी गाड़ियों पर नजर

**नई दिल्ली।** चेन्नई स्थित टीवीएस मोटर कंपनी अगले दो वर्षों में पांच से 25 किलोवॉट तक क्षमता वाले इलेक्ट्रिक दोपहिया और तीन पहिया वाहनों की पूरी श्रृंखला पेश करेगी। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा की टीवीएस देश के उभरते इलेक्ट्रिक वाहन क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए तैयार है। टीवीएस ने पारंपरिक इंजन वाहनों पर निवेश जारी रखने के साथ ही अपने इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) कारोबार पर।,000 करोड़ रुपए का निवेश किया है। टीवीएस मोटर कंपनी के संयुक्त प्रबंध निदेशक सुदर्शन वेणु ने कहा, हम ईवी को लेकर उत्साहित है। हम ईवी क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए क्षमता और उत्पादों के निर्माण में निवेश कर रहे हैं। हमारा मानना है कि यह खंड तेजी से बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि कंपनी नए इलेक्ट्रिक वाहनों के विकास पर 500 से अधिक इंजीनियरों की एक टीम के साथ।,000 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश कर रही है। वेणु ने कहा, हमारे पास एक पूरी श्रृंखला होगी, जिसे हम अगले दो वर्षों के दौरान यात्री और मालवहन (खंड) में पांच से 25 किलोवॉट तक क्षमता वाले दोपहिया और तिपहिया मॉडल पेश करेंगे।

### चिप संकट से नए उत्पादों में विलंब, जोखिम से निपटने के उपाय कर रहे हैं : सिएमा

**नई दिल्ली।** घरेलू उपकरण और उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग सेमीकंडक्टर और चिप के संकट से जूझ रहा है। उद्योग के निकाय उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स एवं उपकरण विनिर्माता संघ (सिएमा) ने कहा कि यह संकट न केवल 2022 तक बना रहेगा बल्कि इसके 2023 तक भी जाने की आशंका है। सिएमा के अध्यक्ष कमल नंदी ने कहा कि कई विनिर्माता अपने उत्पादों में सामग्री के रूप में चिप का इस्तेमाल करते है। चिप के संकट से उनकी क्षमता प्रभावित हो रही है। इससे नए उत्पादों की पेशकश में भी विलंब हो रहा है। नंदी ने कहा कि चिप की कमी और लौह उत्पाद बढ़ने से क्षेत्र में कीमतों में आई गिरावट के प्रभाव समाप्त हो गया है। उन्होंने कहा कि सेमीकंडक्टर और अन्य इलेक्ट्रॉनिक कलपुर्जो की कमी की वजह से थोड़े समय के लिए कंट्रोलर की कमी हो सकती है।

# सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1.56 लाख करोड़ रुपए बढ़ा

भाषा। नई दिल्ली

**सेंसेक्स की** शीर्ष 10 कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से।,56,317.17 करोड़ रुपए का इजाफा हुआ। इस दौरान सेंसेक्स पहली बार रिकॉर्ड 60,000 अंक के स्तर के पार गया। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स।,032.58 अंक या 1.74 प्रतिशत के लाभ में रहा। शुक्रवार को सेंसेक्स ने इतिहास बनाया और यह पहली बार 60,000 अंक के स्तर को पार कर गया। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 58,671.55 करोड़ रुपए बढ़कर 15,74,052.03 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। बृहस्पतिवार को दिन में कारोबार के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 16 लाख करोड़ रुपए के आंकड़े को पार कर गया था।

समीक्षा



सप्ताह के दौरान इन्फोसिस का बाजार मूल्यांकन 30,605.08 करोड़ रुपए बढ़कर 7,48,032.17 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। बजाज फाइनेंस को 22,173.04 करोड़ रुपए का लाभ हुआ और उसका बाजार मूल्यांकन 4,70,465.58 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज की बाजार हैसियत 15,110.63 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी के साथ 14,32,013.76 करोड़ रुपए रही। इसी तरह एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 10,142 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी के साथ 8,86,739.86 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। भारती एयरटेल की बाजार हैसियत 6,068.69 करोड़ रुपए के उछाल के साथ 4,05,970.66 करोड़ रुपए पर पहुंच गई। हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार पूंजीकरण 4,863.65 करोड़ रुपए की बढ़त के साथ 6,44,199.18 करोड़ रुपए रहा। समीक्षाधीन सप्ताह में कोटक महिंद्रा बैंक का बाजार मूल्यांकन 4,254.75 करोड़ रुपए बढ़कर 4,01,978.75 करोड़ रुपए पर और एचडीएफसी का 2,523.56 करोड़ रुपए के उछाल से 5,13,073.85 करोड़ रुपए रहा। आईसीआईसीआई बैंक की बाजार हैसियत।,904.22 करोड़ रुपए बढ़कर 5,01,080.90 करोड़ रुपए रही। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, इन्फोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एचडीएफसी, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फाइनेंस, भारती एयरटेल और कोटक महिंद्रा बैंक का स्थान रहा।

## 470 बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की लागत 4.37 लाख करोड़ रुपए बढ़ी

भाषा। नई दिल्ली

**बुनियादी ढांचा** क्षेत्र की 150 करोड़ रुपए या इससे अधिक के खर्च वाली 470 परियोजनाओं की लागत में तय अनुमान से 4.37 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। देरी और अन्य कारणों की वजह से इन परियोजनाओं की लागत बढ़ी है। सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय 150 करोड़ रुपए या इससे अधिक लागत वाली बुनियादी ढांचा क्षेत्र की परियोजनाओं की निगरानी करता है। मंत्रालय की अगस्त, 2021 की रिपोर्ट में कहा गया है कि इस तरह की।,718 परियोजनाओं में से 470 की लागत बढ़ी है, जबकि 560 परियोजनाएं देरी से चल रही हैं। रिपोर्ट में कहा गया है, इन।,718 परियोजनाओं के क्रियान्वयन की मूल लागत 21,99,181.52 करोड़ रुपए थी, जिसके बढ़कर 26,36,710.50 करोड़ रुपए पर पहुंच जाने का अनुमान है। इससे पता चलता है कि इन परियोजनाओं की लागत 19.90 प्रतिशत या 4,37,528.98 करोड़ रुपए बढ़ी है। रिपोर्ट के अनुसार, अगस्त, 2021 तक इन परियोजनाओं पर 12,52,298.40 करोड़ रुपए खर्च हो चुके हैं, जो कुल अनुमानित लागत का 47.49 प्रतिशत है। हालांकि, मंत्रालय का कहना है कि यदि परियोजनाओं के पूरा होने की हालिया समयसीमा के हिसाब से देखें, तो देरी से चल रही परियोजनाओं की संख्या कम होकर 373 पर आ जाएगी। रिपोर्ट में 871 परियोजनाओं के चालू होने के साल के बारे में जानकारी नहीं दी गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि देरी से चल रही 560 परियोजनाओं में 96 परियोजनाएं एक महीने से 12 महीने की, 128 परियोजनाएं 13 से 24 महीने की, 210 परियोजनाएं 25 से 60 महीने की और 126 परियोजनाएं 61 महीने या अधिक की देरी में चल रही हैं। इन 560 परियोजनाओं की देरी का औसत 46.94 महीने है। इन परियोजनाओं की देरी के कारणों में भूमि अधिग्रहण में विलंब, पर्यावरण और वन विभाग की मंजूरियां मिलने में देरी और बुनियादी संरचना की कमी प्रमुख हैं।

## राजस्थान की सोजत मेहंदी को जीआई का दर्जा मिला

**नई दिल्ली।** राजस्थान की सोजत मेहंदी को सरकार से भौगोलिक संकेतक (जीआई) का दर्जा मिला है। जीआई दर्जा उत्पाद के निर्माताओं को उच्च मूल्य प्राप्त करने में मदद करता है और कोई अन्य निर्माता अपने उत्पादों के विपणन के लिए इस नाम का इस्तेमाल नहीं कर सकता। राजस्थान के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की सचिव मुग्धा सिन्हा ने पीटीआई-भाषा से बातचीत में कहा, सोजत मेहंदी के लिए जीआई का दर्जा किसानों, एमएसएमई उद्योग, कारीगरों और उपभोक्ताओं के लिए समान रूप से फायदे की बात है। हम इसके हर्बल कॉस्मेटिक और औषधीय उपयोगों को देखते हुए इसका निर्यात बढ़ाने के लिए इसका लाभ उठा सकते हैं। एक निश्चित भौगोलिक क्षेत्र से उत्पन्न होने वाले कृषि, प्राकृतिक या निर्मित उत्पाद (हस्तशिल्प और औद्योगिक सामान) के लिए एक जीआई दर्जे का उपयोग किया जाता है। आमतौर पर यह दर्जा नाम, गुणवत्ता और विशिष्टता का आश्वासन देता है।

# पेज एक का शेष

## चुनाव से...

है और शिक्षित होने के कारण समाज में अच्छी पहुंच भी है। धर्मवीर प्रजापति एमएलसी हैं और ओबीसी जाति का प्रतिनिधित्व करते है। वर्ष 2002 में पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ में वह प्रदेश के महामंत्री बने, इसके बाद दो बार वे प्रदेश संगठन में मंत्री का दायित्व संभाले जनवरी 2019 में उन्हें माटी कला बोर्ड का अध्यक्ष बनाया गया। प्रजापति कुम्हार समाज में अच्छी पकड़ होने की वजह से इन्हें मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है।

## चार नेताओं...

सदस्य है। इस तरह वर्तमान में उच्च सदन की पांच सीटें रिक्त हैं। गत लोकसभा चुनाव में भाजपा की सहयोगी रही निषाद पार्टी के अध्यक्ष संजय निषाद पिछले दिनों खुद को आगामी विधानसभा चुनाव में उप मुख्यमंत्री पद के दावेदार के तौर पर पेश करने की मांग को लेकर चर्चा में थे। उनका दावा है कि उनकी पार्टी प्रदेश में 160 विधानसभा सीटों पर निर्णायक भूमिका अदा करने वाली निषाद बिरादरी की एकमात्र प्रतिनिधि पार्टी है।निषाद पार्टी ने वर्ष 2017 विधानसभा की 72 सीटों पर डॉक्टर अयूब अंसारी की अगुवाई वाली पीस पार्टी के साथ मिलकर चुनाव लड़ा था, मगर उसे भदोही जिले की ज्ञानपुर सीट के रूप में एकमात्र सफलता मिल सकी थी। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के प्रभारी बनाए गए केंद्रीय मंत्री व भाजपा नेता धर्मेंद्र प्रधान ने पिछले शुक्रवार को वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव के लिए निषाद पार्टी के साथ गठबंधन का ऐलान किया था।

## पंजाब में...

संगठन में स्थान दिया जाएगा। रावत ने कहा कि यह कवायद युवा चेहरों को लाने और सामाजिक तथा क्षेत्रीय संतुलन बनाने के लिए किया गया है। उपमुख्यमंत्री बनाए गए सुखजिंदर सिंह रंधावा और ओपी सोनी ने सोमवार को शपथ ली थी। पंजाब में मुख्यमंत्री समेत कुल 18 विधायक मंत्रिपरिषद में शामिल हो सकते हैं और अब एक पद भी रिक्त नहीं है। इससे पहले, राज्य के कांग्रेस नेताओं के एक वर्ग ने पार्टी की प्रदेश इकाई के प्रमुख सिद्धू को पूर्व मंत्री राणा गुरजीत सिंह को शामिल किए जाने के खिलाफ पत्र लिखकर आरोप लगाया था कि वह ‘भ्रष्ट और दागी’ हैं। नेताओं ने यह भी मांग की थी कि इसके बजाय दलित वर्ग के ‘बेदाग’ छवि के किसी नेता को मंत्री बनाया जा सकता है। पत्र की प्रति मुख्यमंत्री को भी भेजी गई। राणा गुरजीत सिंह को रेत खनन अनुबंधों की नीलामी में अनियमितता के आरोपों पर विपक्ष की आलोचना के बाद 2018 में मंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा था। उस समय गुरजीत सिंह के पास सिंचाई और बिजली विभाग थे।

## नक्सलियों के...

गई। सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री ने सुरक्षा स्थिति, माओवादियों के खिलाफ चल रहे अभियानों और नक्सल प्रभावित इलाकों में चल रही विकास परियोजनाओं की समीक्षा की। शाह ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में राज्यों की आवश्यकताओं, उग्रवादियों से निपटने के लिए तैनात बलों की संख्या, सड़कों, पुलों, स्कूलों और स्वास्थ्य केंद्रों के निर्माण जैसे विकास कार्यों की समीक्षा की। ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने बैठक में बताया कि उनके राज्य में माओवादी समस्या सिर्फ तीन जिलों तक सिमट गई है। बैठक में इनके प्रभाव को और कम करने पर भी चर्चा हुई। बैठक में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के जिन विकास मुद्दों पर चर्चा की गई उनमें सड़क संपर्क, लंबे समय से लंबित सड़कों के निर्माण में तेजी लाना, नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पिछले पांच वर्षों में स्थापित मोबाइल टावरों को अपग्रेड कर दूरसंचार नेटवर्क में सुधार और अधिक मोबाइल टावरों की स्थापना करने का अभियान शामिल है। केंद्र सरकार नक्सल प्रभावित जिलों में एकलव्य स्कूल स्थापित करने और सभी ग्राम पंचायतों को डाकघरों कवरेज सुनिश्चित करने की भी योजना बना रही है। इस बैठक में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव, गिरिराज सिंह, अर्जुन मुंडा और नित्यानंद राय भी बैठक में शामिल हुए। बैठक में केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला, खुफिया ब्यूरो के निदेशक अरविंद कुमार, केंद्र और राज्य सरकारों के वरिष्ठ नागरिक और पुलिस अधिकारी भी उपस्थित थे।

## तीन कृषि...

समारोह की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसके साथ ही एसकेएम ने आश्वासन दिया कि बंद से सभी आपातकालीन प्रतिष्ठानों और आवश्यक सेवाओं, जिसमें अस्पताल, मेडिकल स्टोर, राहत और बचाव कार्य और व्यक्तिगत आपात स्थिति में शामिल होने वाले लोगों को छूट दी जाएगी। बंद को स्वैच्छिक और शांतिपूर्ण तरीके किया जाएगा। कांग्रेस महासचिव (संगठन) के सी वेणुगोपाल ने रविवार को अपने ट्वीट में कहा कि कांग्रेस और उसके कार्यकर्ता सोमवार को किसान संघों द्वारा बुलाए गए शांतिपूर्ण भारत बंद को अपना पूरा समर्थन देंगे। उन्होंने कहा कि हम अपने किसानों के अधिकार में विश्वास करते हैं और काले कृषि कानूनों के खिलाफ उनकी लड़ाई में हम उनके साथ खड़े रहेंगे। वेणुगोपाल ने कहा कि सभी प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्षों, प्रमुख संगठनों के प्रमुखों से अनुरोध है कि वे देश भर में अपने शांतिपूर्ण भारत बंद में हमारे अन्नदाता के साथ सामने आएं।

## सीमा प्रबंधन...

की राह पर बढ़ सकते हैं। भारतीय राजदूत ने कहा, पिछले डेढ़ साल में इस बहुआयामी संवाद के अनुभव से मुझे यकीन हुआ है कि जब द्विपक्षीय संबंधों में तनावपूर्ण मुद्दों को हल करने की बात आती है तो हम काफी सक्षम हैं। हमारे नेताओं ने पहले भी माना है कि हमें मुद्दों पर शांतिपूर्ण तरीकों, मतभेदों को विवादों में बदलने से रोकने और सबसे महत्वपूर्ण हमारे सीमावर्ती इलाकों में शांति बनाए रखने पर काम करना चाहिए। उन्होंने कहा, सबसे पहले गोलपोस्ट बदलने से बचना चाहिए। लंबे समय से भारतीय और चीनी पक्षों ने सीमा का प्रश्न हल करने और सीमा मामलों के प्रबंधन के बीच अंतर का पालन किया है। हमारे नेताओं के बीच 1988 की समझ स्पष्ट रूप से सीमा के सवाल को अलग राह पर लेकिन समानांतर रखने को लेकर थी और शांति बनाए रखना इसकी पूर्व शर्त थी। मिसरी ने कहा कि विशेष प्रतिनिधि तंत्र, राजनीतिक मापदंडों पर समझौता और 2005 के मार्गदर्शक सिद्धांत तथा त्रिस्तरीय रूपरेखा सभी सीमा के सवाल पर काम करने के लिए बनाए गए, जिसे हमने एक जटिल और संवेदनशील मुद्दा माना जिस पर काम करने के लिए वक्त लगता है। उन्होंने कहा, सीमाओं पर तनावपूर्ण स्थिति की यह मूल वजह है। हम इसकी पैरवी करते हैं कि हमें सीमा मुद्दे को शांतिपूर्ण बातचीत से हल करना चाहिए और हम नहीं मानते कि सीमा विवाद का संबंध हमारे द्विपक्षीय संबंधों से होना चाहिए। भारतीय अधिकारी ने कहा कि इसलिए भारतीय पक्ष लगातार यह कह रहा है कि मौजूदा मुद्दा सीमावर्ती इलाकों में शांति बहाल करने को लेकर है और यह वृहद सीमा सवाल के बारे में नहीं है जिस पर पिछले साल जो हुआ, उसके बावजूद भारत का रुख बदला नहीं है।

## सुरक्षा बलों...

दो आतंकवादी मारे गए। उन्होंने कहा कि मारे गए आतंकवादियों की पहचान आजाद अहमद शाह और आबिद राशिद डार उर्फ हक्कानी के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ स्थल से दो एके-47 राइफल और एक पिस्तौल समेत हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए हैं। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार दोनों मारे गए आतंकवादी प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े थे। डार पाकिस्तान में प्रशिक्षित था और अप्रैल 2018 में वाघा सीमा के रास्ते भारत आया था। उन्होंने कहा कि पुलिस का रिकॉर्ड बताता है कि दोनों दहशतगर्द सुरक्षा प्रतिष्ठानों पर आतंकवादी हमलों की साजिश रचने और उन्हें अंजाम देने तथा आम नागरिकों को मारने में शामिल थे। डार उत्तर कश्मीर के भोले-भाले युवकों को लश्कर में शामिल करने में भी अहम भूमिका निभाता रहा था। प्रवक्ता के अनुसार दोनों आतंकी विदेशी आतंकवादियों उस्मान तथा सज्जाद उर्फ हैदर के साथ मिलकर पिछले साल जुलाई में भाजपा जिलाध्यक्ष वसीम बारी, उनके भाई और पिता की हत्या में संलिप्त थे। उस्मान और सज्जाद पिछले साल अगस्त में एक मुठभेड़ में मारे गए थे। प्रवक्ता ने कहा, इस तरह, भाजपा नेता और उनके परिवार की हत्या में संलिप्त रहे चारों आतंकवादियों को मार गिराया गया है। कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक विजय कुमार ने इस सफल अभियान के लिए पुलिस और सुरक्षा बलों की प्रशंसा की।

# जडेजा ने दिलाई केकेआर पर रोमांचक जीत

## चेन्नई का विजय अभियान जारी

**भाषा।** अबुधाबी

**रविंद्र** जडेजा ने अपने आक्रामक तेवरों का दिलचस्प नजारा पेश करते हुए रविवार को यहां आठ गेंदों पर 22 रन बनाए जिससे चेन्नई सुपर किंग्स ने कुछ विषम पलों से गुजरने के बाद कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) पर दो विकेट की रोमांचक जीत दर्ज करके इंडियन प्रीमियर लीग में अपना विजय अभियान जारी रखा।

चेन्नई के सामने 172 रन का लक्ष्य था। फाफ डुप्लेसिस (30 गेंदों पर 44 रन) और रुतुराज गायकवाड़ (28 गेंदों पर 40 रन) ने पहले विकेट के लिए 74 रन जोड़कर उसे अच्छी शुरुआत दिलाई। मोईन अली ने 28 गेंदों पर 32 रन बनाए लेकिन वह जडेजा थे जिन्होंने मुश्किल परिस्थितियों में दो चौके और दो छक्के जड़े जिससे चेन्नई ने आठ विकेट खोकर लक्ष्य हासिल किया। केकेआर ने इससे पहले नियमित अंतराल में विकेट गंवाए। उसके शीर्ष क्रम में केवल राहुल त्रिपाठी (33 गेंदों पर 45 रन) ही उपयोगी योगदान दे पाए। नितीश राणा (27 गेंदों पर नाबाद 37) और दिनेश कार्तिक (11 गेंदों पर 26 रन) के प्रयासों से केकेआर ने अंतिम तीन ओवरों में 44 रन जुटाए जिससे टीम ने छह विकेट पर 171 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। चेन्नई को अंतिम दो ओवरों में 26 रन की दरकार थी। ऐसे में जडेजा ने प्रसिद्ध कृष्णा के 19वें ओवर की आखिरी चार गेंदों पर दो छक्के और दो चौके लगाए। सुनील नारायण (41 रन देकर तीन) अंतिम ओवर करने आए जिसमें चेन्नई को चार रन चाहिए थे। नारायण ने बेहतरीन गेंदबाजी करके सैम करेन (चार) और जडेजा का आउट कर दिया लेकिन दीपक चाहर विजई रन लेने में सफल रहे। चेन्नई की यह आईपीएल बहाल होने के बाद लगातार तीसरी जीत है जिससे उसके 10 मैचों में 16 अंक हो गए हैं और वह अंकतालिका में शीर्ष



पर पहुंच गया है। केकेआर ने लगातार दो जीत के बाद हार झेली। उसके 10 मैचों में आठ अंक हैं। चेन्नई ने पावरप्ले में बिना किसी नुकसान के 52 रन बनाए। गायकवाड़ और डुप्लेसिस ने गेंदबाजों को हावी नहीं होने दिया। इयोन मोर्गन ने पावरप्ले में चार गेंदबाज आजमाए लेकिन चेन्नई की सलामी जोड़ी ने गेंद को सीमा रेखा तक पहुंचाना जारी रखा। गायकवाड़ की टाइमिंग शानदार थी। उन्होंने नारायण पर दो छक्के जड़ने के बाद आंद्रे रसेल का स्वागत भी छह रन से किया लेकिन अगली गेंद उनके बल्ले का किनारा लेकर कवर में कैच में बदल गई। उन्होंने तीन छक्कों के अलावा दो चौके भी लगाए। चेन्नई ने 11वें ओवर में 100 का आंकड़ा छुआ। इसमें मोईन का योगदान भी था जिन्होंने लॉकी फर्गुसन पर चौका और छक्का लगाकर हाथ खोले थे। गायकवाड़ की तरह डुप्लेसिस भी अर्धशतक तक नहीं पहुंच पाए। फर्गुसन ने डीप प्वाइंट पर उनका अच्छा कैच लपका। डुप्लेसिस ने सात चौके जमाए। सुनील नारायण ने अंबाती रायुडु (नौ) का ऑफ स्टंप थर्राकर चेन्नई को दबाव में ला दिया। रन नहीं बन पाने के दबाव में मोईन ने अपना विकेट गंवा दिया।

## कोहली टी-20 क्रिकेट में 10,000 रन बनाने वाले पांचवें बल्लेबाज बने

**दुबई।** विराट कोहली क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप टी-20 में 10,000 रन बनाने वाले दुनिया के पांचवें और भारत के पहले बल्लेबाज बन गए। कोहली ने रविवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की तरफ से मुंबई इंडियन्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। आरसीबी के कप्तान को इस मुकाम पर पहुंचने के लिए केवल 13 रन की जरूरत थी और उन्होंने जसप्रीत बुमराह पर छक्का जड़कर 10,000वां रन बनाया। आईपीएल के बाद आरसीबी और अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप के बाद इस प्रारूप में भारतीय कप्तानी छोड़ने की घोषणा कर चुके कोहली जल्द ही सर्वाधिक टी20 रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में चौथे स्थान पर पहुंच गए। उन्होंने डेविड वार्नर (10,019) को पीछे छोड़ा। कोहली से अधिक रन अब वेस्टइंडीज के क्रिस गेल (14,275) और कीरोन पोलार्ड (11,195) तथा पाकिस्तान के शोएब मलिक (10,808) के नाम पर दर्ज हैं।

# बेंगलोर ने मुंबई को 54 रन से हराया



**भाषा।** दुबई

**रॉयल** चैलेंजर्स बेंगलोर ने हर्षल पटेल की हैट्रिक और ग्लेन मैक्सवेल के हरफनमौला प्रदर्शन से रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग के महत्वपूर्ण मैच में पांच बार की चैम्पियन मुंबई इंडियंस को 54 रन से शिकस्त दी। कप्तान विराट कोहली के 51 रन (42 गेंद, तीन चौके, तीन छक्के) के बाद मैक्सवेल ने 56 रन (37 गेंद, छह चौके, तीन छक्के) की अर्धशतकीय पारी से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) ने छह विकेट पर 165 रन का सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया। आरसीबी के लिए फिर गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया जिसमें पर्पल कैप धारी पटेल ने हैट्रिक बनाते हुए 17 रन देकर चार विकेट झटके। उनके अलावा युजवेंद्र चहल ने 11 रन देकर तीन विकेट हासिल किए। मैक्सवेल ने शानदार बल्लेबाजी के बाद अपने चार ओवर में 23 रन देकर दो अहम विकेट झटके। इससे गत चैम्पियन मुंबई इंडियंस की टीम 18.1 ओवर में 111 रन पर सिमट गई। दिलचस्प बात है कि पटेल ने इस आईपीएल सत्र के भारत में हुए पहले चरण में मुंबई इंडियंस के खिलाफ पांच विकेट झटकने का कारनामा किया था। आरसीबी के इस जीत से 12 अंक हो गए हैं और वह तीसरे स्थान पर बरकरार है। मुंबई इंडियंस इस हार के बाद सातवें स्थान पर खिसक गई है।

मुंबई इंडियंस ने कप्तान रोहित शर्मा (28 गेंद, पांच चौके और एक छक्के से 43 रन) और विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक ने टीम को शानदार शुरूआत कराई जिससे पावरप्ले में बिना विकेट गंवाए 56 रन बना लिए थे। लेकिन अगले ही ओवर में डिकॉक (24 रन, 23 गेंद, चार चौके) चहल की लेग स्पिन के खिलाफ सतर्क होकर खेल रहे थे लेकिन वह फिर एक बार उनकी गेंद पर आउट हुए, जिनका कैच मैक्सवेल ने भागते हुए लपका। यह पांचवीं बार है जब डिकॉक चहल का शिकार हुए हैं। ईशान किशन फार्म में नहीं हैं, वह क्रीज पर थे। मैक्सवेल की गेंद को किशन ने उठाकर मारा जो सीधे दूसरे छोर पर खड़े रोहित के हाथ में लगी। इससे रोहित को काफी परेशानी हो रही थी और उन्हें फिजियो की सेवाएं लेनी पड़ी। वह बल्लेबाजी के लिए तैयार हुए पर अगली गेंद पर मैक्सवेल को विकेट दे बैठे। मुंबई का स्कोर 10 ओवर के बाद दो विकेट पर 79 रन था। फिर मुंबई इंडियंस को अब अच्छी साझेदारी की जरूरत थी लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इसके बाद टीम ने लगातार विकेट गंवाए और पूरी टीम 111 रन पर सिमट गई। चहल की गुगली कमाल कर गई जिन्होंने किशन (09) को अपना दूसरा शिकार बनाया और स्कोर हो गया तीन विकेट पर 81 रन। मैक्सवेल ने फिर कृणाल पंड्या (05) के आफ स्टंप उखाड़कर मुंबई इंडियंस का स्कोर चार विकेट पर 93 रन कर दिया। सूर्यकुमार यादव (08) के साथ क्रीज पर बल्लेबाजी करने उतरे कीरोन पोलार्ड। मैक्सवेल की गेंद पोलार्ड के पैड पर लगी और जोरदार अपील हुई, पर अंपायर के इनकार के बाद कोहली ने रिव्यू लिया जिस पर अंपायर का नॉट आउट फैसला बरकरार रहा।

## क्विक न्यूज

### चेल्सी के पूर्व गोलकीपिंग कोच लेस्ली क्लीवेली ईस्ट बंगाल से जुड़े

**कोलकाता।** इंग्लिश प्रीमियर लीग की शीर्ष टीम चेल्सी के पूर्व गोलकीपिंग कोच लेस्ली क्लीवेली को एससी ईस्ट बंगाल ने इस सत्र में अपने गोलकीपरों की मदद के लिए अनुबंधित किया है। क्लब ने रविवार को यह घोषणा की। क्लीवेली बांग्लादेश की सीनियर राष्ट्रीय टीम के साथ सफल कार्यकाल के बाद ईस्ट बंगाल के मुख्य कोच मैनुएल मनोले डियाज की कोचिंग टीम का हिस्सा बन गए है। क्लीवेली ने कहा, मुझे इस क्षेत्र में काम करने का अनुभव है। बांग्लादेश की राष्ट्रीय टीम का हिस्सा होने कारण मै लोगो की भावनाओं को भी अच्छी तरह से समझता हूं जो फुटबॉल के प्रति जुनूनी है। एससी ईस्ट बंगाल बड़ा फुटबॉल क्लब है और मुझे उसका हिस्सा बनने पर गर्व है। ईस्ट बंगाल की टीम मे अरिंदम भट्टाचार्य, शंकर रॉय और सुवम सेन के रूप में तीन गोलकीपर है।

### जेहान रूस में फार्मूला 2 चैम्पियनशिप रेस में तीसरे स्थान पर रहे

**सोच्चि।** भारत के जेहान दारूवाला रूस में रविवार को आयोजित फार्मूला 2 चैम्पियनशिप रेस मे तीसरे स्थान पर रहे। क्वालीफाइंग रेस मे दूसरे स्थान पर रहने वाले जेहान मुख्य रेस में एक स्थान खिसक गए। मौजूदा सत्र मे उन्होंने चौथी बार पोडियम (शीर्ष तीन) स्थान पर रहते हुए रेस को खत्म किया है। रेडबुल जूनियर टीम का यह ड्राइवर 96 अंको के साथ अंक तालिका मे सातवें स्थान पर है। खराब मौसम के कारण यहां दो स्प्रिंट रेसो मे से एक को रद्द कर दिया गया। ऑस्कर पेस्ट्री लगातार दूसरी बार रेस जीतने मे सफल रहे जिससे उन्होने ड्राइवरो की समग्र तालिका मे शीर्ष पायदान पर अपनी बढ़त और मजबूत कर ली।

### पीएसजी ने मोंटपेलियर को हराकर लगातार आठवीं जीत दर्ज की

**पेरिस।** फ्रेंच लीग मे शीर्ष पर चल रहे पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने शनिवार को यहां मोंटपेलियर को 2-0 से हराकर लगातार आठवी जीत दर्ज की। पार्स डेस प्रिंसेस स्टेडियम मे मिडफील्डर इदरिसा गुए ने 14वें मिनट मे पहला गोल दागा जबकि स्थानापन्न खिलाड़ी जूलियन ड्रेक्सलर ने 88वें मिनट मे पीएसजी को 2-0 से आगे कर दिया जो निर्णायक स्कोर साबित हुआ। पीएसजी की टीम एक बार फिर सुपरस्टार लियोनल मेस्सी के बिना उतरी जो घुटने मे सूजन के कारण दो मैचो मे नही खेल पाए है और मंगलवार को मैनचेस्टर सिटी के खिलाफ होने वाले चैंपियन्स लीग मुकाबले के लिए फिट होने की कोशिश कर रहे है। अन्य मैचो मे गत चैंपियन लिली ने स्ट्रेसबर्ग को 2-1 से हराया जबकि नीस ने सेंट एटीने को 3-0 से शिकस्त दी। लियोन ने लोरिएंट से 1-1 से ड्रॉ खेला।

### रीयल मैड्रिड को विलारीयाल ने गोल रहित बराबरी पर रोका

**मैड्रिड।** रीयल मैड्रिड को शनिवार को यहां स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लीगा में विलारीयाल ने गोल रहित बराबरी पर रोका जिससे टीम का लगातार पांच मैच मे जीत का क्रम भी थम गया। मौजूदा सत्र में सभी प्रतियोगिताओ मे यह पहला मौका है जब टीम किसी मैच में गोल करने में नाकाम रही। पहले सात मैचो में टीम ने 22 गोल किए जबकि उसके खिलाफ सिर्फ आठ गोल हुए। टीम ने लीग के शुरुआती छह मैचो मे 21 गोल किए थे जो 1987-88 के बाद उसका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। मैड्रिड की टीम ला लीगा में पिछले 25 मैचो से अजेय है। इस ड्रॉ के बावजूद मैड्रिड ने अंक तालिका के शीर्ष पर सेविला पर तीन अंक की बढ़त बना रखी है जिसने इस्पानयोल को 2-0 से हराया। सेविला ने हालांकि मैड्रिड से एक मैच कम खेला है।

# सानिया ने ओस्ट्रावा में सत्र का पहला खिताब जीता

**भाषा।** ओस्ट्रावा (चेक गणराज्य)

**भारत** की स्टार टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा ने सत्र का पहला खिताब जीता जब रविवार को उन्होंने और चीन की उनकी जोड़ीदार शुआई झेंग ने यहां ओस्ट्रावा ओपन के महिला युगल फाइनल में केटलिन क्रिस्टियन और एरिन रोटलिफ की जोड़ी को हराया। भारत और चीन की दूसरी वरीय जोड़ी ने अमेरिका की क्रिस्टियन और न्यूजीलैंड की रोटलिफ की तीसरी वरीय जोड़ी को खिताबी मुकाबले में एक घंटा और चार मिनट में 6-3 6-2 से शिकस्त दी। चौंतीस साल की सानिया और झेंग ने इस डब्ल्यूटीए 500 प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में इरी होजुमी और माकोतो निनोमिया की जापान की चौथी वरीय जोड़ी को सीधे सेटों में 6-2 7-5 से हराया था। सानिया सत्र में दूसरी बार फाइनल में खेल रही थी। इससे पहले उन्होंने पिछले महीने अमेरिका में क्रिस्टिना मशाले के साथ मिलकर डब्ल्यूटीए 250 क्लीवलैंड प्रतियोगिता के फाइनल में जगह बनाई थी जहां इस जोड़ी को शिकस्त का सामना करना पड़ा था।



# राजस्थान को जीत की राह पर लौटने के लिए बल्लेबाजी में सुधार की जरूरत

**भाषा।** दुबई

**राजस्थान** रॉयल्स को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदों को जीवंत रखने के लिए सोमवार को यहां तालिका में सबसे निचले पायदान पर काबिज सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ जीत की राह पर लौटना होगा। इसके लिए टीम के बल्लेबाजों को लय में चल रहे कप्तान संजू सैमसन का साथ देना होगा। राजस्थान की टीम नौ मैचों में आठ अंकों के साथ तालिका में सातवें (रविवार के मैचों से पहले) स्थान पर काबिज है जबकि सनराइजर्स हैदराबाद को नौ मैचों में सिर्फ एक सफलता मिली है और टीम प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गई है। यूएई में आईपीएल के दूसरे चरण के शुरू होने के बाद राजस्थान ने पंजाब किंग्स के खिलाफ दो रन से जीत दर्ज की जबकि शनिवार को उसे तालिका में शीर्ष पर काबिज दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 33 रनों से करारी शिकस्त मिली। दूसरी ओर



हैदराबाद की टीम को दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब के खिलाफ क्रमशः आठ विकेट और पांच रन से शिकस्त मिली। तालिका में निचले स्थान पर काबिज टीमों के मुकाबले में राजस्थान की टीम हैदराबाद के खिलाफ अपने मौकों को भुनाना चाहेगी। भारत में लीग के पहले चरण में राजस्थान ने हैदराबाद को 55 रन से हराया था। राजस्थान की गेंदबाजी इकाई ने अपने प्रभावशाली प्रदर्शन को जारी रखते हुए शनिवार को दिल्ली की मजबूत टीम को छह विकेट पर 154 पर रोक दिया था, लेकिन बल्लेबाजी विभाग में सैमसन को छोड़कर (नाबाद 70) सभी ने निराश किया।

### टीम

**राजस्थान रॉयल्सः** संजू सैमसन (कप्तान), लियाम लिविंगस्टोन, एविन लुईस, डेविड मिलर, क्रिस मॉरिस, ओशाने थॉमस, मुस्ताफिजुर रहमान, तबरेज शम्सी, ग्लेन फिलिप्स, चेतन सकारिया, रियान पराग, राहुल तेवतिया, आकाश सिंह, अनुज रावत, केसी करियप्पा , यशस्वी जायसवाल, शिवम दुबे, श्रेयस गोपाल, कार्तिक त्यागी, मयंक मार्कंडे, जयदेव उनादकट, कुलदीप यादव, महिपाल लोमरोर।

**सनराइजर्स हैदराबादः** केन विलियमसन (कप्तान), डेविड वार्नर, मनीष पांडे, शेरफेन रदरफोर्ड, ऋद्धिमान साहा, श्रीवत्स गोस्वामी, राशिद खान, विजय शंकर, मोहम्मद नबी, अभिषेक शर्मा, भुवनेश्वर कुमार, सिद्धार्थ कौल, खलील अहमद, टी नटराजन, बासिल थंपी , संदीप शर्मा, शाहबाज नदीम, अब्दुल समद, जे सुचित, जेसन होल्डर, विराट सिंह, प्रियम गर्ग, केदार जाधव, मुजीब-उर-रहमान, जेसन रॉय।

मैच शाम सात बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा।

# सीनियर खिलाड़ी के तौर पर जिम्मेदारी लेना चाहती थी

**भाषा।** मैकॉय

**भारतीय** महिला टीम की अनुभवी तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी ने रविवार को कहा कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय मैच में मिली हार के बाद यहां तीसरे और आखिरी एकदिवसीय मैच में टीम को सांत्वना भरी जीत दिलाने में अहम योगदान देने की उन्हें खुशी है। गोस्वामी ने अपने 10 ओवरों में 37 रन खर्च कर तीन अहम विकेट चटकाए और दबाव में विजई चौका लगाया। उन्हें इस प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इस 38 वर्षीय अनुभवी खिलाड़ी के बल्ले से निकले चौके ने ऑस्ट्रेलिया महिला टीम के 26 मैचों से चले आ रहे जीत के सिलसिले को रोक दिया। जीत के लिए 265 रन के लक्ष्य का पीछा करते भारत ने तीन गेंद शेष रहते आठ विकेट पर 266 रन बनाकर जीत दर्ज की। भारत की लक्ष्य का पीछा करते हुए यह सबसे बड़ी जीत है। इस जीत के बावजूद भारतीय टीम ने श्रृंखला 1-2 से गंवा दिया। झूलन ने मैच के बाद कहा, हम बस आखिर तक मैच में बने रहने और सही तरीके से खेल खत्म करने की कोशिश कर रहे थे। शुक्रवार (दूसरे एकदिवसीय में) को गेंदबाजों के लिए परिस्थितियां मुश्किल थी और आज सीनियर गेंदबाज के तौर पर मैं उदाहरण पेश करना चाहती थी। मैं नई गेंद का अच्छी तरह से इस्तेमाल करना चाहता थी। उन्होंने कहा, मुझे पता था कि मुझे विकेट मिल सकते हैं। मैंने यही किया था। मैदान में अपना सर्वश्रेष्ठ देना, सकारात्मकता बनाए रखना महत्वपूर्ण है और सीनियर खिलाड़ी के तौर में यही मैं यही करना चाहती थी।



# भारत ने आस्ट्रेलिया को तीसरे वनडे में दो विकेट से हराया

**भाषा।** मैकॉय (आस्ट्रेलिया)

**युवा** यस्तिका भाटिया के करियर के पहले अर्धशतक और सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा के साथ उनकी शतकीय साझेदारी से भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने रविवार को यहां तीसरे और अंतिम एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में आस्ट्रेलिया को दो विकेट से हराकर उसके लगातार 26 मैचों में जीत के क्रम को रोक दिया।

भारतीय महिला टीम ने श्रृंखला 1-2 से गंवा दी लेकिन क्लीनस्वीप से बचने में सफल रही। आस्ट्रेलिया के 265 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए यस्तिका ने 69 गेंद में 64 जबकि शेफाली ने 91 गेंद में 56 रन की पारी खेली। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 101 रन की साझेदारी भी की जिससे भारत ने तीन गेंद शेष रहते आठ विकेट पर 266 रन बनाकर जीत दर्ज की। यस्तिका ने अपनी पारी में नौ चौके मारे जबकि शेफाली ने सात बार गेंद को बाउंड्री के दर्शन कराए। अंत में दीप्ति शर्मा ने 30 गेंद में 31 और स्नेह



राणा ने 27 गेंद में 30 रन की पारी खेलने के अलावा सातवें विकेट के लिए 33 रन जोड़कर भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई। भारत ने 47वें ओवर में दीप्ति का विकेट गंवाया लेकिन स्नेह ने इसी ओवर में ताहलिया मैकग्रा पर लगातार तीन चौके जड़कर भारत को जीत की दहलीज पर पहुंचा दिया। निकोला कैरी ने 49वें ओवर में स्नेह को आउट किया लेकिन अनुभवी झूलन गोस्वामी (नाबाद 08) ने अंतिम ओवर की तीसरी गेंद पर सोफी मोलिन्यु के खिलाफ चौका जड़कर भारत को जीत दिला दी।

आस्ट्रेलिया की ओर से अनाबेल सदरलैंड ने 30 रन देकर तीन विकेट चटकाए। इससे पहले भारतीय गेंदबाजों ने एक बार फिर आस्ट्रेलिया को वापसी करने का मौका दिया जिससे मेजबान टीम ने नौ विकेट पर 264 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया।

आस्ट्रेलिया की टीम एक समय 25वें ओवर में चार विकेट पर 87 रन बनाकर संकट में थी लेकिन एशलेग गार्डनर (67) और पिछले मैच में शतक जड़ने वाली बेथ मूनी (52) के बीच 98 रन की साझेदारी की बदौलत वापसी करने में सफल रही। ताहलिया मैकग्रा ने भी 32 गेंद में 47 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली। भारत के लिए झूलन ने 37 रन देकर तीन जबकि पूजा वस्त्रकार ने 46 रन देकर तीन विकेट चटकाए। आस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया। टीम में वापसी कर रही राशेल हेन्स (13) और एलिसा हीली (35) ने पहले विकेट के लिए 8.1 ओवर में 41 रन जोड़कर टीम को सतर्क शुरुआत दिलाई। दूसरे वनडे में दिल तोड़ने वाली हार के बाद झूलन ने हेन्स को मिड आफ पर कैच कराके भारत को पहली सफलता दिलाई। चार गेंद बाद झूलन ने कप्तान मेग लेनिंग (00) को भी विकेटकीपर रिचा घोष के हाथों कैच करा दिया। एलिसा इसके बाद रन आउट हुई जबकि पूजा ने एलिस पैरी (26) को आउट करके आस्ट्रेलिया को चौथा झटका दिया। आस्ट्रेलिया की टीम हालांकि इसके बाद गार्डनर और मूनी के बाद साझेदारी की बदौलत वापसी करने में सफल रही।

# स्टिमक ने सैफ चैंपियनशिप के लिए 23 खिलाड़ियों की घोषणा की, उदांता की वापसी

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय** फुटबॉल टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने मालदीव में होने वाली सैफ चैंपियनशिप के लिए 23 सदस्ईय टीम की घोषणा की जिसमें बेंगलुरू एफसी के विंगर उदांता सिंह की वापसी हुई है। इसी महीने नेपाल के खिलाफ दो अंतरराष्ट्रीय मैचों से बाहर रहे उदांता ने एक से 16 अक्टूबर तक होने वाले क्षेत्रीय टूर्नामेंट के लिए टीम में जगह बनाई है।

चेन्नईयिन एफसी के विशाल कैथ को तीन गोलकीपर में जगह मिली है जबकि धीरज सिंह मोइरेंगथम टीम का हिस्सा नहीं हैं। दो अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए काठमांडू गई भारत की 25 सदस्ईय टीम में शामिल डिफेंडर आकाश मिश्रा, मिडफील्डर बिपिन सिंह और प्रणय हलधर को भी टीम में जगह नहीं मिली है। खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ सोमवार को बेंगलुरू में एकत्रित होंगे और अगले दिन मालदीव के लिए रवाना होंगे। स्टिमक और तकनीकी स्टाफ के अन्य



सदस्य उसी दिन सीधे टीम के साथ जुड़ेंगे।

चैंपियनशिप में हिस्सा लेने वाली अन्य टीमें बांग्लादेश, नेपाल, श्रीलंका और मेजबान मालदीव हैं। प्रत्येक टीम एक-एक बार एक-दूसरे से भिड़ेंगे जिसके बाद शीर्ष पर रहने वाली दो टीमें फाइनल में जगह बनाएंगी। स्टिमक ने कहा, एशिया के इस हिस्से में शीर्ष फुटबॉल टीम होने के कारण हम सैफ चैंपियनशिप को लेकर उत्साहित हैं। ए चार से पांच मैच हमारे लिए काफी महत्वपूर्ण होंगे क्योंकि इनके अलावा हमें अगले सत्र में एएफसी एशियाई कप क्वालीफायर के तीसरे दौर की शुरुआत से पहले एक साथ एकत्रित होने का मौका नहीं मिलेगा। इन मैचों से हमें अपने खेल के कुछ विभागों में सुधार करने में मदद मिलनी चाहिए। भारत ने सैफ चैंपियनशिप (पहले सार्क कप) का खिताब सात बार जीता है। भारत 1993 में लाहौर, 1997 में काठमांडू, 1999 में मडगांव, 2005 में कराची, 2009 (अंडर 23 टीम) में ढाका, 2011 में नई दिल्ली और 2015-16 में तिरूवनंतपुरम में चैंपियन बना। भारत अपने अभियान की शुरुआत चार अक्टूबर को बांग्लादेश के खिलाफ करेगा।

### भारत का ग्रुप चरण का कार्यक्रम

**चार अक्टूबरः** भारत बनाम बांग्लादेश (भारतीय समयानुसार शाम साढ़े चार बजे से)
**सात अक्टूबरः** भारत बनाम श्रीलंका (भारतीय समयानुसार शाम साढ़े चार बजे से)
**10 अक्टूबरः** भारत बनाम नेपाल (भारतीय समयानुसार रात साढ़े आठ बजे से)
**13 अक्टूबरः** भारत बनाम मालदीव (भारतीय समयानुसार रात साढ़े आठ बजे से)

### टीम

**गोलकीपरः** गुरप्रीत सिंह, अमरिंदर सिंह और विशाल कैथ।
**डिफेंडरः** प्रीतम कोटल, सेरिटन फर्नांडिस, चिंगलेनसाना सिंह, राहुल भेके, सुभाशीष बोस और मंदार राव देसाई।
**मिडफील्डरः** उदांता सिंह, ब्रेंडन फर्नांडिस, लालेंगमाविया, अनिरूद्ध थापा, सहल अब्दुल समद, जैकसन सिंह, ग्लेन मार्टिन्स, सुरेश सिंह, लिस्टन कोलासो और यासिर मोहम्मद।
**फारवर्डः** मनवीर सिंह, रहीम अली, सुनील छेत्री और फारूख चौधरी।

# भारत सुदीरमन कप में थाईलैंड से 1-4 से हारा

**भाषा।** फिनलैंड

**भारत** को रविवार को यहां सुदीरमन कप के ग्रुप ए के शुरूआती मैच में थाईलैंड से 1-4 से हार का सामना करना पड़ा जिससे उसके नॉकआउट चरण के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीद खतरे में पड़ गई है। उसके लिए केवल एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला की पुरूष जोड़ी ही एकमात्र जीत हासिल कर सकी।

पीवी सिंधू के अलावा चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी की पुरूष युगल जोड़ी भी इस मुकाबले में नहीं खेल रही थी। इससे जीत दिलाने की जिम्मेदारी सीनियर खिलाड़ी जैसे किदाम्बी श्रीकांत तथा अश्विनी पोनप्पा और एन सिक्की रेड्डी के कंधों पर थी। लेकिन श्रीकांत तथा अश्विनी और सिक्की की जोड़ी अपने मैचों में हार गए जबकि युवा मालविका बंसोद को भी महिला एकल में हार का सामना करना पड़ा। इससे तीन बार सेमीफाइनल में पहुंच चुके थाईलैंड के खिलाफ पहले तीन मैचों के बाद ही भारत का नतीजा निकल गया था। पूर्व नंबर एक श्रीकांत को तीन बार के विश्व जूनियर चैम्पियन कुनलावुत वितिदसर्ण से 50 मिनट में 9-21 19-21 से हार का सामना करना पड़ा। सिक्की और अश्विनी भी जोंगकोलफान कितिथाराकुल और राविंडा प्राजोंगजाई की दुनिया की आठवें नंबर की जोड़ी से 21-23 8-21 से हार गईं। मालविका ने पोर्णपावी चोचुवोंग के खिलाफ अपनी क्षमता का शानदार प्रदर्शन किया लेकिन उनमें विपक्षी को परेशान करने का पैनापन नहीं था जिससे वह दुनिया की 10वें नंबर की खिलाड़ी से महिला एकल में 11-21 14-21 से हार गईं। अर्जुन और कपिला ने पुरूष युगल में 147वीं रैंकिंग की सुपाक जोमकोह और किटिनुपोंग केड्रेन की जोड़ी पर 21-18 21-17 से शानदार जीत दर्ज की। पांचवें और अंतिम मैच में बी साई प्रणीत और तनीषा क्रास्टो की जोड़ी को दुनिया की तीसरे नंबर की देचापोल पुवारानुक्रोह ओर सपसिरी ताराटानचाई की जोड़ी से 13-21 11-21 से पराजय का सामना करना पड़ा। भारत अब सोमवार को गत चैम्पियन चीन से खेलेगा जिसके बाद उसका सामना बुधवार को मेजबान फिनलैंड से होगा। भारत दो बार 2011 और 2017 में टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल तक पहुंचा है।

# अमेरिकी चेतावनी का तुर्की पर असर नहीं

## ● तुर्की रक्षा संबंधी विकल्प स्वयं चुनेगा: एर्दोआन

**एपी।** इस्तांबुल

**अमेरिका** की कड़ी आपत्तियों के बावजूद तुर्की के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन ने कहा है कि वह दूसरी रूसी मिसाइल प्रणाली खरीदने पर विचार करेंगे। एर्दोआन ने कहा कि तुर्की को अपनी रक्षा प्रणाली के संबंध में स्वयं फैसला करना होगा।

उन्होंने इस सप्ताह दिए साक्षात्कार में कहा कि तुर्की को अमेरिका निर्मित पैट्रियॉट मिसाइलें खरीदने का विकल्प नहीं दिया गया था और 1.4 अरब डॉलर के भुगतान के बावजूद अमेरिका ने एफ-35 विमान मुहैया नहीं कराए। साक्षात्कार के रविवार को प्रसारित होने से पहले जारी किए गए



इसके अंशों में एर्दोआन की इन टिप्पणियों की जानकारी दी गई है। नाटो के सदस्य तुर्की को रूस निर्मित एस-400 मिसाइल रक्षा प्रणाली खरीदने के बाद एफ-35 कार्यक्रम से बाहर कर दिया गया था।

अमेरिका नाटो के भीतर रूसी प्रणालियों के उपयोग का कड़ा विरोध करता है। उसका कहना है कि यह एफ-35 के लिए खतरा है, जबकि तुर्की का कहना है कि एस-400 को नाटो प्रणाली में एकीकृत किए बिना स्वतंत्र रूप से इस्तेमाल किया जा सकता है और इसमें कोई जोखिम नहीं है। अमेरिका ने रूसी प्रभाव को कम करने के उद्देश्य से 2017 के एक कानून के तहत इस खरीदारी को लेकर तुर्की पर प्रतिबंध भी लगाए थे। एर्दोआन से जब सवाल किया गया कि क्या वह और एस-400 खरीदेंगे, तो उन्होंने कहा कि निस्संदेह, हां। उन्होंने कहा कि तुर्की रक्षा संबंधी अपने विकल्प स्वयं चुनेगा।

उन्होंने न्यूयॉर्क से रवाना होने से पहले संवाददाताओं से कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ तुर्की के संबंधों की शुरुआत अच्छी नहीं रही है। उन्होंने तुर्की की मीडिया से भी कहा कि उनका देश आवश्यकता पड़ने पर नई मिसाइल रक्षा प्रणाली खरीदेगा और वह अपनी प्रणाली भी विकसित कर रहा है। एर्दोआन रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से 29 सितंबर को मुलाकात करेंगे।

### ज्वालामुखी फटने से प्रभावित ला पाल्मा द्वीप पर हवाई अड्डे को फिर से खोला गया

ला पाल्मा **(स्पेन)**। स्पेन के ला पाल्मा द्वीप पर ज्वालामुखी फटने के बाद लावा निकलने की रफ्तार कम होने के बाद अधिकारियों ने वहां से निकाले गए कुछ लोगों को अपने-अपने घर से जरूरी सामान एकत्र करने के लिए रविवार को हवाई अड्डे को खोल दिया।

ला पाल्मा द्वीप की सरकार ने कहा कि शनिवार को ज्वालामुखी से भारी मात्रा में राख निकलने के बाद से कोई बड़ी दुर्घटना नहीं हुई है। स्पेन के विमानन प्राधिकरण ऐना ने ट्वीट किया कि रनवे पर राख जमा होने के कारण शनिवार से बंद हवाई अड्डे को परिचालन के लिए फिर से खोला गया है। हवाई अड्डा बंद होने से द्वीप से निकलने के लिए बंदरगाह पर लोगों की लंबी कतार लग गई।

ला पाल्मा द्वीप पर स्थित ज्वालामुखी उत्तर पश्चिम अफ्रीकी तट के केनरी द्वीप के ज्वालामुखी श्रृंखला का हिस्सा है और यहां करीब 85,000 लोग रहते हैं। द्वीप पर 19 सितंबर को ज्वालामुखी सक्रिय हुआ था। प्रशासन ने तुरंत कदम उठाते हुए 6,000 से ज्यादा लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया।

# तालिबान पर अमेरिका, चीन और पाकिस्तान के साथ हैं: रूस

**एपी।** संयुक्त राष्ट्र

**रूस** के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने शनिवार को कहा कि रूस, चीन, पाकिस्तान और अमेरिका यह सुनिश्चित करने के लिए एक साथ मिलकर काम कर रहे हैं कि अफगानिस्तान का नया तालिबान शासन अपने वादों को पूरा करे और विशेष रूप से एक वास्तविक प्रतिनिधि सरकार बनाने और चरमपंथ को फैलने से रोकने के लिए काम करे। सर्गेई लावरोव ने कहा कि चारों देश लगातार संपर्क में हैं।

उन्होंने कहा कि रूस, चीन और पाकिस्तान के प्रतिनिधियों ने तालिबान और धर्मनिरपेक्ष प्राधिकार वर्ग के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत करने के लिए हाल में कतर और फिर अफगानिस्तान की राजधानी काबुल की यात्रा की। धर्मनिरपेक्ष प्राधिकार में पूर्व राष्ट्रपति हामिद करजई और अब अपदस्थ हो चुकी सरकार की तालिबान के साथ बातचीत के लिए वार्ता परिषद का नेतृत्व कर रहे अब्दुल्ला अब्दुल्ला शामिल हैं। लावरोव ने कहा कि तालिबान द्वारा घोषित अंतरिम सरकार अफगान समाज की जातीय-धार्मिक और राजनीतिक ताकतों को प्रतिबिंबित नहीं करती है, इसलिए हम संपर्क में हैं जो लगातार जारी है।

तालिबान ने एक समावेशी सरकार का वादा किया है, जो पिछली बार 1996 से 2001 तक देश पर शासन करने की तुलना में इस्लामी शासन का एक अधिक उदार रूप होगा, जिसमें महिलाओं के अधिकारों का सम्मान करना, 20 साल के युद्ध के बाद स्थिरता प्रदान करना, आतंकवाद और उग्रवाद से लड़ना और हमले शुरू करने के लिए आतंकवादियों को अपने क्षेत्र का इस्तेमाल करने से रोकना शामिल है। लेकिन तालिबान के हाल के कदमों से पता चलता है कि वे खासकर महिलाओं और लड़कियों के प्रति अधिक दमनकारी नीतियों की ओर लौट रहे हैं। लावरोव ने कहा, सबसे महत्वपूर्ण यह सुनिश्चित करना है कि जिन वादों की उन्होंने सार्वजनिक रूप से घोषणा की है, उन्हें पूरा किया जाए और हमारे लिए यह सर्वोच्च प्राथमिकता है।

संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने संबोधन में और इसके बाद एक विस्तृत संवाददाता सम्मेलन में लावरोव ने अफगानिस्तान से अमेरिका की जल्दबाजी में वापसी के लिए बाइडन प्रशासन की आलोचना की। उन्होंने कहा कि अमेरिका और नाटो ने परिणामों पर विचार किए बिना... अफगानिस्तान में कई हथियार छोड़े हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे हथियारों का इस्तेमाल विनाशकारी उद्देश्य के लिए नहीं होना चाहिए। बाद में महासभा में अपने संबोधन में लावरोव ने अमेरिका और उसके सहयोगियों पर आज की प्रमुख समस्याओं को हल करने में संयुक्त राष्ट्र की भूमिका को कम करने या इसे दरकिनार करने या किसी के स्वार्थपूर्ण हितों को बढ़ावा देने का आरोप लगाया।

### इजराइली सैनिकों ने चार फलस्तीनियों को मार गिराया

**यरूशलम।** वेस्ट बैंक में आतंकवादी समूह हमास के खिलाफ गिरफ्तारी अभियान के दौरान इजराइली सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में कम से कम चार बंदूकधारी फलस्तीनी मारे गए हैं। इजराइली सेना ने यह जानकारी दी। रविवार को हुई हिंसा हालिया सप्ताहों में वेस्ट बैंक में इजराइली बलों और फलस्तीनी आतंकवादियों के बीच हुई सबसे घातक हिंसा है। यह हिंसा इस साल गाजा पट्टी में इजराइल और हमास के बीच 11 दिन तक चले युद्ध के बाद बढ़ते तनाव के बीच हुई है। फलस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि वेस्ट बैंक के उत्तरी शहर जेनिन में एक फलस्तीनी की गोली मारकर हत्या की गई जबकि उत्तरी यरूशलम के बिड्डू में तीन अन्य लोगों की मौत हुई।

इजराइल के प्रधानमंत्री नफ्ताली बेनेट ने एक बयान में कहा कि इजराइली सुरक्षा बलों ने वेस्ट बैंक में आतंकी संगठन के सदस्यों के खिलाफ अभियान शुरू किया है जो आतंकवादी हमले करने वाले थे।उन्होंने कहा कि सैनिकों ने वही किया जिसकी उनसे उम्मीद थी और सरकार ने उन्हें पूरा समर्थन दिया है।

### सैम चौथी श्रेणी के तूफान में तब्दील हुआ

**मियामी।** अटलांटिक महासागर में सैम तूफान चौथी श्रेणी के तूफान में तब्दील हो गया। यह जमीन से अभी काफी दूर है। तूफान के लिए कोई चेतावनी जारी नहीं की गई है। यह कैरिबियाई सागर में उत्तरी लीवार्ड द्वीप से करीब 1,595 किलोमीटर पूर्व-दक्षिणपूर्व में था। यह पश्चिम-उत्तरपश्चिम की ओर 13 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ रहा है। मियामी में अमेरिका के राष्ट्रीय तूफान केंद्र ने कहा कि सैम के कारण 230 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चली। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि सैम रविवार सुबह तक मजबूत हो सकता है और उसके प्रभाव से 240 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। अधिकारियों ने बताया कि तूफान से अगले हफ्ते की शुरुआत में लेसर एंटिलिस के तट पर खतरनाक लहरें उठ सकती हैं।

# दक्षिण कोरिया ने उत्तर कोरिया से वार्ता के लिए हॉटलाइन बहाल करने को कहा

**एपी।** सोल

**दक्षिण** कोरिया ने रविवार को उत्तर कोरिया से निष्क्रिय संचार हॉटलाइन बहाल करने का आग्रह किया, जिसके एक दिन बाद उत्तर कोरिया ने सशर्त वार्ता शुरू करने का प्रस्ताव दोहराया। उत्तर कोरिया छह महीने में अपना पहला मिसाइल परीक्षण करके तनाव बढ़ाने के लगभग दो सप्ताह बाद रियायतें लेने की मांग कर सकता है। उत्तर कोरिया दो बार दक्षिण कोरिया से कह चुका है कि अगर शर्तें पूरी होती हैं तो वह बातचीत के लिए तैयार है।

उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन की बहन किम यो जोंग ने शनिवार को कहा कि यदि दक्षिण कोरिया शत्रुतापूर्ण नीतियों और दोहरे व्यवहार के मानकों को छोड़ देता है, तो दोनों कोरियाई देश सुलह की दिशा में कदम उठा सकते हैं। किम जोंग की बहन को उत्तर कोरिया की सरकार में काफी प्रभावशाली माना जाता है।

किम यो जोंग ने यह नहीं बताया कि दक्षिण कोरिया को कौन से विशिष्ट कदम उठाने होंगे, लेकिन कुछ विशेषज्ञों का कहना है कि उत्तर कोरिया चाहता है कि अमेरिका के नेतृत्व वाले प्रतिबंधों से राहत पाने, सहायता प्राप्त करने, या परमाणु हथियार संपन्न देश के रूप में अंतरराष्ट्रीय मान्यता जैसी अन्य रियायतें प्राप्त करने में दक्षिण कोरिया भूमिका निभाए।

दक्षिण कोरिया के एकीकरण मंत्रालय ने रविवार को कहा कि वह किम यो जोंग के बयान को बहुत महत्व देता है क्योंकि दक्षिण कोरिया बातचीत के माध्यम से प्रायद्वीप में परमाणु निरस्त्रीकरण और शांति स्थापित करने के लिए लगातार जोर दे रहा है। सुलह की दिशा में शुरुआती कदमों पर बातचीत करने के लिए दक्षिण कोरिया के मंत्रालय के एक बयान में कहा गया है कि दोनों देशों के बीच संचार को बढ़ावा देने के लिए सीमा पार संचार लाइनों को जल्दी से सक्रिय किया जाना चाहिए।

मंत्रालय ने कहा कि सोल को उम्मीद है कि दोनों कोरियाई देश कई लंबित मुद्दों पर बातचीत फिर से शुरू कर सकते हैं। दक्षिण कोरिया का बयान दोनों प्रतिद्वंद्वियों के बीच फोन और फैक्स जैसे संचार चैनलों के एक सेट के बारे में है, जो पिछले एक वर्ष से अधिक समय से काफी हद तक निष्क्रिय हैं।

### अमेरिका के मोंटाना में ट्रेन पटरी से उतरी, तीन लोगों की मौत

**एपी।** जोपलिन **(अमेरिका)**

**अमेरिका** में सिएटल और शिकागो के बीच चलने वाली एमट्रैक कंपनी की ट्रेन शनिवार दोपहर को उत्तर-मध्य मोंटाना में पटरी से उतर गई। लिबर्टी काउंटी शेरिफ कार्यालय के एक अधिकारी के मुताबिक इस दुर्घटना में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई। ट्रेन का परिचालन करने वाली एमट्रैक कंपनी की ओर से कहा गया कि इस दुर्घटना में कई लोग घायल हुए हैं। स्थानीय समयानुसार शनिवार दोपहर करीब चार बजे एम्पायर बिल्डर ट्रेन जोपलिन कस्बे के निकट पटरी से उतर गई। हादसा जिस जगह पर हुआ वह हेलेना से 241 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में और कनाडा की सीमा से करीब 48 किलोमीटर की दूरी पर है।

# म्यामां संकट को लेकर बेबस है संयुक्त राष्ट्र संघ

**एपी।** बैंकाक

**संयुक्त** राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने पिछले हफ्ते संयुक्त राष्ट्र महासभा के उद्घाटन भाषण में म्यामां की तुलना अफगानिस्तान एवं इथियोपिया से की और कहा कि ए ऐसे मुल्क हैं जहां शांति एवं स्थिरता दूर का सपना है। गुतारेस ने सैन्य शासित इस दक्षिण पूर्व एशिया के अशांत देश के लोगों के लिए लोकतंत्र, शांति, मानवाधिकारों और कानून का शासन बहाल करने में पूरा समर्थन देने की घोषणा की। देश में आठ महीने पहले सेना द्वारा सत्ता पर कब्जा कर लेने के बाद म्यामां में लगातार हिंसा बढी है और वहां रक्त रंजित संघर्ष की स्थिति बन गई है। हालांकि संयुक्त राष्ट्र म्यामां के शासकों के खिलाफ कोई भी कार्वाई करने की स्थिति में नहीं है क्योंकि उन्हें चीन और रूस का समर्थन है।

चीन और रूस म्यामां को हथियारों की आपूर्ति कराने वालों में शीर्ष पर हैं और वहां के सैन्य शासकों के साथ इन दोनों देशों की वैचारिक सहानुभूति है। ए दोनों देश सुरक्षा परिषद के सदस्य हैं और हथियारों की आपूर्ति पर प्रतिबंध लगाने के संयुक्त राष्ट्र के किसी भी प्रयास के खिलाफ दोनों देश निश्चित रूप से वीटो करेंगे। म्यामां की सेना ने जब आंग सान सू ची की निर्वाचित सरकार को सत्ता से हटा दिया था, तब इसने दावा किया कि पिछले साल नवंबर में सू ची की पार्टी की जबरदस्त बहुमत से जीत बड़े पैमाने पर मतदान में धांधली के कारण हुई थी, हालांकि इसके पक्ष में सैन्य शासक बहुत कम साक्ष्य प्रस्तुत कर पाए।

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयुक्त मिशेल बेशलेट एव अन्य अधिकार समूहों के अनुसार, म्यामां में सेना द्वारा सत्ता हथियाने के तुरंत बाद देश भर में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए थे और सुरक्षा बलों ने इसे कुचलने की कोशिश की। इसमें करीब 1,100 लोग मारे गए हैं।

# न्यूयार्क पुलिस ने दो मृत जुड़वां शिशुओं को दफनाया

## ● घटना के सालभर बाद भी हत्यारे की तलाश जारी

## ● दफनाने से पहले सलामी दी गयी

**एपी।** न्यूयार्क

**दो नवजात** जुड़वां बच्चों के हत्यारे को ढूंढने में जुटी न्यूयार्क सिटी पुलिस ने शनिवार को उनका अंतिम संस्कार कर दिया। दोनों बच्चों की करीब एक साल पहले हत्या कर दी गई थी। ब्रांक्स अंतएष्टि स्थल पर इन अज्ञात जुड़वां भाइयों के अंतिम संस्कार में न्यूयार्क पुलिस विभाग के 20 अधिकारी शामिल हुए।

पुलिस ने बच्चों का नाम जेके और जेन रखा था। दोनों बच्चों के शवों को एक सफेद ताबूत में रखा गया था और उस पर सफेद फूल रखे गए थे। चार अधिकारियों ने ताबूत को कंधा दिया। दफनाने से पहले उन्हें सलामी दी गई। हत्या के मामलों की जांच करने वाली ब्रांक्स की इकाई के कमांडिंग अधिकारी विलियम ओ टूले ने न्यूयार्क पोस्ट से कहा कि मैंने ऐसा मामला पहले कभी नहीं देखा। कि दोनों नवजात शिशु थे, जो पूर्ण विकसित थे।

उन्हें कूड़े के बैग में रखकर मकान के पीछे चूहों से प्रभावित क्षेत्र में फेंक गया था। इन छोटे शिशुओं को कई फ्रैक्चर थे। यह देख मामले के हर जांच कर्मी को बहुत पीड़ा हुई।

ब्रांक्स की एक अपार्टमेंट बिल्डिंग के अधीक्षक को इस भवन के पिछले हिस्से में नौ नवंबर 2020 को दोनों मृत शिशु मिले थे। मेडिकल परीक्षण में सामने आया कि उनपर जबर्दस्त प्रहार किया गया था।

### हैरी और मेगन विश्व नेताओं की बैठक के बीच संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय गए

**संयुक्त राष्ट्र।** ब्रिटेन के प्रिंस हैरी और उनकी पत्नी मेगन मर्केल ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में दुनियाभर के नेताओं के जुटने के बीच विश्व निकाय के एक शीर्ष अधिकारी से शनिवार को मुलाकात की। दंपति उपमहासचिव अमीना मोहम्मद से बात करने के लिए संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय आया। बाद में ए तीनों न्यूयॉर्क के सेंट्रल पार्क में ग्लोबल सिटीजन लाइव कंसर्ट में दिखाई दिए। मेगन ने संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय से रवाना होने पर कहा कि यह शानदार मुलाकात थी। संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि मोहम्मद ने दुनियाभर में टीकों के समान वितरण को बढ़ावा देने में दंपति के प्रयासों की तारीफ की और जलवायु, महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण, युवा भागीदारी तथा मानसिक स्वास्थ्य समेत अन्य मामलों से निपटने में मदद करने के लिए उनकी सराहना की। संयुक्त राष्ट्र की वार्षिक महासभा में विश्व के नेता एकत्रित हुए हैं हालांकि शाही परिवार के दंपति ने महासभा सत्र के संबोधनों में हिस्सा नहीं लिया।

# स्विट्जरलैंड में जनमत संग्रह में समान लिंग वाले जोड़ों के विवाह को मंजूरी दिए जाने का अनुमान

**एपी।** जिनेवा

**स्विट्जरलैंड** के मतदाताओं ने संभवत: समान लिंग वाले जोड़ों को विवाह की अनुमति देने का फैसला किया है। रविवार को एक राष्ट्रीय जनमत संग्रह के बाद यह अनुमान व्यक्त किया गया। स्विट्जरलैंड के सार्वजनिक प्रसारकों के लिए जीएफएस.बर्न मतदान एजेंसी द्वारा लगाए अनुमान के अनुसार इस कदम को स्पष्ट अंतर से मंजूरी दी गई है। स्विट्जरलैंड की संसद और शासी निकाय संघीय परिषद ने सभी के लिए विवाह कदम का समर्थन किया है, और जनमत संग्रह से पूर्व सर्वेक्षण से इसके लिए ठोस समर्थन का पता चलता है। समर्थकों ने कहा कि इस कदम से समान-लिंग वाले जोड़ों को विषमलैंगिक जोड़ों के समान कानूनी अधिकार मिल सकेंगे। इसमें उन्हें एकसाथ मिलकर बच्चों को गोद लेने की अनुमति देना और समान-लिंग वाले जीवनसाथी के लिए नागरिकता की सुविधा प्रदान करना शामिल है। यह समलैंगिक जोड़ों को विनियमित शुक्राणु दान का उपयोग करने की भी अनुमति देगा।

जिनेवा के एक मतदान केंद्र पर रविवार को मतदाता अन्ना लीमग्रुबर ने कहा कि उन्होंने इसके विरोध में अपना मत डाला क्योंकि उनका मानना है कि बच्चों को एक पिता और एक मां की आवश्यकता होगी। हालांकि निकोलस डिजियरलात्का ने कहा कि उन्होंने समर्थन में वोट दिया। उन्होंने स्वीकार किया कि समलैंगिक विवाह 'तथाकथितै परंपरा के खिलाफ हैं। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि बच्चों के लिए महत्वपूर्ण बात यह है कि उन्हें प्यार और सम्मान दिया जाए, मुझे लगता है कि ऐसे बच्चे हैं जिन्हें तथाकथित विपरीत जोड़ों में सम्मान या प्यार नहीं मिलता।



न्यूयार्क में संयुक्त राष्ट्र संघ के 76वें अधिवेशन को संबोधित करते सोलोमन आइलैंड के पीएम मानासेह सोगावेर

# जब मनमोहन व ओबामा ने दावा किया कि नूई तो हमारी तरफ से हैं

**संस्मरण**

**भाषा।** वाशिंगटन

**भारतीय** मूल की अमेरिकी एवं पेप्सिको की पूर्व अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी इंद्रा नूई को अब भी 2009 में अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति बराक ओबामा एवं भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह से भेंट याद है जब दोनों ने दावा किया: वह तो हमारी तरफ से हैं।



चेन्नई में पैदा हुईं नूई (65) ने अपने संस्मरण माई लाइफ इन फुल: वर्क, फैमिली एंड अवर फ्यूचर में नवंबर, 2009 की अविस्मरणीय घटनाओं को समेटते हुए लिखा है, मैं दोनों ही दुनिया (भारत एवं अमेरिका) की हूं। नवंबर 2009 में ओबामा ने अपने पहले राजकीय भोज में सिंह की मेजबानी की थी। अगले मंगलवार को बाजार में आ रहे इस संस्मरण में नूई ने बाल्यकाल से लेकर पेप्सिको की मुख्य कार्यकारी अधिकारी बनने तक की उन घटनाओं का ब्योरा दिया है जिन्होंने उनकी जिंदगी को एक आकार प्रदान किया। वह 2018 में इस पद से सेवानिवृत्त हुईं। उन्होंने 300 से ज्यादा पन्नों की इस किताब की प्रस्तावना में लिखा है, दो दर्जन शीर्ष अमेरिकी एवं भारतीय उद्योगपतियों के साथ वााशिंगटन डीसी में घंटों की बैठक के बाद नवंबर, 2009 में मंगलवार की एक कोहरे भरी सुबह मैंने अपने आप को अमेरिका के राष्ट्रपति एवं भारत के प्रधानमंत्री के बीच खड़ा पाया।


उन्होंने लिखा है कि बराक ओबामा एवं मनमोहन सिंह हमारे ग्रुप की प्रगति के बारे में अद्यतन सूचना हासिल करने के लिए कमरे में आए तथा राष्ट्रपति ओबामा ने सिंह के सामने अपनी अमेरिकी टीम का परिचय देना शुरू किया। जब उन्होंने मेरा परिचय कराया - पेप्सिको की मुख्य कार्यकारी अधिकारी इंद्रा नूई, तब प्रधानमंत्री सिंह बोल पड़े, ओह, लेकिन वह हमारी तरफ से हैं।

नूई ने लिखा है, और राष्ट्रपति ने एक बड़ी मुस्कान के साथ जवाब दिया, लेकिन वह तो हमारी तरफ से हैं। उन्होंने पुस्तक में कहा है, यह एक ऐसा पल है जिसे मैं कभी नहीं भूलती: दो महान देशों, जिन्होंने मुझे काफी कुछ दिया।

# जर्मनी में चांसलर पद के लिए चुनाव में दोनों दलों के बीच कांटे की टक्कर

**एपी।** बर्लिन

**जर्मनी के** संसदीय चुनावों में मध्य-वामपंथी दल सोशल डेमोक्रेट्स और निवर्तमान चांसलर एंजेला मर्केल की पार्टी मध्य-दक्षिणपंथी दल यूनियन ब्लॉक के बीच कांटे की टक्कर चल रही है। यह चुनाव निर्धारित करेगा कि देश में सर्वोच्च पद पर 16 साल तक रहीं चांसलर एंजेला मर्केल का स्थान कौन लेगा। एआरडी टेलीविजन पर एक एक्जिट पोल में बताया गया कि मतदाताओं ने दोनों दलों को 25 - 25 फीसदी मत दिए हैं। यूनियन ब्लॉक की ओर से आर्मिन लास्केट चांसलर पद की दौड़ में हैं, वहीं सोशल डेमोक्रेट्स की ओर से निवर्तमान वित्त मंत्री एवं वाइस चांसलर ओलाफ शोल्ज़ उम्मीदवार हैं। जेडडीएफ



टेलीविजन पर एक अन्य एक्जिट पोल में दिखाया गया कि सोशल डेमोक्रेट्स 26 फीसदी मत पाकर यूनियन ब्लॉक से आगे हैं, जिसे 24 फीसदी मत मिले हैं। दोनों चैनलों ने पर्यावरण प्रेमी ग्रीन्स को तीसरे स्थान पर रखा है, जिन्हें करीब 15 फीसदी मत मिले हैं।

चुनाव में किसी भी दल को स्पष्ट बहुमत मिलता नहीं दिख रहा है और अगर गठबंधन की सरकार बनती है तो यह यूरोप की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देश के लिए एक लंबी एवं जटिल प्रक्रिया होगी। हाल के सर्वेक्षणों में सोशल डेमोक्रेट्स को मामूली रूप से आगे दिखाया गया है। करीब 8.3 करोड़ लोगों की आबादी वाले देश में लगभग 6.04 करोड़ लोग संसद के निचले सदन के सदस्यों को चुनने की पात्रता रखते हैं। सदस्य बाद में सरकार के प्रमुख को चुनते हैं। किसी भी पार्टी के स्पष्ट बहुमत के इर्द-गिर्द पहुंचने की उम्मीद नहीं है। कई बड़े संकटों के बीच जर्मनी को चलाने के लिए मर्केल ने प्रशंसा हासिल की है। उनके उत्तराधिकारी को कोरोनो वायरस महामारी से पार पाना होगा, जिसका अब तक जर्मनी ने बड़े बचाव कार्यक्रमों के जरिए अपेक्षाकृत अच्छे तरीके से सामना किया है।

# चीन के भारतीय छात्रों को लौटने की अनुमति नहीं देने पर भारत ने जताई निराशा

**भाषा।** बीजिंग

**भारत** ने कोविड-19 महामारी के कारण फंसे भारतीय छात्रों, कर्मचारियों और उनके परिवारों को लौटने की चीन द्वारा अनुमति देने से इनकार करने पर निराशा जताई और इसे एक विशुद्ध मानवीय मुद्दे के प्रति अवैज्ञानिक दृष्टिकोण बताया।

भारत में करीब 23,000 से अधिक भारतीय छात्र और सैकड़ों भारतीय उद्योगपति और कामगार अपने परिवारों के साथ पिछले एक साल से फंसे हुए हैं क्योंकि चीन ने कोविड-19 की स्थिति का हवाला देते हुए वीजा प्रक्रिया निलंबित कर दी है। इन छात्रों में से ज्यादातर मेडिसिन की पढ़ाई कर रहे हैं। चीन में भारत के राजदूत विक्रम मिसरी ने 23 सितंबर को चीन-भारत संबंधों पर चौथे उच्च स्तरीय ट्रैक-2 संवाद में इन फंसे हुए भारतीयों की परेशानियों का जिक्र किया। मिसरी ने कहा कि ऐसे कम जटिल मुददे जिसमें पूरी तरह से मानवीय संदर्भ होता है और जो द्विपक्षीय कूटनीतिक रुख से जुड़े नहीं होते, जैसे कि भारत में फंसे छात्रों, कारोबारियों और परिवारों को आवाजाही की अनुमति देने के प्रति अधिक संतुलित और संवेदनशील रवैया अपनाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि मैं यहां बता दूं कि भारत ने व्यापार और वाणिज्यिक संबंध जारी रखने की कोशिश की है- उदाहरण के लिए चीनी कारोबारियों को भारत आने के लिए वीजा जारी रखकर।



# स्वस्थ भविष्य के लिए

मौजूदा महामारी ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार में सार्वजनिक स्वास्थ्य पेशेवरों के लिए अनेक लाभकारी अवसर पैदा किए हैं। इनके बारे में विस्तार से बता रहे हैं **डॉ. हन्नाह जार्डन**

कोविड -19 महामारी तथा पर्यावरण के स्वास्थ्य प्रभावों व अनेक देशों में बूढ़ी होती आबादी के रूप में हम जन स्वास्थ्य में अनेक चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। इसका मतलब है कि अत्यधिक कुशल सार्वजनिक स्वास्थ्य पेशेवरों की मांग बढ़ रही है।

नई चुनौतियों के साथ जनसंख्या स्तर पर स्वास्थ्य में सुधार के अनेक अवसर आते हैं और सार्वजनिक स्वास्थ्य चिकित्सकों को महामारी विज्ञान, संचारी रोगों के नियंत्रण, आपदा प्रबंधन, प्रमुख स्वास्थ्य सेवा संगठनों और स्वास्थ्य अर्थशास्त्र सहित अनेक विषयों में ज्ञान व कौशल की एक विस्तृत श्रृंखला की आवश्यकता होती है।

प्रशिक्षण आमतौर पर स्नातकोत्तर स्तर पर किया जाता है और मास्टर कार्यक्रम हेतु प्रतिबद्ध होने से पहले अपना शोध करना महत्वपूर्ण है- सही कार्यक्रम चुनने से रोजगार अवसरों की एक विस्तृत श्रृंखला के द्वार खुल सकते हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) का सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) का प्रमुख ध्यानाकर्षण सार्वजनिक स्वास्थ्य नीति और विश्व स्तर पर प्रेक्टिस करना हैं।

**एसडीजी 3**

महामारी विज्ञान रोग के कारणों, नियंत्रण और रोकथाम में प्रभावी सार्वजनिक स्वास्थ्य अभ्यास और अनुसंधान दोनों को रेखांकित करने वाला अनुशासन है। महामारी विज्ञान की अवधारणाओं और विधियों का ज्ञान और समझ प्रभावी सार्वजनिक स्वास्थ्य अभ्यास के लिए एक बुनियादी आवश्यकता है और किसी भी अच्छे सार्वजनिक स्वास्थ्य की डिग्री का एक अनिवार्य घटक है।

स्वास्थ्य आवश्यकताओं का आंकलन करना और स्वास्थ्य संबंधी असमानताओं से निपटना भी स्थानीय, राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यों की कुंजी है। सार्वजनिक स्वास्थ्य स्नातकों को कार्यक्रम नियोजन, कार्यक्रमों की निगरानी और मूल्यांकन की समझ की आवश्यकता होती है।

स्वास्थ्य सुरक्षा सार्वजनिक स्वास्थ्य की प्रमुख आधारशिलाओं में से है। संचारी रोगों का नियंत्रण स्वास्थ्य सुरक्षा के प्रमुख कार्यों में आता है और कोविड-19 महामारी के मद्देनजर, विश्व स्तर पर स्वास्थ्य प्रणालियां अपनी नीतियों व प्रक्रियाओं का पुनर्मूल्यांकन कर रही हैं, जिसके लिए प्रतिभाशाली व कुशल सार्वजनिक स्वास्थ्य चिकित्सकों के सहयोग की आवश्यकता होती है।

सार्वजनिक स्वास्थ्य चिकित्सकों को भी क्षेत्रीय, राष्ट्रीय, जिला व सामुदायिक स्तरों पर स्वास्थ्य नीति को प्रभावित करने और उसे आकार देने के जरिए सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत करने में भूमिका निभानी होती है।

> सार्वजनिक स्वास्थ्य चिकित्सकों को भी क्षेत्रीय, राष्ट्रीय, जिला व सामुदायिक स्तरों पर स्वास्थ्य नीति को प्रभावित करने और उसे आकार देने के जरिए सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत करने में भूमिका निभानी होती है।

स्वास्थ्य नीति में करियर बनाने के इच्छुक लोगों के लिए विभिन्न स्वास्थ्य देखभाल संदर्भों में प्रबंधन तथा नेतृत्व सिद्धांतों और शैलियों को कैसे लागू किया जाए, इसकी समझ विकसित करना बेहद उपयोगी हो सकता है। सार्वजनिक स्वास्थ्य एक जटिल और बहुआयामी अनुशासन है- यह कला और विज्ञान दोनों है, और इसमें समाज के व्यापक लाभ के लिए सामाजिक परिवर्तन और स्वास्थ्य व भलाई को बढ़ावा देने की शक्ति है।

विभिन्न क्षेत्रों में योग्य सार्वजनिक स्वास्थ्य चिकित्सकों की मांग है। सूचना विश्लेषक भूमिकाओं, वरिष्ठ सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रबंधन पदों, स्वास्थ्य संवर्धन में विशेषज्ञों और स्थानीय, क्षेत्रीय व राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवाओं में सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों की मांग बढ़ रही है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर, सार्वजनिक स्वास्थ्य स्नातकों को सरकारों, स्वास्थ्य विभागों, विश्वविद्यालयों, अस्पतालों, साथ ही साथ गैर-सरकारी संगठनों में नेतृत्वकारी भूमिका निभाने, सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रम में हस्तक्षेप और मूल्यांकन में, अनुसंधान और नीति-निर्माण में उत्कृष्ट अवसर मिल सकते हैं।

यदि आप सार्वजनिक स्वास्थ्य में करियर बनाने पर विचार कर रहे हैं, तो एक ऐसे पीजी कार्यक्रम की तलाश करें जो राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय संदर्भों में सार्वजनिक स्वास्थ्य गतिविधियों की एक विस्तृत श्रृंखला को समझने और शुरू करने के लिए आवश्यक अनुसंधान, मूल्यांकन व विश्लेषणात्मक कौशल विकसित करने में आपकी सहायता करे। कुछ संस्थान उन लोगों के लिए ऑनलाइन कार्यक्रम पेश करते हैं जो काम के साथ अध्ययन को जोड़ना चाहते हैं, जबकि अन्य अधिक गहन पूर्णकालिक अध्ययन का अवसर देते हैं, जिससे केवल एक वर्ष में व्यक्ति परास्नातक हो जाता है।

सार्वजनिक स्वास्थ्य शिक्षा प्रत्यायन एजेंसी द्वारा मान्यता प्राप्त कार्यक्रमों की तलाश करें। यह ऐसी उच्च गुणवत्ता वाला कार्यक्रम सुनिश्चित करता है जो विश्व स्तर पर नियोक्ताओं की आवश्यकताओं के काफी अनुरूप बना होता है।

**(लेखक ब्रिटेन के शेफील्ड विश्वविद्यालय, यूके में स्कूल आफ हेल्थ एंड रिलेटेड रीसर्च में विश्वविद्यालय शिक्षक हैं)**

# वैश्विक अनुभव पाने के लिए आवश्यक

रिमोट इंटरनेशनल इंटर्नशिप के कई फायदे हैं। उनमें से कुछ के बारे में विस्तार से बता रहे हैं **सचिन गुप्ता**

कोरोनावायरस ने शिक्षण के पारंपरिक तरीके को बिगाड़ दिया है। बढ़ती अनिश्चितताओं के साथ शिक्षा व काम को ऑनलाइन करना नया सामान्य है और शिक्षण की खाई को पाटने का सबसे अच्छा विकल्प भी। रिमोट वर्किंग या सुदूर रहकर काम करना कैसा दिखता है? रिमोट वर्किंग से तात्पर्य किसी दूरस्थ स्थान से अंतर्राष्ट्रीय अनुभव प्राप्त करना है, वो भी बगैर कार्यालयी समय के दौरान कार्यालय में उपस्थित हुए और बगैर वैश्विक जानकारी प्राप्त किए।



सचिन गुप्ता
चांसलर, संस्कृति विश्वविद्यालय

रिमोट अंतर्राष्ट्रीय इंटर्नशिप नया सामान्य है जिसके असंख्य लाभ हैं। यह छात्रों को वैश्विक बाजार बनाने और समान विचारधारा वाले साथियों से जुड़ने में मदद करती है जो उनके भविष्य के भागीदार, हितधारक आदि हो सकते हैं, कोई भी अपने अंतरराष्ट्रीय करियर को कहीं से भी शुरू कर सकता है। अंतर्राष्ट्रीय वर्चुअल इंटर्नशिप वैश्विक अनुभव पाने में मदद कर सकती है।

**रोजगार की उच्च संभावना**

एक वैश्विक कंपनी के साथ दूरस्थ इंटर्नशिप आपको कैरियर से संबंधित कौशल प्राप्त करने में मदद करेगी जो आपको भविष्य के नियोक्ताओं के लिए मूल्यवान संपत्ति बनने में मदद कर सकती है, जैसे कि समय प्रबंधन, अंतर-सांस्कृतिक प्रवाह व आत्मानुशासन और रचनात्मकता। आपके रेज्यूमे में संज्ञानात्मक योग्यताएं होने से आपका रेज्यूमे उन्नत हो सकता है जिससे अंततः आपके रोजगार की संभावना बढ़ जाएगी।

**वैश्विक कनेक्टिविटी को बढ़ावा देती है**

रिमोट वैश्विक इंटर्नशिप में भाग लेने से आपको अपने नेटवर्क को व्यापक बनाने में मदद मिल सकती है और आपको अपने स्वयं के वैश्विक परिप्रेक्ष्य को विकसित करने और पोषित करने के लिए प्रोत्साहन मिल सकता है। आप विभिन्न देशों के वैश्विक सहकर्मी समुदाय का हिस्सा बन जाएंगे। आप नई वैश्विक आवश्यकताओं के अनुसार सीखेंगे और दूसरी संस्कृति और उनकी विशिष्ट कार्य प्रथाओं की अधिक समझ और खूबियां जान पाएंगे, कनेक्शन के माध्यम से प्रेरणा और नए विचार प्राप्त करेंगे।

**उन्नत अंतरराष्ट्रीय रोजगार-उपयोगी योग्यताएं सीखते हैं**

जैसा कि हम हर क्षेत्र के संचालन में भारी बदलाव देख सकते हैं। दुनिया भर में कई नियोक्ता अपनी पारंपरिक कार्य प्रणालियों को नए डिजिटलीकृत कार्य वातावरण में बदल रहे हैं। इसलिए, इन इंटर्नशिप में भाग लेने से आपको डिजिटल साक्षरता प्राप्त करने में मदद मिलती है। यह अंततः उन नए कौशल का निर्माण करेगी जो विश्व स्तर पर उपयोग किए जाते हैं। वीडियो कॉन्फ्रेंस में संवाद करना, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से अपना काम प्रस्तुत करना, टीम के साथ ऑनलाइन बातचीत करना आपके समग्र रोजगार कौशल को बढ़ावा देने में मदद करेगा।

**अपने करियर - लक्ष्यों को ढालें**

वर्चुअल ग्लोबल इंटर्नशिप आपके करियर लक्ष्यों में स्पष्टता ला सकती है और आपको यह चुनने में मदद करती है कि कौन सा उद्योग आपके लिए है? आपका चयनित उद्योग कैसे काम करता है? आप अपने लक्ष्यों को परिभाषित कर सकते हैं और तय कर सकते हैं कि अपना समय और प्रयास कहां और क्यों निवेश करना है।


**यात्रा का समय और खर्च बचाएं**

रिमोट इंटर्नशिप आने -जाने को खत्म कर देती है। यदि आप किसी वैश्विक शहर में विदेश में इंटर्नशिप कर रहे हैं, तो अक्सर एक घंटे या उससे अधिक समय तक आना-जाना सामान्य है। घर से काम करने से यात्रा का बड़ा खर्चा कम होता है और समय की भी बचत होती है।

# बिजनेस स्कूल

## वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बन गए

डिजिटलीकरण के कारण देश में व्यावसायिक शिक्षा को नया रूप देने की मांग बढ़ रही है। **प्रोफेसर कीर्ति शर्मा** बता रही हैं कि कैसे भारतीय बी-स्कूल छात्रों को विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनने के लिए तैयार कर सकते हैं




बहुत बार जब मैं ऑनलाइन और मुख्यधारा के प्रिंट मीडिया दोनों में व्यापार और व्यावसायिक शिक्षा से संबंधित लेखों के बारे में पढ़ती हूं, तो कुछ प्रमुख शब्द या कीवर्ड जो मेरे सामने आते हैं : वे हैं टिकाऊ, प्रभावशाली, समाज, प्रतिभा, मूल्य, पोषण, उद्यमशीलता, रचनात्मकता, विशिष्ट, उत्कृष्टता, अनुसंधान, नीति, अभ्यास, निर्णयकर्ता, नेता, प्रदर्शन, संस्कृति, डिजिटल, एआई-एम / सी शिक्षण, स्वायत्तता और डिजाइन-सोच। इसने मुझे सोचने पर मजबूर कर दिया कि एक भारतीय छात्र को विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी माहौल में प्रतिस्पर्धा करने के लिए कौन सी सामग्री और नुस्खा होना चाहिए?

यह फिर मुझे व्यवसाय की डिग्री हासिल करने के मूल सार पर वापस ले आता है। सामान्य तौर पर, अधिकांश लोगों के दो प्राथमिक लक्ष्य होते हैं, जब वे बी-स्कूल में आते हैं - "मैं अमीर बनना चाहता हूं" और "मैं दुनिया में कुछ ऐसा फर्क डालना चाहता हूं जो मायने रखता है"। वर्तमान पीढ़ी दूसरे लक्ष्य के बारे में अधिक चिंतित है, इसलिए यह भारतीय बी-स्कूलों के लिए पारंपरिक पाठ्यक्रम को समकालीन पाठ्यक्रम की ओर ले जाने के प्रति पुनर्विचार करना लगभग अनिवार्य बना देता है।

मेडिकल कॉलेजों में डॉक्टर छात्रों को पढ़ाते हैं और सीनियर पोस्ट ग्रेजुएट छात्र जूनियर को पढ़ाते हैं, इसी तरह एक लॉ स्कूल में - प्रैक्टिस करने वाले वकील उभरते वकीलों को पढ़ाते हैं। लेकिन एक बी-स्कूल में, सभी विद्वानों के पास उद्योग में प्रत्यक्ष नेतृत्व करने और निर्णय लेने का तजुर्बा नहीं होता है। इसलिए भारतीय बी-स्कूल शिक्षा व पाठ्यक्रम में इन चुनौतियों का समाधान करने की आवश्यकता है। मैं भारतीय बी-स्कूलों के लिए निम्नलिखित छह समाधान प्रस्तावित करना चाहती हूं ताकि उनके छात्रों को विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनने के लिए तैयार किया जा सके, जहां भविष्य प्रौद्योगिकी और नवाचार द्वारा आकार दिया गया हो।

**प्रौद्योगिकी केन्द्रित :** बी-स्कूलों के पास अब कार्यात्मक पाठ्यक्रमों में प्रौद्योगिकी से संबंधित विषय नहीं रखने का विकल्प नहीं है। हम एड-टेक, हेल्थ-टेक, एचआर-टेक, फिन-टेक आदि के युग में जी रहे हैं। जैसा कि हम प्रौद्योगिकी की बढ़ती व्यापकता को देखते हैं, इसे बी-स्कूल में मार्केटिंग, वित्त, संचालन, रणनीति, अर्थशास्त्र, सार्वजनिक नीति और निश्चित रूप से सूचना प्रबंधन जैसे समस्त कार्यात्मक डोमेन में कटौती करनी चाहिए।

**उद्योग-संस्थान आप्लावन (इमर्शन) :** व्यावहारिक नेतृत्व या निर्णय लेने का अनुभव नहीं रखने वाले शिक्षक की सीमा का समाधान करने के लिए, पाठ्यक्रम को अनिवार्य ग्रीष्मकालीन-इंटर्नशिप के अलावा इस हस्तक्षेप की अनुमति देनी चाहिए। इससे उन्हें विभिन्न समस्याओं से अवगत होने और उनके विश्लेषणात्मक कौशल में सुधार करने में भी मदद मिलेगी।

**इनक्यूबेशन सेंटर :** एक जीओआई एमएसएमई इन्क्यूबेशन योजना है जिसके तहत वे संस्थानों को उद्यमिता और प्रबंधकीय कौशल विकसित करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करते हैं। बी-स्कूल नए उत्पादों व विचारों को नया करने का अवसर प्रदान कर सकते हैं। वास्तव में इसे "स्वतंत्र अध्ययन के पाठ्यक्रम" के रूप में पेश किया जा सकता है और इसका आकलन किया जा सकता है। यह छात्रों को स्वयं सीखने और विकास यात्रा-पथ तैयार करने की स्वतंत्रता देगा।

**बूट कैंप :** हमने टेक्नोलॉजी बूटकैंप्स को नियोक्ताओं के बीच लोकप्रिय होते देखा है। आज लगभग हर कंपनी टेक्नोलॉजी कंपनी बनती जा रही है। इसलिए बी-स्कूलों को उत्पाद विकास, मूल्य निर्माण, वितरण मॉडल जैसी शिक्षण अवधारणाओं के पारंपरिक तरीकों को बदलने हेतु उनमें विशिष्ट कौशल पर ध्यान केंद्रित करने वाले बूट शिविरों को शामिल करना चाहिए। इसलिए वे बी-स्कूल, जो पाठ्यक्रमों की विस्तृत श्रृंखला में कुछ बूट शिविरों की पेशकश कर सकते हैं, अपने छात्रों के लिए एक प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त बनाएंगे क्योंकि मूल्यांकन मानदंड के कारण इनकी पवित्रता होगी और पूरा होने पर डिग्री का हिस्सा होंगे।

**एआई-डेटा साइंस फोकस :** बैंकों, रेस्तरां, सरकारी कार्यालय से लेकर अस्पतालों तक हर व्यवसाय में किसी न किसी तरह की तकनीक अत्याधुनिकता होती है। इसलिए, भारतीय बी-स्कूलों को विपणन, वित्त, संचालन व रणनीति के कार्यात्मक डोमेन में कुछ इनपुट शामिल करना चाहिए। ऐसे कुछ विषयों में शामिल होना चाहिए : आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग एप्लिकेशन, ब्लॉक-चेन, साइबर-सुरक्षा, ई-कॉमर्स कार्यान्वयन, नवाचार आदि। फील्ड पाठ्यक्रमों को शामिल किया जाना चाहिए जहां विशिष्ट उद्योग में प्रवेश लेने के इच्छुक छात्र एफएमसीजी की उत्पादन इकाइयां या चिकित्सा उपकरण, बैंक, रिफाइनरी, बिजली कंपनी जैसे उद्योगों में वास्तविक समस्याओं और प्रौद्योगिकी के उपयोग को समझ सकते हैं।

**विशिष्ट विकल्प :** बिजनेस स्कूलों को वैश्विक योग्यता-मांग के अनुसार नए समकालीन विकल्प पेश करने चाहिए जैसे कि मार्केटिंग और वित्त में मशीन लर्निंग एप्लिकेशन में विकल्प, ब्लॉक-चेन सर्विस, हेल्थकेयर मार्केटिंग, फूड इनोवेशन, रियल एस्टेट प्रबंधन और निजी इक्विटी प्रबंधन और भारत के साथ व्यापार करना।

इस डिजिटल युग में भारत में व्यावसायिक शिक्षा को नया रूप देने की मांग बढ़ रही है। दुनिया की लगभग एक तिहाई आबादी जेन जेड या जूमर्स पीढ़ी है। ये भविष्य के कार्यबल और नेता भी हैं। छात्रों के लिए वैश्विक प्रतिस्पर्धा में बढ़त बनाने के लिए बी-स्कूलों को सिर्फ विज्ञापन और छात्रवृत्ति से परे ध्यान केंद्रित करना चाहिए। नए मार्गों का निर्माण करने के लिए साहस की आवश्यकता होती है, जो विभिन्न बी-स्कूलों के लिए उनकी क्षमताओं, संसाधनों और स्थान के मुताबिक भिन्न हो सकते हैं। लेकिन डिजिटल तकनीक के कारण यह असंभव नहीं है। भारत को एक फायदा यह है कि हम समूची आर्थिक गतिविधियों के बीच में हैं। भारत के साथ व्यापार करना यूरोप और अमेरिका के सभी समर-स्कूलों में एक लोकप्रिय पाठ्यक्रम है। छात्रों के पास प्रतिस्पर्धा में बढ़त होनी चाहिए क्योंकि वे वहीं बैठे हैं, यह देखने के लिए कि भारत में व्यवसाय कैसे बढ़ रहा है, भारत में नए महारथी कैसे जन्म ले रहे हैं। इसलिए, भारतीय बी-स्कूलों के पास सबसे महत्वपूर्ण लाभों में से एक यह है कि वे वहीं स्थित हैं जहां कार्रवाई होती है। यह सही समय है जब बिजनेस स्कूलों को प्रासंगिक बने रहने के लिए क्रांतिकारी नवाचारों की आवश्यकता है।

**- लेखक एमडीआई गुरुग्राम में एमडीआई मार्केटिंग हैं।**

# सुनहरे कार्यक्रम का लाभ उठाएं

तथाकथित गोल्डन वीजा कार्यक्रम, जो निवेश के जरिए निवास अधिकार प्रदान करते हैं, विदेशी नागरिकों को यूरोपीय देश में कानूनी आवास प्राप्त करने की अनुमति देते हैं जिसके बाद वे कुछ शर्तों के पूरा होने पर उस देश की नागरिकता प्राप्त करते हैं। इन कार्यक्रमों में देश के निवेश लक्ष्यों को पूरा करने के लिए विशिष्ट परिसंपत्तियों व अधिकार क्षेत्र में पूंजी निवेश की आवश्यकता होती है। निवेश आमतौर पर अचल संपत्ति या विनियमित निवेश कोष में करना होता है। ये कार्यक्रम भारतीयों को तेजी से आकर्षक करते जा रहे हैं क्योंकि वे अनेक ऐसे लाभों के द्वार खोलते हैं जो अन्यथा भारतीय नागरिकों की पहुंच में नहीं आते हैं। हालांकि भारत से इन कार्यक्रमों की निरंतर मांग की गयी है, लेकिन कोविड -19 महामारी ने संपन्न भारतीयों को इस मार्ग पर पहले से अधिक गंभीरता से विचार करने के लिए प्रेरित किया है। अपनी भावी पीढ़ियों में निवेश के बतौर, धनी, महत्वाकांक्षी व उद्यमशीलता से प्रेरित समाज इन निवेश कार्यक्रमों के जरिए रेजीडेंसी में निवेश करता है। वे अपनी अगली पीढ़ी के लिए अधिक गतिशीलता व वैश्विक व्यापार पहुंच के बीज बोते हैं ताकि भारत को एक अर्थव्यवस्था के रूप में मजबूत और गौरवमयी बनाया जा सके। 2020 की वैश्विक धन प्रवासन रिपोर्ट के अनुसार, 7000 से अधिक भारतीय एचएनडब्ल्यूआई विदेशों में निवेश करने के इच्छुक थे। भारतीयों के लिए, शिक्षा, रोजगार, व्यावसायिक संभावनाओं, पुरस्कारों, बुनियादी ढांचे, जीवन की गुणवत्ता आदि के उच्च कथित मूल्य पश्चिम में प्रवास हेतु आकर्षक विक्रय बिंदु रहे हैं। उपलब्ध निवेश प्रवास विकल्पों में से, उपमहाद्वीप में यूरोपीय कार्यक्रम एक तीव्रता से बढ़ती मांग बन गए हैं। एक प्रतिष्ठित रिपोर्ट के अनुसार 2020 में, निवेश कार्यक्रमों द्वारा यूरोपीय निवास से संबंधित भारतीयों की पूछताछ में 62 प्रतिशत की वृद्धि हुई और जिसमें से 30 प्रति की वृद्धि उल्लेखनीय स्तर पर मई 2021 के उपरांत रही। सही भी है, क्योंकि 500 साल पहले, पश्चिम अधिक व्यापार के लिए पूर्व की ओर देखता था। यह प्रवृत्ति अब उलट रही है जब पूरब, चीन और भारत सहित पश्चिम में अधिक व्यापार की तलाश में है। इस तरह के व्यापार ने चीन को 30 साल से कम समय में संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोपीय संघ के बराबर बना दिया है। और इसमें कोई शक नहीं कि भारत को वैश्विक प्रभुत्व के लिए भी यही रास्ता अपनाना चाहिए।

**आकर्षण**-अपना यूरोपीय गोल्डन वीजा हासिल करने वाले निवेशक यूरोपीय नागरिकता पाने का अपना रास्ता खोल लेते हैं। यह निवेशक और उनके परिवार के सदस्यों को -जहां चाहे वहां रहने, काम करने और सेवानिवृत्त होने के लिए - यूरोपीय संघ के समस्त 27 देशों तक की आसान पहुंच उपलब्ध कराता है। निवेशक के बच्चे अपनी पसंद के किसी भी यूरोपीय संघ के देश में यात्रा करने, अध्ययन करने, बसने और काम करने के लिए स्वतंत्र हैं। भारतीयों के लिए, यूरोपीय संघ गर्मजोशी भरा और




स्वागत करने वाला है, और बुलंदियों की प्राप्ति का एक रणनीतिक भागीदार है। यूरोपीय संघ में व्यापक रूप से अंग्रेजी भाषा बोली जाती है और प्रत्येक देश संयुक्त राज्य अमेरिका के विपरीत संस्कृति और विशिष्ट विरासत का प्रतिनिधित्व करता है। भारतीय प्रवासियों और स्थानीय भारतीय दूतावासों द्वारा भारतीय भोजन, संस्कृतियों व उत्सवों को मनाया जाता है। उनके साथ हुई हमारी बातचीत के अनुसार, उदाहरण के लिए, साइप्रस में भारतीय डायस्पोरा के लिए भारतीय उच्चायोग अन्य बातों के अलावा, समुदाय-संचालित उत्सव समारोहों को प्रोत्साहित करता है और उनकी व्यवस्था करता है। अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए यूरोप में एक समृद्ध, अद्वितीय विरासत है। पुर्तगाल, ग्रीस, स्पेन, फ्रांस या इटली का दौरा करते समय आमतौर पर कोई भी चकित रह जाता है। भारत की तरह, यूरोप का इतिहास 2000 वर्षों से भी अधिक पुराना है, पुनः, संयुक्त राज्य अमेरिका के विपरीत। संस्कृति से लेकर कुछ बेहतरीन विश्वविद्यालयों तक, बिना या कम लागत पर सुलभ - रेजीडेंसी कार्यक्रमों में निवेश करने से उन्हें अन्य से आगे रहने की अनुमति मिलती हैं। यूरोप के स्वर्ण वीवीएसए कार्यक्रम भी अन्य की तुलना में काफी ज्यादा सस्ते हैं, और कम समय लेने वाले भी हैं।

**आवश्यकता**-गोल्डन वीजा कार्यक्रम की आवश्यकताएं आवेदन किए जाने वाले देश के आधार पर भिन्न होती हैं। उदाहरण के लिए, पुर्तगाल गोल्डन वीजा, जो वर्तमान में भारतीय नागरिकों के बीच सबसे लोकप्रिय है, के लिए कम से कम पांच लाख यूरो की संपत्ति की खरीद करनी या कम से कम साढ़े तीन लाख यूरो के विनियमित निवेश कोष में निवेश करने की आवश्यकता होती है।

स्पेन, पुर्तगाल या ग्रीस जैसे देश अचल संपत्ति, वैकल्पिक निवेश कोष, कंपनियों, सरकारी बांडों और विशिष्ट उद्योगों में विदेशी पूंजी निवेश करके निवास प्रदान करते हैं। इसके विपरीत, स्विट्जरलैंड, इटली और ऑस्ट्रिया जैसे यूरोपीय संघ के देशों को अधिक सक्रिय निवेश विधियों की आवश्यकता होती है, जैसे कि रोजगार के अवसर पैदा करना।

पुर्तगाल गोल्डन वीजा, यूरोपीय नागरिकता पथ पर चलने के सबसे आसान तरीकों में से एक है। निवेश के अलावा, व्यक्ति को धन के स्रोत की वैधता, स्वच्छ आपराधिक रिकॉर्ड, और निर्दिष्ट निवेश अवधि के लिए खुद को और अपने आश्रितों को बनाए रखने की क्षमता को साबित करनी होगा। आवेदकों को पुर्तगाल में रहने और काम करने व 5 साल बाद नागरिकता के लिए आवेदन करने का पूरा अधिकार है। न्यूनतम ठहरने की शर्तें बहुत ही संतुलित हैं और सालाना केवल सात दिनों में प्राप्त की जा सकती हैं।

**प्रक्रिया**-अधिकांश प्रक्रियाएं अब डिजिटल रूप से पूरी हो गई हैं। हालांकि, निराशा से बचने के लिए आवेदन प्रक्रिया में मदद करने हेतु एक विश्वसनीय निवेश सलाहकार और आव्रजन वकील को बनाए रखने की सलाह दी जाती है। आवेदन और अनुमोदन प्रक्रिया आमतौर पर छह से नौ महीने के भीतर पूरी हो जाती है। आवेदन के अनुमोदन के बाद, निवेशक को बायोमेट्रिक निवास परमिट प्राप्त होता है, जो फिर कुछ शर्तों को पूरा करने पर नागरिकता प्राप्ति की ओर ले जाता है।

**वैधता**-अलग अलग देशों की अलग अलग वैधता है। हालांकि नवीनीकरण प्रक्रिया विशुद्ध रूप से प्रशासनिक है, मगर नवीनीकरण यह जांचने का प्रयास करता है कि निवेश नियमों के अनुसार किया जा रहा है और परमिट प्राप्त करने पर इसका परिसमापन नहीं किया गया है। पुर्तगाली और स्पेनिश परमिट हर 2 साल में नवीनीकृत किए जाने चाहिए, जबकि ग्रीक और साइप्रस परमिट हर 5 साल में नवीनीकृत किए जाने चाहिए।

**- लेखक आशीष सराफ एरीथा कैपिटल पार्टनर्स के संस्थापक और सीईओ हैं।**